संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, गुरूवार, 23 मई 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive


बीकानेर में किस तरह की गर्मी पड़ रही है, इसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि बीएसएफ के जवानों ने रेत पर पापड़ सेंके हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 09 अंकः 141 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group




# सपा सरकार के गुंडाराज का हुआ सफाया: मोदी

### पांच चरणों के चुनाव में देश में मोदी सरकार पक्की : नरेन्द्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**बस्तीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बस्ती में तीन लोकसभा क्षेत्रों बस्ती, संतकबीरनगर और डुमरियागंज से भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील की। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इन क्षेत्रों ने हम पर भरोसा किया है। इसलिए मैं आपके भरोसे को टूटने नहीं दूंगा। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कांग्रेस और सपा को आरक्षण विरोधी बताया और पांच चरणों में ही मोदी सरकार बनने का दावा किया। उप्र में सपा सरकार के गुण्डाराज का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस मैदान में मैं पहले भी आया हूं लेकिन आज का दृश्य इससे पहले कभी नहीं देखा। इस चिलचिलाती धूप में खड़े लोगों से क्षमा मांगते हुए कहा कि मेरी व्यवस्था छोटी पड़ गयी। जनता से मुखातिब मोदी ने कहा कि आपकी तपस्या का बेकार नहीं जाने दूंगा। इसका कई गुना करके वापस करूंगा। देश में पांच चरणों के चुनाव हो गए हैं। इन्हीं चरणों ने मोदी सरकार पक्की कर दी है। इंडी गठबंधन पता नहीं क्या-क्या आंकड़ा बता रहा है। उन्हें याद नहीं रहता कि आज क्या बोल रहे हैं, दो दिन पहले क्या बोला था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को वोट देना निरर्थक है। आपका वोट बर्बाद हो जाए, यहां का कोई मतदाता नहीं चाहेगा।



#### जो डराना चाहते हैं भारत उन्हें बख्सेगा नहीं: मोदी

**मोदी** ने कहा कि सपा-कांग्रेस के लोग कहते हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है। आज भारत में कांग्रेस की कमजोर सरकार नहीं है। आज मोदी सरकार है। भारत किसी को डराना नहीं चाहता, लेकिन जो हमें डराना चाहते हैं उन्हें बख्सेगा नहीं। उन्होंने कहा कि आज का भारत घर में घुस कर मारता है।

#### कांग्रेस ने संविधान खत्म करने की कोशिश की: मोदी

**पीएम** ने कहा कि कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान खत्म करने की कोशिश की।
पीएम ने कहा कि बिहार के पिछड़े नेता सीताराम केसरी कांग्रेस के अध्यक्ष थे। मैडम सोनिया ने उन्हें बाथरूम में बंद कर दिया। खुद अध्यक्ष बन गयीं। सपा तो हमेशा दलित विरोधी रही है।

# बंगाल: 2010 के बाद जारी किए गए ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को कलकत्ता हाईकर्ट से बुधवार को एक और झटका लगा है। हाईकोर्ट ने तृणमूल सरकार द्वारा जारी राज्य के सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट ने बुधवार को कहा कि फैसला सुनाए जाने के बाद रद्द किए गए प्रमाणपत्र का इस्तेमाल किसी भी रोजगार प्रक्रिया में नहीं किया जा सकता है। हाईकोर्ट के इस आदेश के परिणामस्वरूप करीब पांच लाख ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए गए। हालांकि, साथ ही हाईकोर्ट ने कहा, इस प्रमाणपत्र के जिन उपयोगकताओं को पहले ही मौका मिल चुका है, उन पर इस फैसले का असर नहीं होगा।



हालांकि, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को विशेष रूप से तृणमूल सरकार का उल्लेख नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि 2010 के बाद जारी किए गए सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए जाएंगे।

# भाजपा-कांग्रेस पर चुनाव आयोग सख्त

#### निर्देश

▶▶ नड्डा-खरगे को चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस; चुनाव प्रचार में मर्यादा बनाए रखने को कहा



**टीम एक्शन इंडिया**


**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के बीच राजनीतिक दलों के नेताओं की बयानबाजी का सिलसिला भी जारी है। चुनाव आयोग द्वारा लगातार ऐसे मामलों पर कार्रवाई भी की जा रही है। इस बीच चुनाव आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को निर्देश दिए हैं। दोनों नेताओं से कहा गया है कि अपने स्टार प्रचारकों को कोई भी बयान देते समय सावधानी बरतने और मर्यादा बनाए रखने के निर्देश दें।

**चुनाव आयोग ने भाजपा को दिए सख्त निर्देश** चुनाव आयोग द्वारा चुनाव प्रचार के गिरते स्तर को देखते हुए ये आदेश दिए गए हैं। आयोग ने जाति, समुदाय, भाषा और धर्म के आधार पर प्रचार करने के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों को आड़े हाथों लिया। आयोग ने भाजपा को निर्देश दिए हैं कि पार्टी के नेता अपने भाषणों के दौरान धार्मिक और सांप्रदायिक बयानबाजी न करें।

# नई सरकार को आरबीआई से मिलेगा 2.11 लाख करोड़ का चेक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** आम चुनाव 2024 के परिणामों के बाद देश में बनने वाली नई सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से बड़ा तोहफा मिलेगा। केंद्रीय बैंक के बोर्ड ने पहली बार सरकार को लाभांश के रूप में 2.11 लाख रुपये देने का फैसला किया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार की बैठक में वित्त वर्ष 2024 के लिए केंद्र सरकार के लिए 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश को मंजूरी दी, जो वित्त वर्ष 23 की तुलना में लगभग 141 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय वर्ष 2023 में केंद्रीय बैंक ने केंद्र सरकार को अधिशेष के रूप में ?87,416 करोड़ ट्रांसफर किए थे। मुंबई में बुधवार को आयोजित केंद्रीय बोर्ड की 608वीं बैठक के दौरान केंद्रीय बैंक के निदेशक मंडल ने दृष्टिकोण के जोखिम सहित वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य पर विचार-विमर्श किया।



#### भरेगा खजाना

▶▶ बैंक के बोर्ड ने पहली बार सरकार को लाभांश के रूप में 2.11 लाख रुपये देने का फैसला किया

# उफ ये गर्मी: बीकानेर में 47 डिग्री पार पहुंचा

**टीम एक्शन इंडिया**

**बीकानेरः** देश में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। कई जगहों पर तापमान 44 डिग्री के पार पहुंच चुका है। आलम ये है कि गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल है। ऐसे में राजस्थान से एक ऐसी वीडियो सामने आई है, जिसे देखकर आप चौंक जाएंगे। बीकानेर में किस तरह की गर्मी पड़ रही है, इसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि बीएसएफ के जवानों ने रेत पर पापड़ सेंके हैं।

# सातवें चरण में 199 दागी, 299 करोड़पति

**टीम एक्शन इंडिया**

**देश में** लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के पांच चरण पूरे हो चुके हैं। बाकी दो चरणों के लिए मतदान 25 मई और 1 जून को कराए जाएंगे। सातवें दौर के नामांकन की सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। इस बीच, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सातवें चरण में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया है। इस चरण में कुल 904 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं जिनके शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है। एडीआर ने जारी किए एक विश्लेषण में बताया है कि सातवें चरण में 904 उम्मीदवारों से 199 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं 299 उम्मीदवार करोड़पति हैं।

**उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि :** 904 में से 199 (22 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 151 (17 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 13 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर दोषसिद्ध मामले घोषित किए हैं। चार उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या (आईपीसी-302) से जबकि 27 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ हत्या के प्रयास (आईपीसी-307) से जुड़े मामले घोषित किए हैं।

महिलाओं के ऊपर अत्याचार से जुड़े मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार 13 हैं। इन 13 में से दो उम्मीदवारों के ऊपर दुष्कर्म (आईपीसी-376) से जुड़ा मामला दर्ज है। इसके अलावा, भड़काऊ भाषण से जुड़े मामले घोषित करने वाले कुल 25 उम्मीदवार हैं।

**दलवार आंकड़े क्या हैं?**

एडीआर ने सातवें चरण में उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामले दलवार आंकड़े जारी किए हैं। टीएमसी के नौ में से सात, सपा के नौ में से सात, माकपा के आठ में से पांच, शिअद के 13 में से आठ, भाजपा के 51 में से 23, कांग्रेस के 31 में से 12, आप के 13 में से पांच, बीजद के छह में से दो, भाकपा के सात में से दो और 56 में से 13 में बसपा के उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है।



#### रिपोर्ट

▶▶ सातवें चरण में 199 दागी, 299 करोड़पति

▶▶ पांच सबसे अमीर उम्मीदवारों में कंगना



# नौतपा में नौ दिन पड़ेगी भीषण गर्मी और लू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** इस बार मई की भीषण गर्मी और लू तो परेशानी का सबब बन ही रही है, नौतपा भी चौंकाएगा। इस मौसम के सबसे गर्म माने जाने वाले इन नौ दिनों में भी चिलचिलाती धूप और लू का दौर जारी रहने के आसार हैं। तापमान भी 45-46 डिग्री के आसपास बना रहेगा। मौसम विभाग अभी से अलग-अलग दिनों के लिए येलो, ऑरेंज और रेड अलर्ट जारी कर रहा है। गौरतलब है कि शनिवार यानी 25 मई से सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश कर जाएगा और नौ दिन यानी दो जून तक इसी में रहेगा। इस दौरान धरती पर सूर्य की गर्मी का ताप बढ़ता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, नौतपा के शुरूआती पांच दिन तापमान आए दिन बढ़ने की संभावना रहती है।

**गर्मी की तपिश**

**वैसे सूर्य रोहिणी नक्षत्र में 15 दिनों तक रहता है, लेकिन नौतपा शुरूआती नौ दिनों को ही कहा जाता है**

**भीषण गर्मी पड़ने के आसार:** कहा जाता है कि इन दिनों सूर्य सबसे अधिक बलवान रहता है, जिससे भीषण गर्मी पड़ती है। वैसे सूर्य रोहिणी नक्षत्र में 15 दिनों तक रहता है, लेकिन नौतपा शुरूआती नौ दिनों को ही कहा जाता है।

**क्या कहता है ज्योतिष विज्ञान**

ज्योतिष विज्ञान की मानें तो नौतपा का वर्षा से सीधा संबंध होता है। नौतपा के दौरान गर्मी जितनी भीषण होती है, बरसात भी उतनी ही अच्छी होती है। नौतपा में सूर्य की तेज किरणें सीधे धरती पर पड़ती हैं,



जिससे धरती का तापमान तेजी से बढ़ता है। अधिक गर्मी पड़ने के कारण मैदानी क्षेत्रों में निम्न दबाव का क्षेत्र बन जाता है, जिससे समुद्र की लहरें आकर्षित होती हैं। इसी के परिणामस्वरूप अच्छी बरसात की संभावना बनती है।

**इस बार की स्थिति नहीं ठीक:** मौसम विभाग का भी मानना है कि इन नौ दिनों में धरती जितनी ज्यादा गर्म रहती है, वर्षा भी उतनी ही अच्छी होने की संभावना होती है। लेकिन इस बार की स्थिति पिछले सालों की तुलना में अलग है। मालूम हो कि 2023 में नौतपा के दौरान वर्षा भी देखने को मिल गई थी तो 2022 में इस दौरान लू ही नहीं चली थी।

**मई में कितना रहता है तापमान**

आमतौर पर मई में उत्तर पश्चिमी, पूर्वी और उत्तरी तथा दक्षिणी भारत में अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री तक पहुंचता है। मध्य भारत में यह 46 से 47 डिग्री तक चला जाता है। तीन से चार बार लू का प्रकोप भी देखने को मिल जाता है।

**गर्मी दिखा रही अपना रौद्र रूप:** मौसम विज्ञानियों के अनुसार, इस बार गर्मी अपना रौद्र रूप दिखा रही है। कोई पश्चिमी विक्षोभ न आने, वर्षा न होने व आसमान साफ होने से झुलसा देने वाली धूप भी मानो कहर बरपा रही है। तापमान और सूखे दोनों ने हाल बेहाल कर रखा है। भीषण गर्मी के साथ साथ लू ने भी खासी हालत खराब कर दी है।

**राहत मिलने के कोई आसार नहीं:** स्काईमेट वेदर का पूर्वानुमान है कि अभी जून के पहले सप्ताह तक भीषण गर्मी वाली स्थिति ही बनी रहेगी। राहत मिलने की कोई भी संभावना कम ही है। दूर-दूर तक न अभी कोई पश्चिमी विक्षोभ नजर आ रहा है, न ही कोई धूल भरी आंधी और गर्जन वाले बादल ही बनने के आसार हैं। एनसीआर के साथ साथ ही हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बंगाल तक में भी कमोबेश यही स्थिति रहेगी।

**नौतप में वैसी ही बनी रहेगी स्थिति:** पश्चिमी विक्षोभों के अभाव में इस साल मैदानी क्षेत्रों में खासी गर्मी पड़ रही है। तापमान तो सामान्य से अधिक चल ही रहा है, लू वाली स्थिति भी बनी हुई है। अभी अगले 10-12 दिन तक इसमें बदलाव की कोई संभावना नहीं लग रही। कहने का मतलब यह कि नौतपा में इस बार उसी स्तर की गर्मी पड़ने की संभावना है, जिसके लिए यह जाना जाता है। -महेश पलावत, उपाध्यक्ष (मौसम विज्ञान एवं जलवायु परिवर्तन), स्काईमेट वेदर

## स्वाति प्रकरण: कांग्रेस का बोलना ठीक नहीं: शशि थरूर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई बदसलूकी मामले में राजनीति खत्म नहीं हो रही। अब इस मामले में कांग्रेस सांसद शशि थरूर का बयान सामने आया है। सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर का कहना है कि स्वाति मालीवाल प्रकरण पर आम आदमी पार्टी के नेता लगातार बयान दे रहे हैं। वे लोग मामले से भी भली भांति परिचित हैं। उन्हें पूरी पृष्ठभूमि भी मालूम है। ऐसे में हमारे कुछ बोलने की जरूरत ही नहीं रह जाती। शशि थरूर ने यह भी कहा कि भाजपा इस मुद्दे को बार-बार उठाकर देश के अन्य बड़े मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहती है।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2) (ii) Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुरेन्द्र उर्फ रॉकी, पुत्र: श्री सुरेश कुमार, पता:** मकान नं. 5803, गली नं. 15, सिंघाड़ा चौक, नबी करीम, दिल्ली ने **FIR No. 137/2020, U/s 379/411 IPC, थाना: सदर बाज़ार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेन्द्र उर्फ रॉकी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेन्द्र उर्फ रॉकी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 137/2020, U/s 379/411 IPC, थाना: सदर बाज़ार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुरेन्द्र उर्फ रॉकी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव गोयल
महानगर दण्डाधिकारी
कमरा नंबर 247, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6088/N/2024
(Court Matter)


## कमरे में जमीन पर पड़ा मिला मिला युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद :** विजयनगर के अंबेडकरनगर में शुभम(23) नाम के युवक की मंगलवार को भारी वस्तु से वार करके हत्या कर दी गई। शव कमरे में जमीन पर पड़ा मिला जबकि कमरे का ताला लगा हुआ था। शुभम अपने साथी प्रेम के साथ सौदान सिंह के मकान में किराए पर रहता था। दोनों एक निजी कंपनी में नौकरी करते थे। घटना के बाद से प्रेम फरार है। शक है कि उसी ने भारी वस्तु से वार कर हत्या की है। मामले में मकान मालिक सौदान सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया है। दोनों बनारस के पास भदोही के सिखेड़ी के रहने वाले हैं। इसी मकान में रहने वाली आसमीन का कहना है कि प्रेम मंगलवार शाम करीब चार बजे बैग लेकर हड़बड़ाहट में भागता हुआ नजर आया है। सौदान सिंह ने पुलिस को बताया कि प्रेम ने उनके बेटे हिमांशु से मंगलवार सुबह पांच हजार रुपये पेटीएम में लिए थे और शाम को नकद लौटाने की बात कही थी। वह उनके पांच हजार रुपये लेकर भी भाग गया। सौदान ने बताया कि उनका बेटा ऊपर गया तब पता चला कि शुभम लहूलुहान हालत ने जमीन पर पड़ा है। उनके बेटे ने ताला तोड़कर देखा और पुलिस को सूचना दी।

**जांच जारी**

**शव कमरे में जमीन पर पड़ा मिला जबकि कमरे का ताला लगा हुआ था। किराए पर रहता था**

## ग्रेटर नोएडा में बिजली कटौती से परेशान लोग पहुंच गए थाने, दो रात से कार में रात बिताने को थे मजबूर

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा।** भीषण गर्मी के सितम के बीच लोगों को बिजली कटौती का भी सामना करना पड़ रहा है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बिजली संकट कम नहीं हो रहा है। पिछले तीन दिनों में यह समस्या और गंभीर होती जा रही है। लोगों को बिजली कंपनी के प्रबंधन से निराशा हाथ लग रही है।

**बिजली कटौती से परेशान लोग पहुंचे कोतवाली**

देर रात बिजली कटने के दौरान प्रबंधन की ओर से बैकअप नहीं मिलने से नाराज श्री राधा स्काई गार्डन सोसायटी के निवासी देर रात बिसरख कोतवाली पहुंचे। प्रबंधन पर क्षमता के अनुसार पावर बैकअप के लिए डीजी (डीजल जनरेटर) नहीं होने लिखित शिकायत की बिसरख पुलिस को दी है। गौरव पटेल एवं समीर कपूर ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से श्री राधा स्काई गार्डन सोसायटी में बिजली एवं डीजल जेनरेटर बैकअप की भारी किल्लत है। एनपीसीएल की बिजली हर रोज ठप हो रही है। इस दौरान प्रबंधन के डीजी सेट से बैकअप भी नहीं मिल पाता है।

**बिल्डर पर केस दर्ज कराने के लिए की शिकायत**

श्री राधा स्काई गार्डन सोसायटी के लोगों ने बिल्डर के खिलाफ केस दर्ज कराने की लिखित शिकायत दी। दरअसल लोगों का आरोप है कि बिल्डर ने खरीदारों से बिजली ढांचे को पूरा करने के लिए एडवांस में पैसा लिया हुआ है। इसके बाद भी लोगों की संख्या के हिसाब से बैकअप क्षमता आधी है। बिजली कटौती होने पर डीजी सेट भार नहीं झेल पा रहा है।


**भारतीय रेल**

भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)

सं. 2024/आरएस(डब्ल्यूटीए)-149/टेंडर/552 नई दिल्ली, दिनांक: 22.05.2024

**बोक्सएन वेगन के व्हील्स (सॉलिड फॉज्ड व्हील्स या कास्ट व्हील्स) की खरीद के लिए दिनाँक 25.06.2024 को खोली जाने वाली ई-वैश्विक निविदा सं.डब्ल्यूटीए-552**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से ड्रॉइंग सं. डब्ल्यू/डब्ल्यूएल-4764 ऑल्ट 9 से बोक्सएन वेगन या ड्रॉइंग सं. डब्ल्यूएपी/एसके/एम-153 ऑल्ट ओ से कास्ट व्हील के लिए सॉलिड फॉज्ड व्हील की खरीद हेतु इलैक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेज़ों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई-बोलियां जमा करने के लिए http://ireps.gov.in वेबसाइट देखें। विषयगत निविदा के अन्य शुद्धिपत्र केवल वेबसाइट http://ireps.gov.in पर अपलोड किया जाएगा और प्रिंट मीडिया में अपलोड नहीं किया जाएगा।

निदेशक, रेल भंडार (एम)
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड), रेल भवन, रायसीना रोड,
1552/24 नई दिल्ली-110001 ई-मेल आईडी-drsm@rb.railnet.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-टेन्डर नं.: पी आर वाई जे -सिग-203-2023-24 दिनांक: 18.05.2024

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर / समन्वय / प्रयागराज द्वारा ई-टेण्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये **खुली निविदा, ई-निविदा** में वर्णित खुलने के दिनांक को **12.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।**

**निविदा नं.:** पी आर वाई जे - सिग-203-2024-25 | **अनुमानित मूल्य :** ₹ 7411326.12

**कार्य का विवरण:** प्रयागराज मंडल के चंदारी, चकेरी एवं रूमा स्टेशनों पर सरसौल-चन्दारी सेक्शन में लगे हुए सीमेन्स (वेस्ट्रेस) मेक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलाकिंग सिस्टम का छत्तीस माह के लिये समग्र (काम्प्रेहेन्सिव) अनुरक्षण अनुबन्ध।

**बिड सिक्योरिटी:** ₹ 148200/-, **कार्य समापन की अवधि:** 36 माह, **निविदा खुलने की तिथि:** 18.06.2024

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता:** निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **निविदा खुलने का समय, तिथि तथा स्थान:** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को **12.30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जाएगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जाएगी। **895/24 (A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR


## ग्रेटर नोएडा में घर बनाने का मौका, यमुना अथॉरिटी ला रही आवासीय प्लॉट

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा:** यमुना प्राधिकरण एक बार फिर छोटे आकार के आवासीय प्लॉट की योजना निकालने जा रहा है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद अगले माह में यह योजना निकाली जाएगी। इसके साथ ही योजना में बड़े आकार के प्लॉट भी शामिल होंगे। यमुना प्राधिकरण में आवासीय संपत्ति की मांग साल दर साल बढ़ती जा रही है। इस मांग को पूरा करने के लिए प्राधिकरण ने एक बार फिर 60 व 90 वर्गमीटर के प्लॉट की योजना निकालने का फैसला किया है। इससे पहले प्राधिकरण ने 2018 में छोटे आकार के प्लॉट की योजना निकाली थी। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि छोटे आकार के प्लॉट की योजना से मध्य वर्ग की आवासीय जरूरत को पूरा करने में मदद मिलेगी। प्राधिकरण ने अधिकतर आवासीय प्लॉट योजना 120 वर्गमीटर से लेकर चार हजार वर्गमीटर तक के प्लॉटों की निकाली हैं। छोटे प्लॉटों के साथ प्राधिकरण तीन सौ वर्गमीटर से लेकर चार हजार वर्गमीटर के प्लॉट की योजना भी निकालेगा। इसमें 450 प्लॉट शामिल होने होने की संभावना है। प्राधिकरण ने चालू वित्त वर्ष में विभिन्न प्लॉट योजना से 1200 से 1300 करोड़ रुपये पंजीकरण राशि के रूप में जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यमुना प्राधिकरण ने लोकसभा चुनाव की आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले संस्थागत, कामर्शियल, फ्यूल स्टेशन, होटल, मैरिज होम आदि की प्लॉट योजना निकाली थी। चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण इन योजनाओं की ई नीलामी नहीं हो पाई है। प्राधिकरण ने जून में ई नीलामी का कार्यक्रम तय कर दिया है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदो के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 08243901 | के एल सी आर (कि लॉक प्रोविंग रिले) वर्किंग | 561 नग | 17.06.2024 |
| 02 | 19240805 | स्फेरी ब्लॉक फॉर टार्क ए आर एम/एक्सल | 4440 नग | 24.06.2024 |
| 03 | 19240321 | पिनियन शाफ़्ट 21 टीथ | 544 नग | 24.06.2024 |
| 04 | 19240699 | एन आई सी डी बैटरी सेट | 21 सेट | 01.07.2024 |
| 05 | 19240610 | सेट ऑफ़ सी आर यू बेयरिंग फॉर टी एम | 525 सेट | 01.07.2024 |
| 06 | 07241085 | लोवर स्प्रिंग बीम अरेंजमेंट | 165 नग | 08.08.2024 |
| 07 | 07243651 | स्टेनलेस स्टील टरौह फ्लोर | 486 नग | 13.08.2024 |
| 08 | 19240696 | मेमब्रेन्स फॉर हर्थ कॉपलिंग | 918 नग | 19.08.2024 |
| 09 | 19240795 | हाई वोल्टेज बुशिंग | 11 नग | 23.09.2024 |

**निविदा शर्तें 1.** विस्तृत जानकारी **IREPS** वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।
**2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं- 16/2024-2025 दिनांक : 22.05.2024 1542/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या-ETrU-T-16-2023-24-02**

वरि. मंडल. विधुत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदाये आमंत्रित करते है। इन निविदाओ को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शायी गई तिथि को 15:00 बजे तक **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किया जा सकता है इनको 15:00 बजे के उपरान्त तत्काल खोला जायेगा।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा बंद/खुलने की तिथि | लगभग लागत | धरोहर राशि | कार्य पूरा करने की अवधि | वैधता अवधि | टेण्डर फॉर्म की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ETrU-T-16-2023-24-02 | 25 केवी एसी 50 हर्टज़ ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग के संबंध में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत यमुनानगर जगाधरी, अंबाला सिटी, मोहाली, कालका और पटियाला रेलवे स्टेशन पर 12.00 मीटर चौड़े एफओबी का प्रावधान हेतु कार्य। | 13.06.2024 | ₹ 1,10,57,429.57/- | ₹ 2,05,300/- | 06 महीने | 45 दिन | Downloading through IREPS portal-NIL (₹5,000/- Sr.DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |

1. निविदाकार को सभी जरूरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। 2. निविदाकार के पास ई-निविदा में भाग लेने के लिए क्लास-III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। 3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। 4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागु है एवं इस प्रकार है: "Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE". 5. टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाये।


सं. ETrU-T-16-2023-24-02 दिनांक: 22-05-2024 1544/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अस्पताल के बेसमेंट में सर्वर रूम में लगी आग, बैटरी जलकर हुई राख

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा:** नोएडा के सेक्टर 39 जिला अस्पताल के बेसमेंट में बुधवार तड़के सुबह करीब चार बजे सर्वर रूम में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण सर्वर रूम में रखी बैटरी जलकर राख हो गई। सूचना पर अस्पताल की सीएमएस डॉक्टर रेनू अग्रवाल भी मौके पर पहुंची। उन्होंने मामले की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने करीब



डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। गनीमत रही कि जिस जगह पर घटना हुई वहां कोई मरीज मौजूद नहीं था।


**एक्शन इंडिया**

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## Change of Name

I Preeti Baweja D/o Subhash Chand Baweja and W/o Pankaj Khanna R/o 312 C, Mian Wali Colony, Near Main Bus Stand, Gurgaon, Haryana- 122001, have changed my name to Preeti Khanna.

## Change of Name

**I, Rajessh** Lambba S/o D K Lamba R/o Flat No-603, Tulip Tower, Omaxe Green Valley, Gurukul, Sec-41-42, Faridabad, Nhpc Colony, Faridabad, Haryana - 121010, have changed my minor daughter's name from Vani Lamba aged 17 years to Vaanie Llamba forever.

## Change of Name

**I Rajesh** Lamba S/o D K Lamba R/o Flat No-603, Tulip Tower, Omaxe Green Valley, Gurukul, Sec-41-42, Faridabad, Nhpc Colony, Faridabad, Haryana - 121010, have changed my name to Rajessh Lambba.

## Change of Name

**I, Somvir** Sehrawat S/o Om Parkash R/o Palri, Palri (70), Panipat, Haryana-132145, that name of my wife has been wrongly written as Kanta Sehrawat in my PPO No- 401199901253. The actual name of my wife is Kanta Devi.

## बेदखली सूचना

मैं जो कि निर्मला पत्नी स्वर्गीय रामकवार निवासी बाह्रामन पाना, गांव मुडलाना तहसील गोहाना जिला सोनीपत ब्यान करती हूं कि मेरी पुत्री प्रीती मेरे कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करती है। मैं अपनी पुत्री प्रीती को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। आज के बाद अगर कोई भी प्रीती से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## न्यूज फ्लैश

### दस वर्षों में महिलाएं सशक्त और किसान मजबूत हुआ: मुख्यमंत्री नायब सैनी




**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा:** करनाल विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को क्षेत्र के गांव डबरी और रतनगढ में आयोजित जनसभाओं में भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा सरकार ने लोगों के विकास के लिए काम किया है। देश तेज गति से विकास कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने एक नई करवट ली है। आज हर वर्ग को सरकार की योजनाओं का लाभ घर बैठे ही मिल रहा है। नायब सैनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में महिलाएं सशक्त और किसान मजबूत हुआ है। भाजपा सरकार में युवाओं का विश्वास बढ़ा है। गरीबों को काफी सहूलियतें मिली हैं। मोदी सरकार ने गरीबों के निःशुल्क इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड दिया। इसके तहत पांच लाख तक के इलाज की सुविधा मुफ्त में दी जा रही है। श्री सैनी ने कहा कि 4 जून के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प लिया है कि देश के 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड दिया जाएगा। चाहे वे किसी भी वर्ग से क्यों न हों। मुख्यमंत्री ने लोगों से वोट देने की अपील करते हुए कहा कि 25 मई को सभी लोग घरों से बाहर निकलकर मतदान करें। मतदाता अपने घरों से निकल कर भाजपा के चुनाव चिह्न कमल के बटन को दबाएं। 2024 के चुनाव में करनाल में भारी मतदान होना चाहिए। पिछली बार देश में दूसरा सबसे बड़ा मतदान करने वाला करनाल था। इस बार पहला होना चाहिए। नायब सैनी ने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार बनने के बाद महिलाओं के सेल्फ हेल्प ग्रुप को मजबूत किया जाएगा। आने वाले दिनों में तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगा। अभी सिर्फ एक करोड़ ही लखपति दीदी हैं। पीएम मोदी जो कहते हैं वही करते हैं यही मोदी की गारंटी है। मोदी सरकार गरीबों के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है। कांग्रेस देश के विकास के लिए नहीं भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए सत्ता में आना चाहती है। आज देश में मोदी की लहर है। पीएम मोदी को तीसरी बार सत्ता के बागडोर संभालने से कोई रोक नहीं सकता। श्री सैनी ने कहा कि हरियाणा में गुड गवर्नेंस पूर्व सीएम मनोहर लाल की देन है। आज बीपीएल कार्ड और पेंशन की समस्या का घर बैठे समाधान हो जाता है। प्रदेश में नौकरी बिना पर्ची-खर्ची के मिल रही है। कांग्रेस के शासन काल में युवाओं को नौकरी के लिए पर्ची-खर्ची की व्यवस्था करनी पड़ती थी। हरियाणा ही नहीं करनाल में काम को लेकर काफी बदलाव आया है। यह सब हमारे सरकार की तीव्र सोच का नतीजा है। अटल बिहारी वाजपेयी ने देश में नए भारत के निर्माण की नींव रखी थी। हमारी सरकार में सड़कों का तेज गति से विकास हुआ है। आज सभी जगह एक्सप्रेस-वे, फोरलेन और चौदह लेन सड़कों का जाल बिछ रहा है। आज 100 फीसदी रेल लाइनों का इलेक्ट्रिफीकेशन हो गया है। नए एम्स और यूनिवर्सिटी बन रहे हैं।

### ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों को मिलेंगे कई टॉस्क, दादी-नानी से सुनेंगे कहानियां

**चंडीगढ़/काजल रानी**

प्रदेशभर के राजकीय व निजी स्कूलों में पहली जून से ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो रहा है। एक महीने की अवकाश अवधि में बच्चे होमवर्क के दौरान दादी-नानी से सेवाभाव सीखेंगे और पक्षियों के लिए तपती गर्मी में दाना-पानी का प्रबंध करेंगे। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए बालवाटिका-3 से कक्षा पांचवीं के लिए निपुण कार्यक्रम और नावाचारी ग्रीष्म अवकाश में होमवर्क की योजना तैयार की है। इस बाद ग्रीष्मकालीन अवकाश में होमवर्क के नाम पर बच्चों को कई टास्क दिए जाएंगे। होमवर्क के दौरान पारिवारिक सदस्यों की अहम भूमिका रहेगी, खासकर नाना-नानी, दादा-दादी व परिवार के अन्य सदस्यों की सहभागिता के साथ पूरा होगा। बच्चों को पाठ्य पुस्तकों से अलग कहानी, अखबार, बाजार, समाज के साथ जुड़ाव बढ़ाया जाएगा। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भगवान की प्रार्थना, भजन या शबद को कंठस्थ करेंगे। हर रोज सुबह योगाभ्यास व सैर भी करेंगे। होमवर्क का मकसद नई पीढ़ी को सामान्य ज्ञान के साथ संस्कार, मार्गदर्शन, दक्षता, कौशल, व्यवहार कुशलता को बढ़ाना है।

# कांग्रेस ने गांधी और आप ने अन्ना की बात नहीं मानी: सिंह

## आंदोलन के समय केजरीवाल कहते थे कि हम पार्टी नहीं बनाएंगे, लेकिन बनाई, हमने राम मंदिर बनाया, तीन तलाक खत्म कराया: सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/कलायत:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कैथल के कलायत में आयोजित विजय संकल्प रैली में कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल के लिए चुनाव प्रचार किया और भाजपा को वोट देने की अपील की। राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने कभी भी महात्मा गांधी की बात नहीं मानी, वहीं आप ने अन्ना हजारे की बात को दरकिनार किया। इन दोनों दलों ने हमेशा झूठ बोलकर लोगों को धोखा दिया है और गुमराह किया है। महात्मा गांधी ने कहा था कि अब देश आजाद हो गया है कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए, यदि आपने पार्टी बनानी है तो किसी और नाम से पार्टी बना लें, लेकिन कांग्रेस ने बापू की बात नहीं मानी। रक्षामंत्री ने केजरीवाल को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि आंदोलन के समय केजरीवाल कहते थे कि हम राजनीतिक पार्टी नहीं बनाएंगे, चुनाव



नहीं लड़ेंगे, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ते रहेंगे, लेकिन केजरीवाल ने सत्ता के लिए अपने गुरु अन्ना हजारे को धोखा दिया। उन्होंने राजनीति पार्टी बनाई, चुनाव लड़ा और मुख्यमंत्री बनते ही दिल्ली की जनता को धोखा दिया। ऐसी शराब नीति बनाई जिसमें जमकर भ्रष्टाचार हुआ। केजरीवाल को इसी कारण जेल जाना पड़ा। उसके ऊपर शराब घोटाले के जरिये करोड़ों रुपये डकारने का आरोप है। उसने अपने गुरु अन्ना हजारे की बात नहीं मानी। आम आदमी पार्टी को क्या हो गया है? सबसे बड़ा ईमानदार कोई बनता था तो केजरीवाल बनते थे। केजरीवाल अब कहते हैं कि मोदी जी ने जेल करा दी। संजय सिंह भी गए थे। अरे वे छूटे नहीं हैं, जमानत मिली है। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रष्टाचारियों की जगह जेल में ही है। वहीं, कांग्रेस पर हमला बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा पहले की सरकारें ईडी-सीबीआई को काम नहीं करने देती थीं। कांग्रेस के कार्यकाल में इन एजेंसियों ने सिर्फ 32 लाख रुपये रिकवर किये थे, लेकिन 2014 में जब भाजपा सरकार आई, उस समय से 22 हजार करोड़ रुपये कैश बरामद किया गया है, एक लाख करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। अब भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। केंद्र की मोदी सरकार भ्रष्टाचार को खत्म करके ही दम लेगी। सभी भ्रष्टाचारी सलाखों के पीछे होंगे। इससे पहले कलायत की विजय संकल्प रैली में पहुंचते ही कुरुक्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल, सुभाष सुधा, कमलेश ढांडा, लीला राम गुर्जर, जनरल डीपी वत्स, महिपाल राणा और जयपाल राणा समेत भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का भव्य स्वागत किया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने तीन तलाक की कुप्रथा को खत्म किया। इसका खूब विरोध हुआ, लेकिन हमने अपने संकल्प पर खरे उतरे क्योंकि सवाल धर्म से इतर अपनी बेटी-बहनों के सम्मान का था। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के एक वक्तव्य का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि वे एक रुपया दिल्ली से भेजते थे, जिसमें से 15 पैसे ही लोगों तक पहुंच पाते थे। लेकिन 56 इंच का सीना रखने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसी व्यवस्था कर दी है कि 100 पैसा दिल्ली से भेजा जाता है, तो पूरा का पूरा पैसा किसानों, गरीबों, महिलाओं और आम लोगों तक पहुंचता है। हमने राम मंदिर बनाया, ओआरओपी लागू किया, धारा 370 हटाई। भारत में राम राज्य आ रहा है। इस बार आप हरियाणा की सभी दस सीटों पर भाजपा को जिताकर नरेंद्र मोदी को मजबूत करें, ताकि जो काम बचे रह गए हैं उन्हें मजबूत फैसलों के साथ पूरा किया जा सके। रक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले दस सालों में भारत के प्रति दुनिया की धारणा बदली है।

### 2035 तक विकसित राज्य बनेगा हरियाणा: नवीन

**कलायत** में आयोजित भाजपा की विजय संकल्प रैली में कुरुक्षेत्र-कैथल से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल ने कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा और देश में विकास का काम किया है। देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सेना को मजबूत किया है। आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। सेना का मनोबल ऊंचा है। आज हम दुश्मन को घर में घुसकर मारते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार मजबूती से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रदेश के लोगों से आह्वान करते कहा कि इस बार भी भाजपा को भारी मतों से जिताकर देश में तीसरी बार पीएम मोदी को मजबूत बनाएं।

### जींद : हत्या करने के दोषी को उम्र कैद की सजा

**जींद: एडीजे नेहा** नोरिया की अदालत ने बुधवार को कुल्हाड़ी मार कर व्यक्ति की हत्या करने के जुर्म में दोषी को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा अदालत ने दोषी को 30 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 29 नवंबर 2019 को जुलाना थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव शामलो कलां निवासी मनीष झगड़े में लगी चोटों के कारण अस्पताल में भर्ती है और उसकी मौत हो चुकी है। जिस सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर गांव शामलो कलां निवासी पवन के बयान लिए। पवन ने बताया कि उसका छोटा भाई मनीष (28) नवंबर को घेरलु कार्य के लिए गांव रामकली निवासी अजाद के खेत में गए थे।

# डबल इंजन की सरकार ने मजबूती से किए काम : मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी में बुधवार को करनाल के गांव कमालपुरा में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा को भारी मतों से जिताने और प्रदेश की सभी 11 सीटों (एक विधानसभा और 10 लोकसभा) पर कमल का फूल खिलाने का आह्वान किया। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस को जमकर घेरा।




श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस झूठों की पार्टी है। उसने हमेशा लोगों से झूठ बोलकर वोट हथियाने का काम किया है। कांग्रेस के पास न नीति है और न ही नेता ये लोगों को बरगला रहे हैं। श्री सैनी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि राहुल कहते हैं कि एक झटके में गरीबी खत्म कर देंगे, लेकिन कैसे इसके बार में उन्होंने कुछ नहीं बताया। कांग्रेस सिर्फ अपने वोट बैंक की राजनीति करती है। कांग्रेस को प्रदेश और देश के विकास से कुछ लेना देना नहीं है।

श्री सैनी ने कहा कि दूसरी तरफ भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश में मजबूती से किए काम किए हैं, देश की मजबूती के लिए काम किए हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि आने वाली 25 मई को प्रदेश में 10 कमल के फूल खिलाने का काम करें और अपने प्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को एक मजबूत प्रधानमंत्री बनाकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजें, ताकि वे देशहित और आपके हितों में निर्णय ले सकें। इससे पहले मुख्यमंत्री को लड्डुओं से तौलकर और फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि हरियाणा और केंद्र की भाजपा सरकार ने पिछले दस सालों में देश के विकास के लिए काम किए हैं। मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में भारत तेज गति से आगे बढ़ा है।

कांग्रेस झूठ का सहारा लेकर वोट मांगती है। लोगों को झूठे सपने दिखाती है, वह गरीबों का आरक्षण जिहादियों को देना चाहती है। वहीं, दूसरी तरफ पीएम नरेंद्र मोदी ने गरीबों के प्रति मजबूत लड़ाई लड़ी है।

**उपलब्धि**

कांग्रेस झूठों की पार्टी है। उसने हमेशा लोगों से झूठ बोलकर वोट हथियाने का काम किया है: सीएम

### गुरुग्राम: गुरुवार शाम से थम जाएगा चुनाव प्रचार

**गुरुग्राम: लोकसभा चुनाव** प्रचार गुरुवार शाम को बंद हो जाएगा। इसके बाद बाहर का कोई नेता, कार्यकर्ता गुरुग्राम लोकसभा ना हो, इसके लिए बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश जारी किए हैं। चुनाव प्रचार का शोर थमने के बाद प्रत्याशी सिर्फ घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात कर-के वोटों की अपील कर सकते हैं। गुडगांव लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव के मुताबिक भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार शाम को 6 बजे के बाद साइलेंस पीरियड शुरू हो जाएगा और किसी तरह का शोर नहीं किया जा सकेगा। गुरुवार की शाम 6 बजे उपरांत कोई रैली, जनसभा, रोड शो आदि नहीं होगा। उम्मीदवार मतदाताओं से केवल व्यक्तिगत संपर्क कर सकते हैं। साइलेंस पीरियड में कहीं भी चुनाव प्रचार के लिए लाऊड स्पीकर नहीं बजाया जाएगा। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए अनुचित संसाधनों का उपयोग होता पाया गया तो ऐसे मामले में कड़ी कार्यवाही की जाएगी। गुरुग्राम क्षेत्र में कहीं भी शराब, नकदी आदि का वितरण नहीं होना चाहिए। ना ही किसी मतदाता पर अपने पक्ष में वोट डालने के लिए दबाव बनाया जाए। प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता की पूर्णतया पालना करें।

# आज हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित: पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: करनाल** लोकसभा क्षेत्र के घरौंडा की अनाज मंडी में आयोजित भाजपा की विजय संकल्प रैली में करनाल से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार को केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण ही देश की सेना दुनिया की सबसे मजबूत सेनाओं में से एक है। सेना के प्रति मोदी जी का विशेष प्रेम है। यही कारण है कि वह हर दीवाली उनके बीच ही मनाते हैं। यही वजह



है कि हमारे देश की सभी सीमाएं आज पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आशीर्वाद हमें मिलता रहा है। मुझे आज भी याद है 2019 में जब हमने आशीर्वाद यात्रा शुरू की थी, तब वह कालका में हमें आशीर्वाद देने आए थे। आज भी इस चुनावी यात्रा में अपना आशीर्वाद देने आए हैं, निश्चित रूप से हरियाणा के भाजपा प्रत्याशियों को इसका लाभ मिलेगा। हरियाणा में हम 10 की 10 लोकसभा सीटें जीतेंगे। करनाल विधानसभा का उपचुनाव भी हम जीतेंगे और देश में भाजपा की मजबूत सरकार बनेगी। मनोहर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से धारा 370 को हटाया, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा सेना का मनोबल बढ़ाया है। हरियाणा जवानों, किसानों और पहलवानों का प्रदेश है। प्रदेश के अधिकांश युवा सेना में सेवाएं दे रहे हैं। मनोहर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस इतनी गिरी हुई है कि वह सेना के ऑपरेशन पर सबूत मांगती है, उसे सेना के जवानों पर भरोसा नहीं है। पहले की सरकारों ने हमेशा सेना का मनोबल तोड़ने का काम किया है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नतृत्व में आज हमारी सेना मजबूत स्थिति में पहुंच चुकी है।

**आशीर्वाद यात्रा**

आज देश के प्रधानमंत्री के कारण ही देश की सेना दुनिया की सबसे मजबूत सेनाओं में से एक है

# सत्ता में आए तो करवाएंगे जातिगत जनगणना: राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना की मांग को दोहराते हुए कहा है कि भारत में 90 प्रतिशत दलित, आदिवासी और पिछड़े हैं। मोदी सरकार इन्हें सम्मान देने की बात करती है लेकिन कांग्रेस इन्हें सत्ता में हिस्सेदारी देने की बात कर रही है। यह अब उनके लिए एक राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि जीवन का मिशन बन गया है। राहुल गांधी बुधवार की शाम पंचकूला में समृद्ध भारत फाउंडेशन की ओर से आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संविधान केवल किताब नहीं बल्कि ट्रांसफर ऑफ पावर है। इस देश में 90 फीसदी दलित, आदिवासी, ओबीसी हैं लेकिन देश के नेरेटिव में उनकी कोई हिस्सेदारी नहीं है। हर फ्रंट पर केवल दस प्रतिशत लोग ही मौजूद हैं। राहुल गांधी ने मीडिया के एक वर्ग की आलोचना करते हुए कहा कि मीडिया के एजेंडे आज किसान, मजदूर, नाई, बड़ई, सफाई कर्मचारी सब बाहर हो चुके हैं। देश के सिस्टम से 90 प्रतिशत को बाहर किया जा रहा है, जबकि इन्हीं के नाम पर सब योजनाएं बनाई जाती हैं। आज मंचों पर भारत की बात होती है और 90 प्रतिशत की भागेदारी नहीं है। राहुल गांधी ने कहा कि कांगेस की सरकार सत्ता में आने पर सबसे पहले जातिगत जनगणना करवाई जाएगी। इसके बाद यह सर्वे किया जाएगा कि देश की न्याय व्यवस्था में इन 90 प्रतिशत की कितनी भागेदारी है। देश का इकनॉमिक फाइनेंशयल सर्वे करवाकर यह पता करेंगे कि आर्थिक रूप से यह 90 प्रतिशत भारत कितना मजबूत है।

**वादा**

संविधान सम्मान सम्मेलन में शामिल हुए कांग्रेस नेता राहुल, पिछड़े को सत्ता में हिस्सेदारी देगी कांग्रेस

### तलवंडी राणा निवासी रोहित की हत्या मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार:** सीआइए टीम ने तलवंडी राणा निवासी रोहित की हत्या मामले में बुधवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें तलवंडी राणा निवासी संजीव व विकास शामिल है। सीआईए इंचार्ज निरीक्षक प्रशांत ने बुधवार को बताया कि शनिवार रात को हुई तलवंडी राणा निवासी रोहित की हत्या मामले में दो आरोपियों गांव के ही संजीव व विकास को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने मिलकर धारदार हथियार से रोहित की हत्या की है। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। अभियोग में आगामी जांच जारी है।

# भाजपा ने महिलाओं और ओबीसी को मजबूत किया: सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** भाजपा संसदीय बोर्ड एवं केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य व पूर्व सांसद सुधा यादव ने कहा कि भाजपा ने महिलाओं और ओबीसी वर्ग को मजबूत करने का काम किया है। जब भाजपा सरकार ने जनधन के खाते खुलवाए तो विपक्ष ने कहा कि जीरो बैलेंस के खाते खुलवाकर सरकार ने गरीबों को मजाक बनाया है, लेकिन जब कोरोना आया तो ये जनधन के खाते ही महिलाओं के काम आए। नरेन्द्र मोदी ने इन खातों में रुपये डाले और कोरोना काल में भी महिलाओं को परेशान नहीं होने दिया।




रोहतक के भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए सुधा यादव ने कहा कि हमने हर घर एलईडी लाइट लगवाई, गैस सिलेंडर पहुंचाया, शौचालय बनवाए और गरीबी रेखा से नीचे वाले परिवारों को सुविधाएं देने का काम किया। डा. सुधा यादव ने कहा कि आयुष्मान कार्ड आम आदमी के लिए वरदान साबित हुआ और अब लोग 5 लाख रुपये तक का इलाज फ्री करा रहे हैं। नरेन्द्र मोदी की सरकार ने पहली बार महिलाओं को खुद को साबित करने के अवसर दिए। आज बॉर्डर पर महिला सैनिक सुरक्षा कर रही हैं, फाइटर प्लेन उडा रही हैं। इसरो में महिलाओं को काम करने का मौका मिला। भाजपा ने सेल्फ हेल्प ग्रुप को बढ़ावा दिया। महिलाओं को ड्रोन उड़ाने की ट्रेनिंग दी जा रही है। कुल मिलाकर भाजपा ने महिलाओं को सशक्त बनाया और इससे भी ज्यादा सशक्त बनाने का संकल्प लिया है।

**सशक्त**

भाजपा संसदीय बोर्ड एवं केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य और पूर्व सांसद सुधा यादव ने की पत्रकार वार्ता

# कांग्रेस ने हमेशा झूठ बोलकर जनता को धोखा दिया: राजनाथ सिंह

## असंभव को संभव करने की ताकत किसी में है तो वो भाजपा में है। वो ताकत केंद्र की मोदी सरकार में है: रक्षा मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को करनाल के घरौंडा में आयोजित विजय संकल्प रैली में करनाल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के लिए वोट मांगे। इस मौके पर राजनाथ ने कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा झूठ की राजनीति की है। अब तो उनके मंसूबे और खतरनाक हो गए हैं। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कहते हैं अगर किसी के घर के मुखिया की मृत्यु हो जाती है तो उसकी आधी संपत्ति ले ली जाएगी, क्या देश का कोई नागरिक ऐसे कानून को स्वीकार करेगा। राजनाथ




सिंह ने कहा कि मैं कांग्रेस नेताओं से पूछना चाहता हूं कि क्या उनके शासनकाल में हर रोज घोटाले नहीं हो रहे थे। भ्रष्टाचार के मामले में अदालत के आदेश पर उनके मंत्री को जेल की हवा खानी पड़ी थी। सैम पित्रोदा अनाप शनाप बयान देते थे, इसी कारण कांग्रेस ने उन्हें हटाया। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में किसी न किसी राज्य में हर साल चुनाव होते हैं, पांच साल में लोकसभा चुनाव होते हैं। समय और पैसा बर्बाद होता है। तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर वन नेशन, वन इलेक्शन करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह बहुत पहले हो जाना चाहिए था। लेकिन कांग्रेस वाले कहते थे कि यह संभव नहीं है। असंभव को संभव करने की ताकत किसी में है तो वो भाजपा में है। वो ताकत केंद्र की मोदी सरकार में है। राजनाथ सिंह ने कहा कि 2004 से लेकर 2014 तक कांग्रेस की सरकार थी, तब देश अर्थव्यवस्था के मामले में 11वें स्थान पर था। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में आए हैं, हम 11वें नंबर से छलांग लगाकर 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं। आज हमारा दुनिया में डंका बजता है। वर्ष 2027 तक भारत दुनिया की अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। अमेरिका होगा, चीन होगा उसके बाद भारत होगा। वर्ष 2047 तक भारत विश्व की महाशक्ति बनेगा। पाकिस्तानी सांसद ने भी कहा है कि भारत विश्व की महाशक्ति बनने जा रहा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि हरियाणा के लोग स्वाभीमानी होते हैं, वे भूखे रह लेंगे, लेकिन अपने स्वाभीमान से समझौता नहीं करेंगे। इससे पहले रैली में पहुंचने पर करनाल से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और अन्य नेताओं ने पगड़ी पहनाकर रक्षामंत्री राजनाथ का भव्य स्वागत किया।

**कांग्रेस को घेरा**

कांग्रेस ने हमेशा झूठ की राजनीति की है। अब तो उनके मंसूबे और खतरनाक हो गए हैं

# हत्या की सजा काट रहे दोषी को एनडीपीएस एक्ट में भी 6 साल की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम:** यहां हत्या के एक केस में उम्रकैद की सजा काट रहे एक कैदी को एक अन्य केस में अदालत ने दोषी ठहराते हुए 6 साल की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तरुण सिंघल की अदालत ने फैसला देते हुए जेल में काटी जा रही उम्रकैद की सजा में से इस सजा को पर्याप्त मानते हुए अदालत ने अंडरगोन के आदेश जारी किए हैं। जानकारी के अनुसार आगरा यूपी मूल का सुनील उर्फ काला वर्ष 2009 में सेक्टर-5 क्षेत्र में घटित हुई हत्या की घटना में गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने उसे इस मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई थी। तभी से वह जिला जेल में सजा काट रहा था। जेल नियमों के अनुसार उसे 4 माह का पैरोल दिया गया था। पैरोल की अवधि समाप्त होने पर उसने 19 अप्रैल 2018 को जिला जेल में आत्मसमर्पण कर दिया था। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके जूते के अंदर से सुल्फानुमा पदार्थ बरामद किया गया था। जिसकी मात्रा करीब 130 ग्राम थी। जेल प्रशासन ने सुनील उर्फ काला के खिलाफ भौंडसी पुलिस थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करा दिया था।

मामले की सुनवाई अदालत में चली। अभियोजन पक्ष ने अदालत में जो सबूत व गवाह पेश किए, उनसे आरोपी पर लगे आरोप सिद्ध होना पाते हुए अदालत ने उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी मानते हुए 6 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे दोषी को इस सजा की अवधि को पर्याप्त मानते हुए अंडरगोन के आदेश भी अदालत ने दिए हैं।

**सजा सुनाई**

अदालत ने उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी मानते हुए 6 वर्ष कैद की सजा सुनाई है

## न्यूज फ्लैश

### इग्नू की जून 2024 सत्रांत परीक्षाएं 07 जून से आरम्भ: डॉ धर्म पाल



पानीपत, कमाल हुसैन इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, करनाल के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ. धर्मपाल ने जानकारी देते हुए बताया की इग्नू की परीक्षाएं पुरे भारत वर्ष में 07 जून से शुरू होने जा रही है जो की 13 जुलाई 2024 को समाप्त होंगी इग्नू द्वारा पात्र विद्यार्थियों को हॉल टिकट जारी किये जा चुके है हॉल टिकट इग्नू की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूइग्नूडॉटएसीडॉटइन पर अपलोड किये जा चुके है जिन विद्यार्थियों ने समय रहते परीक्षा फार्म ऑनलाइन नहीं भरा है ऐसे विद्यार्थी 25 मई तक इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल पर ऑफलाइन माध्यम से अपना परीक्षा फार्म जमा कर सकते है इसके लिए विद्यार्थी को रु 1100/- लेट फीस साथ में रू 200/- प्रति कोर्स के हिसाब से डीडी बनाकर इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल पर जमा कर सकते है। डॉ. धर्मपाल ने बताया की हरियाणा के भिवानी, फतेहाबाद, हिसार, जींद, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, सिरसा, सोनीपत, पानीपत, रोहतक व यमुनानगर जिलों में इग्नू द्वारा कुल 38 परीक्षा केंद्र स्थापित किये गए है, जिनमे से 09 परीक्षा केंद्र हरियाणा की विभिन्न जेलों में स्थापित किये गए है जून माह में होने वाली परीक्षाओं में कुल जिला करनाल के अंतर्गत कुल 05 परीक्षा केंद्र स्थापित किये है जिनमे से एक परीक्षा केंद्र करनाल जेल में है इसके आलावा गुरु नानक खालसा कॉलेज, बुद्धा कॉलेज, विनायक पॉलिटेक्निक कॉलेज और जेके इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में भी परीक्षा केंद्र स्थापित किये गए है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं बहुत व्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संचालित करवाने के लिए सभी इंतजाम कर लिए गए है इसके लिए इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल की तरफ से जल्द ही सभी परीक्षा नियंत्रको के लिए एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम भी आयोजित किया जायेगा जिसमे उन्हें परीक्षाओं से जुडी विभिन्न जानकारियाँ मुहैया करवाई जाएगी सभी परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है की वे परीक्षा केंद्र पर 30 मिनट पहले पहुँच जाएं और इग्नू द्वारा जारी आईडी कार्ड और हॉल टिकट साथ लेकर जायें।

### जिला में 23 मई को सायं 6 बजे के बाद बंद हो जाएगा चुनाव प्रचार

पानीपत/कमाल हुसैन: जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के अंतर्गत जिले में 25 मई को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होना है। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतानुसार 23 मई (वीरवार) को सायं 6 बजे के बाद चुनाव प्रचार बंद करना होगा। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन केवल एक वाहन चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी, एक उसके चुनाव एजेंट द्वारा तथा एक वाहन संबंधित प्रत्याशी के कार्यकर्ताओं के लिए स्वीकृत है। इसके अतिरिक्त कोई भी वाहन चलाना प्रतिबंधित रहेगा। वाहन के अगले शीशे पर प्रशासन द्वारा अनुमति आदेश लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उक्त वाहनों में मतदाताओं को लाना ले जाना भी दंडनीय अपराध है। डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि इसके अलावा मतदाताओं को दी जाने वाली वोटर स्लीप सादे कागज पर होनी चाहिए। उस पर किसी भी प्रत्याशी का नाम व चुनाव चिन्ह आदि नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिए गए दिशा-निर्देशों का दृढ़ता से पालना की जाए और इन गाइडलाइन को अपने एजेंटों व कार्यकर्ताओं के साथ सांझा करें, ताकि चुनाव कार्य शांति पूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो।

### कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी अनाज मंडी में करेंगी जनसभा

पानीपत/कमाल हुसैन: करनाल लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा के समर्थन में स्टार प्रचारक के तौर पर प्रियंका गांधी वाड्रा अनाज मंडी में जनसभा को संबोधित करने आ रही है। प्रियंका गांधी वाड्रा का यह पानीपत का पहला दौरा होगा। लोकसभा चुनाव में प्रचार के अंतिम दिन बृहस्पतिवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा अपनी न्याय संकल्प रैली के तहत पानीपत अनाज मंडी में एक जनसभा को संबोधित करने पहुंचेगी। यहां सुबह 11:30 बजे जनसभा को संबोधित करने के बाद वे सिरसा के लिए रवाना होंगी। सिरसा में लोकसभा प्रत्याशी कुमारी शैलजा के लिए रोड शो करेंगी। प्रियंका गांधी वाड्रा की जनसभा को लेकर शहर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरेंद्र उर्फ बुल्ले शाह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में आचार संहिता के अनुसार बृहस्पतिवार शाम 5:00 बजे तक ही चुनाव प्रचार किया जा सकता है।

करनाल लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा के समर्थन में स्टार प्रचारक के तौर पर प्रियंका गांधी वाड्रा अनाज मंडी में जनसभा को संबोधित करने आ रही है। प्रियंका गांधी वाड्रा का यह पानीपत का पहला दौरा होगा। इसके लिए उन्होंने जिले भर के सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को बुलाकर उनको जनसभा की जिम्मेदारियां सौंप दी हैं।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल में वैदिक चरित्र निर्माण शिविर आयोजित

**मुरलीधर डीएवी ने ग्रीष्म अवकाश से पहले वैदिक चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन किया, जिसमें कक्षा तीन से लेकर कक्षा 7 के लगभग 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया**

**अनुभूति**

**जिन्होंने विद्यार्थियों को उत्कर्ष योग का कोर्स करवाते हुए विद्यार्थियों को आनंद की अनुभूति करवाई**





टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

अम्बाला: स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वी जयंती के उपलक्ष में पिछले 2 साल से चल रहे कार्यक्रमों में के अंतर्गत मुरलीधर डीएवी ने ग्रीष्म अवकाश से पहले वैदिक चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन किया। जिसमें कक्षा तीन से लेकर कक्षा 7 के लगभग 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राधा रमण सूरी ने बताया कि इस बार के शिविर की विशेषता यह रही कि इस शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के प्रशिक्षित शिक्षक श्री दिनेश जिन्दल मार्गदर्शन में शिक्षिका शिल्पा भनोट वी तान्या अरोड़ा के सहयोग से आयोजित किया गया। जिन्होंने विद्यार्थियों को उत्कर्ष योग का कोर्स करवाते हुए विद्यार्थियों को आनंद की अनुभूति करवाई। पांच दिवस तक चले इस शिविर में विद्यार्थियों ने खेल-खेल में ही योग, प्राणायाम व अनुभव साझा करने वाले बहुत से क्रियाकलापों का आनंद लिया। आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षिका कुमारी शिल्पा भनोट जी व तान्या अरोड़ा जी ने बताया कि वह इस कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी भारतीय वैदिक संस्कृति के साथ जोड़ने के लिए संकल्पित हैं। योग ही एक ऐसा साधन है जिसके माध्यम से हम वर्तमान समय में सभी को अवसाद व अन्य मनोवैज्ञानिक पीड़ाओं से दूर रखते हुए आनंद से भरपूर जीवन का रस ले सकते हैं।

एक्टिविटी इंचार्ज श्रीमती गौरी वन्दना ने बताया कि इस शिविर के आयोजन में विद्यालय की एल्युमिनी श्रीमती ऋतु विशेष सहयोग दिया। उनका मानना है कि अच्छे राष्ट्र निर्माण के लिए दृढ़ निश्चय व ऊंचे संकल्पों वाले युवा वर्ग की आवश्यकता है। ऐसा युवा वर्ग तैयार करने के लिए हमें इसी प्रकार के चरित्र निर्माण शिविरों का आयोजन करते रहना होगा।

विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर राधारमण सूरी ने यह विश्वास दिलाया कि ग्रीष्मावकाश के बाद आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के सहयोग से ही कक्षा 8 से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए मेधा योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। कोऑर्डिनेटर सुदेश शर्मा व श्रीमती वंदना सोढी ने इस शिविर को में भाग ले रहे विद्यार्थियों के उत्साह को देखते हुए उत्कर्ष योग के शिक्षकों का धन्यवाद किया।

## बूथ पर तैनात होंगे सुरक्षा कर्मी, हर बूथ की होगी वेबकास्टिंग





टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**मंथन**

**सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध कर लिए गए हैं। जिले के सभी 520 स्थानों पर 920 पोलिंग बूथ पर सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे**

अम्बाला: जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि अम्बाला लोकसभा चुनाव के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध कर लिए गए हैं। जिले के सभी 520 स्थानों पर 920 पोलिंग बूथ पर सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। इसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था की पूरी मैपिंग कर ली गई है। इस संबंध में उन्होंने समीक्षा बैठक भी की। बैठक के बाद डीसी डॉ. शालीन ने बताया कि 90 पोलिंग बूथ क्रिटिकल हैं, उन पर पुलिस अधिकारी व सेक्टर आफिसर व जोन आफिसर लगा दिए गए हैं। प्रत्येक पोलिंग बूथ की वेबकास्टिंग होगी। पोलिंग बूथ की गतिविधि को कंट्रोल रूम में देखा जा सकेगा। चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने में सभी अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करेंगे। 24 मई को सभी पोलिंग पार्टी अपनी ईवीएम व अन्य सामान को लेकर पोलिंग बूथ पर पहुंच जाएंगी और 25 मई को लोकसभा के लिए चुनाव संपन्न होगा।

एसपी जशनदीप सिंह रंधावा ने कहा कि मतदान के दिन के लिए पुलिस ने अपना प्लॉन तैयार कर लिया है। आचार संहिता लगने के साथ ही पुलिस ने 8 इंटर स्टेट, 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट व 20 इंट्रा डिस्ट्रिक्ट नाके लगा रखे हैं। इस दौरान 5.8 किलोग्राम ड्रग्स पकड़ी गई है। मतदान के दिन के लिए 6 कंपनियां आ चुकी हैं जबकि हिमाचल प्रदेश के होमगार्ड भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए अम्बाला पहुंचेंगे।

### स्कूलों में 25 मई तक छुट्टी, आदेश जारी

पानीपत, कमाल हुसैन

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने जिला में 25 मई को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव करवाने के दृष्टिगत पानीपत के सभी सरकारी और निजी स्कूलों, महाविद्यालय में तुरंत प्रभाव से आगामी 25 मई तक छुट्टियां के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने सभी शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए।

## पंचायत भवन में महिला मतदाताओं को जागरूक किया गया



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र: जिला प्रशासन की स्वीप गतिविधि के अंतर्गत आज जिला पंचायत भवन में महिला मतदाताओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में लगभग दो सौ महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा रही। संकल्पित फाउंडेशन और महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में आंगनवाड़ी वर्कर्स सामाजिक संस्थाओं की महिला प्रतिनिधियों एवं सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं ने भाग लिया। डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि इस बार निर्वाचन आयोग की तरफ से रूप से महिलाओं को जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं में कमर कस रखी है कि अधिकतम मतदान सुनिश्चित किया जा सके। इसके लिए उनके प्रयास निरंतर जारी है। इसी श्रृंखला में यह महिला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने हेतु महिला प्रतिनिधियों का आमंत्रित किया गया ताकि वह उनसे जुड़ी हुई अन्य महिलाओं को मतदान के लिए प्रेरित कर सकें। इस संदर्भ में संकल्पित फाउंडेशन की अध्यक्षा गायत्री कौशल ने कहा कि प्रशासन के इस बार किया जा रहे प्रयास बेहद प्रशंसनीय है।

## 2024 में मोदी की विजय तय: पार्षद रानो देवी



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

अम्बाला: भाजपा पार्टी से अंबाला लोकसभा सीट से बनतोकटारिया की विजय तय है चुनावों के चलते कई विपक्षी पार्टियों ने भाजपा पार्टी को समर्थन दे दिया है जिससे भाजपा पार्टी में काफी मजबूती आई है पार्षद रानो देवी ने कहा कि हुआज हमारे बहुत पुराने साथी, जिन्होंने संगठन में भी काम किया, सरकार में भी काम किया, ?हमारे रतन लाल कटारिया जी की याद मैं जनता हमेशा उन्हें याद करती है 4 जून में अब सिर्फ 17 दिन बचे है। चार चरणों के चुनाव में कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सभी साथी चारों खाने चित्त हो चुके हैं। इंडी गठबंधन वालों ने देश के खिलाफ जो भी दांव-पेंच चले थे, उन्हें चुनाव के मैदान में जनता-जनार्दन ने खुद पटखनी दे दी है। पार्टी के मजबूत कार्यकर्ता दीपक वोहरा ने कहा हरियाणा तो वो राज्य है, जिसकी रगों में देशभक्ति है। देशविरोधी ताकतों को ?हरियाणा अच्छी तरह जानता है, पहचानता है। जो पाकिस्तान 70 वर्षों से भारत को परेशान कर रहा था, जिसके हाथ में बम का गोला रहता था, आज उसके हाथ में भीख का कटोरा है। जब धाकड़ सरकार होती है, तो ऐसे ही दुश्मन कांपता है। मोदी की धाकड़ सरकार ने धारा-370 की दीवार गिराई और जम्मू-कश्मीर विकास के रास्ते पर चल पड़ा है। भाजपा पार्टी के उपाध्यक्ष राहुल खुराना ने कहा कि कांग्रेसी, भारत की सेनाओं को कमजोर बनाकर रखते थे ताकि विदेश से हथियार मंगाने के नाम पर मोटी कमाई कर सकें। हमारे सैनिकों को कपड़े, जूते, बुलेट प्रूफ जैकेट भी ठीक से नसीब नहीं होते थे।

## दीपांशु बना हेड बॉय तथा वंशिका बनी हेड गर्ल





टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिंह)

**जिम्मेदारी**

**बैजेज(बिल्ला) और नामकरण पट्टियां पहना कर बधाई देते हुए अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदार रहने की प्रेरणा दी**

चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल, दुर्गा कॉलोनी, समालखा में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के नवनिर्वाचित नेताओं का चयन किया गया। हेड बॉय तथा हेड गर्ल के साथ प्रत्येक सदन के कप्तान और उप कप्तान का चुनाव हुआ इन सभी के साथ एक्टिविटी कप्तान का चयन भी किया गया। जिसमें सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उनकी आराधना की गई। विद्यालय के दसवीं कक्षा के दीपांशु को हेड बॉय तथा वंशिका रूहल को हेड गर्ल के लिए चुना गया। डेजी सदन के कप्तान के लिए अर्पण तथा उप कप्तान के लिए हर्षित, कमल सदन के लिए जुनैद को कप्तान तथा तिशिका को उप कप्तान चुना गया; इसी प्रकार गुलाब सदन में तनिष को कप्तान तथा नव्या को उप कप्तान चुना गया, सूरजमुखी सदन में हिमांशु चड्ढा को कप्तान तथा खुशी को उप कप्तान चुना गया। स्कूल के क्रियात्मक कार्य को देखने के लिए एक्टिविटी कैप्टन के रूप में नौवीं कक्षा की सुहाना का चयन किया गया। स्कूल चेयरमैन नरेश गाहल्याण, चेयरपर्सन कविता तथा स्कूल प्रधानाचार्या नीलम कादियान ने विद्यालय के नवनिर्वाचित नेताओं को बैजेज(बिल्ला) और नामकरण पट्टियां पहना कर उन्हें बधाई देते हुए अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदार रहने की प्रेरणा दी।

### मतदाता बिना किसी डर व दबाव के करें

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र: बुधवार को पुलिस लाईन में पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र सुरेन्द्र सिंह भोरिया की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव को लेकर एक मीटिंग का आयोजन किया गया। पैट्रोलिंग व चैकिंग डयूटियों पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को ब्रीफ करते हुए अपने-अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमण करने और अराजक तत्वों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव में पूरी तरह अलर्ट रहें और क्षेत्र के असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखें।

## 750 पक्षियों के लिए सेक्टर 5 में रेजिडेंशियल टाउनशिप बनाएगी फिनिक्स क्लब



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**पहल**

**फिनिक्स क्लब द्वारा बनाए जा रहे पक्षी घर की शहर वासियों ने की अत्यधिक प्रशंसा**

कुरुक्षेत्र: हम सबके लिये बड़े हर्ष का विषय है कि हमारा चिर प्रतीक्षित प्रोजेक्ट फीनिक्स पंछी घर ( इ२रि टीर३ ) का निर्माण सेक्टर 5 स्थित स्वर्ग आश्रम में प्रारंभ हो गया है। यह है जानकारी देते हुए फिनिक्स क्लब के प्रधान धीरज गुलाटी ने बताया की आज टाउनशिप का नींव पत्थर क्लब के सभी सदस्यों ने रखा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के प्रोजेक्ट निर्देशक सुरेंद्र ढींगरा रहे। यह निर्माण कार्य क्लब के पूर्व प्रधान विजेश एलवादी और अरुण गुप्ता तथा अनिल सिंगला की देखरेख में होगा। इस अवसर पर सचिन दीपक, कोषाध्यक्ष डॉक्टर नीरज झांब, पूर्व प्रधान विवेक कक्कड़, विशाल मदान, गुरसेवक सिं,ह रवि नंदन आहूजा, राजेश छाबड़ा, जितेंद्र मेहता, राजेश पोपली, सुनील कालड़ा, दिनेश छाबड़ा, कीर्ति खोसला, गौरव ईशपूजानी व अन्य सदस्य मौजूद रहे। धीरज गुलाटी ने बताया की इसका निर्माण करने के लिये श्रमिक विशेष रूप से गुजरात से बुलाये गये है।यह पंछी घर लगभग 60 फुट ऊँचा बनेगा तथा इसमें 750 पक्षियों के रहने की जगह होगी जो कि किसी भी प्राकृतिक आपदा आँधी, तूफान, बारिश जैसे मौसम में इन जीवों के लिये सुरक्षित आश्रय स्थल होगा। इस पंछी घर की निर्माण लागत ? 5 लाख आयेगी और इसको तैयार करने में करीब 2 महीने का समय लगेगा।उन्होंने कहा कि यह पंछी घर अपने आप में एक अनूठा सेवा कार्य है जो कि हमारे ज़िले में पहली बार हो रहा है। हम सब सौभाग्यशाली है कि हमें इन बेजुबानो की सेवा का मौका मिल रहा है।

इन घरौंदों में रहने वाली 750 बेजुबान जीवात्माओं का आशीर्वाद हम सबको एवं हमारे परिवारजनों को प्राप्त होगा। शहरवासियों ने फिनिक्स क्लब द्वारा 750 पक्षियों के लिए पक्षी घर बनाए जाने की अत्यधिक प्रशंसा की है।

# डोरेमोन के मैस्कॉट ने मतदाताओं को किया जागरूक

**डोरेमोन के मैस्कॉट ने हर्बल पार्क में पहुंचकर वहां मौजूद लोगों से हाथ मिलाया और स्याही लगी उंगली का निशान बनवाकर सेल्फी भी क्लिक करवाई**



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**मताधिकार**

**आमजन ने प्रशासन की इस पहल की प्रशंसा की और अधिक से अधिक मतदान का प्रण लिया**

अम्बाला: एडीसी एवं स्वीप एक्टिविटी की नोडल अधिकारी अपराजिता ने कहा कि मतदाताओं को 25 मई के दिन अधिक से अधिक मतदान करने के लिए अलग-अलग माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में अम्बाला शहर के हर्बल पार्क में डोरेमोन के मैस्कॉट ने लोगों को मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक किया। आमजन ने प्रशासन की इस पहल की प्रशंसा की और अधिक से अधिक मतदान का प्रण लिया। डोरेमोन के मैस्कॉट ने हर्बल पार्क में पहुंचकर वहां मौजूद लोगों से हाथ मिलाया और मतदान के दिन स्याही लगी उंगली का निशान बनवाकर सेल्फी भी क्लिक करवाई। इस दौरान वहां मौजूद राधे श्याम ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा यह बेहतरीन पहल की जा रही है कि अलग-अलग तरीकों से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है कि वह 25 मई को मतदान के दिन घरों से निकलें। उन्होंने कहा कि हम लोकतंत्र में अपने मत का अवश्य प्रयोग करना चाहिए। वहीं बैठे हरमीत सिंह ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली में ही हमें मतदान का मौका मिलता है। ऐसे में 25 मई के दिन हमें जरुर से जरुर मतदान करना है और जिन लोगों का वोट है, उन्हें भी अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करना है।

एडीसी अपराजिता ने कहा कि 25 मई को सुबह 7 बजे से अम्बाला लोकसभा के लिए मतदान शुरू होगा और शाम 6 बजे तक जो भी मतदाता लाईनों में लग जाएगा, वह मतदान कर सकेगा। इस चुनाव के नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। आमजन ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर अपने मत का प्रयोग करें और निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान में अपनी अहम भूमिका निभाएं। एडीसी अपराजिता ने बताया कि 25 मई को अधिक से अधिक मतदाता घरों से मतदान के लिए निकले इस मकसद से घर-घर वोटर स्लिप पहुंचाई जा रही है। इस वोटर स्लिप को बीएलओ मतदान के निमंत्रण पत्र के साथ वितरित कर रहे हैं। यह कार्य तेजी से पूरे जिले में चल रहा है। लोकतंत्र के पर्व में सभी मतदाताओं को मतदान के लिए आना चाहिए।

# कानूनी जागरूकता शिविरों से आमजन को मिल रही हैं कानूनी जानकारी

**विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा 1 मई से जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा**

**शिविर**

**पीएलवी जोगिंद्र कौर द्वारा गांव बड़ौदी में लोगों को जागरूक किया गया और उन्हें पंफलेट बांटे गए**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र: जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा 1 मई से जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है और इन जागरूकता शिविरों का आयोजन 31 मई तक लगातार किया जाएगा। इन शिविरों में डीएलएसए द्वारा नालसा और हालसा की विभिन्न स्कीमों पर आमजन को जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में पीएलवी जोगिंद्र कौर द्वारा गांव बड़ौदी में लोगों को जागरूक किया गया और उन्हें पंफलेट बांटे गए।

## न्यूज फ्लैश

### जान से मारने की धमकी देने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**थाना खरखौदा की** पुलिस टीम द्वारा हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी देने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तार आरोपी आशीष निवासी गोपालपुर जिला सोनीपत का रहने वाला है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 16 मई को सन्दीप पुत्र रणधीर निवासी गोपालपुर ने थाना खरखौदा में शिकायत दी कि मेरी अनील उर्फ विनय निवासी गोपालपुर के साथ पैसो को लेकर काफी दिन से कहा सुनी चल रही थी। जिसके चलते 15 मई समय रात करीब साढ़े 10 बजे मेरे मकान के सामने गली मे गोली 2 बार चलने की आवाज सुनाई दी, तो मैं मैन गेट को खोल कर बाहर निकला तो आशीष निवासी गोपालपुर था। जिसके हाथ में पिस्तौल था औ? उसके साथ राजेश व वजीर, हैप्पी निवासी गोपालपुर व ललीत निवासी भैसंरु व अनील निवासी गोपालपुर उपरोक्त इन सभी ने पैसे के लेन देन को लेकर रंजीश दहशत फैलाने के लिए हमारे मकान के सामने गोलियाँ चलाई है। और इन सभी ने जाते-जाते कहा है कि अगर पैसे नहीं दिए तो अबकी बार जाने से मार देगे। इस घटना का थाना खरखौदा में मामला दर्ज किया गया। थाना खरखौदा की जांचकर्ता टीम में नियुक्त सब इंस्पेक्टर हरिप्रकाश नें अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियो की खोजबीन करते हुए घटना में संलिप्त आरोपी आशीष निवासी गोपालपुर जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेशानुसार एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

### ओपिनियन पोल दिखाने पर रहेगा प्रतिबंध

**सोनीपत। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि भारत चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार लोकसभा आम चुनाव की मतदान प्रक्रिया की समाप्ति के 48 घंटे पहले यानि 23 मई को सायं 6 बजे तक ओपिनियन पॉल के परिणाम प्रकाशन व प्रसारण पर प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान सोशल मीडिया सहित किसी भी मीडिया माध्यम से ओपिनियन पॉल परिणाम को प्रकाशन व प्रसारण नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि कि भारत चुनाव आयोग के निदेर्शों के अनुसार चुनाव प्रचार के बंद होने से लेकर मतदान समाप्ति तक लोकसभा चुनाव से संबंधित ओपिनियन पोल व चुनाव संबंधी किसी अन्य सर्वे आदि के परिणाम के प्रसारण व प्रकाशन पर पाबंदी है। भारत निर्वाचन आयोग ने जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 126 (1) (बी) के तहत ऐसे आदेश जारी किए हुए हैं। उन्होंने बताया कि आयोग के आदेशों के अनुसार सभी संबंधित क्षेत्रों में चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के समय से 48 घंटे पहले अर्थात 23 मई सायं 6 बजे से ओपिनियन पोल व सर्वे आदि के परिणाम के प्रसारण व प्रकाशन पर पाबंदी रहेगी।

### दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत**

**सदर थाना सोनीपत** पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की वरदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मुन्ना निवासी उत्तर प्रदेश हाल में बंदेपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने गत 20 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी नाबालिग है। उसके पड़ोस में बनी भैंसों की डेयरी में गोबर लेने के लिए गई थी। जहां पर मुन्ना ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म करने की वारदात को अंजाम दिया। उसकी बेटी ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल करवाकर कोर्ट में बयान दर्ज करवाएं। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया।

# कांग्रेस ने हमेशा झूठ बोलकर जनता को धोखा दिया : राजनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को करनाल के कस्बा घरौंडा में आयोजित विजय संकल्प रैली में करनाल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के लिए वोट मांगे। इस मौके पर राजनाथ ने कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा झूठ की राजनीति की है। अब तो उनके मंसूबे और खतरनाक हो गए हैं। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कहते हैं अगर किसी के घर के मुखिया की मृत्यु हो जाती है तो उसकी आधी संपत्ति ले ली जाएगी, क्या देश का कोई नागरिक ऐसे कानून को स्वीकार करेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं कांग्रेस नेताओं से पूछना चाहता हूं कि क्या उनके शासनकाल में हर रोज घोटाले नहीं हो रहे थे। भ्रष्टाचार के मामले में अदालत के आदेश पर उनके मंत्री को जेल की हवा खानी पड़ी थी। सैम पित्रोदा अनाप शनाप बयान देते थे, इसी कारण कांग्रेस ने उन्हें हटाया। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में हर साल विधानसभा चुनाव होते हैं, पांच साल में लोकसभा चुनाव होते हैं। समय और पैसा बर्बाद होता है। तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर वन नेशन, वन इलेक्शन करवाया जाएगा। ये बहुत पहले हो जाना चाहिए था, लेकिन कांग्रेस वाले कहते थे कि यह संभव नहीं है। असंभव को संभव करने की ताकत किसी में है तो वो भाजपा में है। वो ताकत केंद्र की मोदी सरकार में है। 2004 से लेकर 2014 तक कांग्रेस की सरकार थी, तब देश अर्थव्यवस्था के मामले में 11वें स्थान पर था। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में आए हैं, हम 11वें नंबर से छलांग लगाकर 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारा दुनिया में डंका बजता है। वर्ष 2027 तक भारत दुनिया की अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। अमेरिका होगा, चीन होगा, उसके बाद भारत होगा। वर्ष 2047 तक भारत विश्व की महाशक्ति बनेगा। पाकिस्तानी सांसद ने भी कहा है कि भारत विश्व की महाशक्ति बनने जा रहा है। हरियाणा के लोग स्वाभीमानी होते हैं, वे भूखे रह लेंगे, लेकिन अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करेंगे। इससे पहले रैली में पहुंचने पर करनाल से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और अन्य नेताओं ने पगड़ी पहनाकर रक्षामंत्री राजनाथ का भव्य स्वागत किया। राजनाथ ने कहा कि आज नए भारत का निर्माण हो रहा है, आप खुशकिस्मत हैं कि आपके यहां मनोहर लाल प्रत्याशी हैं। देश का मस्तक ऊंचा होना चाहिए। लक्ष्मी जी कमल के फूल पर घर आती हैं, इसलिए कमल का बटन दबाना है और मेरी अंतिम बात सुन लीजिए कि आप मनोहर लाल को केवल सांसद नहीं चुन रहे हैं कुछ और ही चुन रहे हैं।

**कांग्रेस ने झूठ की राजनीति की**

राजनाथ सिंह ने कहा कि 50 साल से ज्यादा तक जनता ने कांग्रेस को सत्ता सौंपे रखी। पंडित जवाहरलाल नेहरू कहते थे कि भारत आजाद हो गया है, अब गरीबी खत्म करेंगे, इंदिरा गांधी भी कहती थी कि गरीबी खत्म करेंगे, मनमोहन सिंह भी कहते थे कि गरीबी खत्म करेंगे, लेकिन उनसे कुछ नहीं हो पाया। उन्होंने हमेशा वोट बैंक के लिए झूठ की राजनीति की है। लेकिन आजाद भारत में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। देश से गरीबी को पूरी तरह समाप्त करने में 10-15 साल का और समय लगेगा। देश में लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर देश में गरीबी पूरी तरह खत्म करके दिखाएंगे।

**भाजपा सभी वादे पूरे करेगी**

रक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा कभी झूठे वादे नहीं करती, हमने चुनाव से पहले कहा था कि जिस दिन केंद्र में भाजपा सरकार बनेगी धारा 370 खत्म करेंगे और सरकार बनते ही 370 धारा खत्म कर दी। हमने वादा किया था कि राम मंदिर बनाएंगे और सत्ता में आते ही राम मंदिर बना दिया। भाजपा कभी भी झूठ की राजनीति नहीं करती है, आपके सभी वादे पूरे करेंगे। हिंदू हो या मुस्लिम किसी भी धर्म की महिलाएं हो हम अत्याचार सहन नहीं करेंगे और इसीलिए तीन तलाक खत्म कर दिया। इससे मुस्लिम महिलाएं भी खुश हैं।

**इंदिरा ने देश में इमरजेंसी लगाई**

राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस कहती है कि नरेंद्र मोदी तानाशाह हैं। 1975 के चुनाव में इंदिरा गांधी चुनाव हार गई थीं, लेकिन उन्होंने क्या किया कि देश में इमरजेंसी लगा दी।

## यौगिक चिकित्सा मानव की हर बीमारी का समाधान प्रस्तुत करती है: दिनेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। योग गुरु दिनेश** गुलाटी के मार्गदर्शन में सूर्य एनक्लेव सेक्टर-7 में प्रतिदिन योग कक्षा चलाई जा रही हैं, जिसमें नित्य योग साधक भाग लेकर स्वस्थ हो रहे हैं। दिनेश गुलाटी द्वारा योग प्राणायाम का सत्र लिया गया। उन्होंने वहां पहुंचे साधकों को यौगिक क्रियाओं, आसन तथा प्राणायाम का अभ्यास करवाया। मिशन के योग शिक्षक नवीन जिंदल ने यहां मौजूद रहकर साधकों को श्वास की सही विधि के साथ योग करने की विधि बताई। सुभाष आर्य जो यहां नियमित रूप से योग करवा रहे हैं, उन्होंने भी साधकों को आसनों का अभ्यास करवाया। दिनेश गुलाटी ने सत्र के दौरान कहा कि यदि हम ईश्वर में आस्था के साथ योग करें तो हम उसकी कृपा को स्वयम् ही महसूस करेंगे और निश्चित ही परिणाम भी सकारात्मक होगा। योग केवल क्रियाओं का अभ्यास ही नहीं है, अपितु एक सम्पूर्ण जीवन शैली है और यौगिक चिकित्सा मानव की हर बीमारी का समाधान प्रस्तुत करती है। योग मनुष्य को शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक और बौद्धिक रूप से स्वस्थ रखता है। कक्षा में काफी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने योग का लाभ लिया।

## मनोहर सुशासन का जीता जागता उदाहरण बने: विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को विजयी बनाने के लिए पूरे क्षेत्र में भीषण गर्मी में नुक्कड़ सभाओं का दौर सुबह-शाम चल रहा है इसी कड़ी में पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज ने आदर्श नगर पार्क में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता शहरी विधायक प्रमोद विज ने की उनके साथ निवर्तमान पार्षद अश्वनी धींगडा, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र तनेजा भी उपस्थित रहे `नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद विज ने कहा कि शहरी विकास भाजपा के केंद्र और प्रदेश सरकारों की मुख्य प्राथमिकता रही है और भाजपा सरकार में सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर चलते हुए नगर निगम के सभी वार्डों में समान विकास करवाया गया है जहाँ शहर की सभी सड़कों का कायाकल्प हुआ है वहीँ शहर की सड़कें आधुनिक फैंसी स्ट्रीट लाइटों से जगमग हो रही हैं आदर्श नगर-वीवर्स कॉलोनी सहित शहर में 5 स्थानों पर रेलवे अंडरपास पर काम किया गया है` हरियाणा सरकार की बिना पर्ची-बिना खर्ची से शहर के अनेक बच्चे एचसीएस जैसी उच्च कोटि की सेवाओं में नियुक्ति ले पाए हैं पानीपत के सुरेन्द्र कुमार जैसे एचसीएस में भर्ती हुए अनेक युवा हरियाणा सरकार के मनोहर सुशासन का जीता जागता उदाहरण बने हैं` उन्होंने कहा कि महिलाओं को जहाँ उज्ज्वला गैस कनेक्शन निशुल्क दिए गए हैं वहीँ महिलाओं के लिए इज्जत घर बनवाए गए हैं और गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत अगले पांच वर्षों तक मुफ्त राशन प्रदान किया जा रहा है तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिला समूह को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाना, पीएम आवास योजना के तहत आवास सुविधा और जल जीवन मिशन के तहत स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना, आयुष्मान और पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से गरीबों का बिजली बिल में कटौती का लाभ दिया जा रहा है `इस अवसर पर भाजपा नेता सुनील सोनी, विनीत कुमार, सुशील शर्मा, नरेंद्र जिंदल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**उदाहरण**

▶▶ महिलाओं को जहाँ उज्ज्वला गैस कनेक्शन निशुल्क दिए गए हैं वहीँ महिलाओं के लिए इज्जत घर बनवाए गए हैं

## चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाएं: शेखावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**




**पुलिस अधीक्षक** अजीत सिंह शेखावत ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक, क्राइम युनिट इंचार्ज व चौकी इंचार्जों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व स्वतंत्र रूप से संपन्न करवाना पुलिस की नैतिक जिम्मेदारी है। जिला में कुल 876 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। सभी पुलिस अधिकारी स्वयं प्रत्येक बूथ को चेक करें। सभी बूथों पर प्रयाप्त सख्या में जिला पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया जाएगा। सभी पुलिसकर्मी सर्तकता के साथ बूथ ड्यूटी करें। स्ट्रोग रूम से पोलिंग पार्टी के साथ उपलब्ध करवाए गए वाहनों में सुरक्षित तरीके से इवीएम मशीनों को बूथ तक लेकर जाए। पोलिंग पार्टी द्वारा ईवीएम मशीन प्राप्त करते ही पुलिसकर्मियों व पोलिंग पार्टी की डयूटीयां आरम्भ हो जाएगी जब तक ईवीएम मशीन वापिस स्ट्रोग रूम ने सुरक्षित रूप से जमा नही हो जाती अपनी डयूटी को सर्तकता से करे। डयूटी के दौरान सभी पुलिसकर्मी सरकारी वाहन का ही प्रयोग करें।

करनाल लोकसभा क्षेत्र में पानीपत जिला के चार विधानसभा क्षेत्र आते है। इनमें 40 जोनल मजिस्ट्रेट व 40 पेट्रोलिंग पार्टी तैनात की है। सभी पेट्रोलिंग पार्टी वाकी टॉकी सेट से लैस होगी। सभी पुलिस अधिकारी क्षेत्र जोनल मजिस्ट्रेट से तालमेल बनाकर रखे। चुनाव के दौरान कोई भी व्यवधान उत्पन्न होने का अंदेशा हो तो तुरंत इनको सूचना दे। सभी आदर्श आचार सहित की अनुपालना करें। लापरवाही की सूरत में कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने निर्देश दिये कि संद्विगध वाहनों व व्यक्तियों पर विशेष रूप से नजर रखे।

नाकाबंदी के दौरान गहनता से चैकिग करें। संद्विगध किस्म के युवकों या जिन आरोपियों के खिलाफ गंम्भीर गंभीर किस्म के अभियोग दर्ज है या जो जेल मे बंद थे अब पैरोल या बैल पर बाहर आए हुए है ऐसे सभी युवकों पर विशेष रूप से नजर रखें। इंटर स्टेट नाकों पर वाहनों की गहनता से चैकिग करें। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक मख्यालय धर्मबीर खर्ब, उप पुलिस अधीक्षक सतीश गौतम, उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र सिंह, उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी, उप पुलिस अधीक्षक संदीप व जिला के सभी थाना प्रभारी, क्राइम युनिट इंचार्ज व चौकी इंचार्ज उपस्थित रहे। लोकसभा चुनाव 2024 की जिला में सभी तैयारी समय रहते पुख्ता कर ली गई है। करनाल लोकसभा क्षेत्र में पानीपत जिला के चार विधानसभा क्षेत्र आते है। जिनमे पानीपत विधानासभा क्षेत्र में उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी, पानीपत ग्रामीण में उप पुलिस अधीक्षक सतीश गौतम, इसराना में उप पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार व समालखा मे उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## पुरस्कार से सम्मानित किए गए लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी



**रोहतक: रोहतक** में को माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के द्वारा "हरियाणा खेल गौरव पुरस्कार" का आयोजन किया गया जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत के वंशज चौहान व रितिका दहिया को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया है कि यह पुरस्कार राज्य में सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों को दिया जाता है और ये हमारे लिए बहुत ही खुशी की बात है कि इस पुरस्कार के लिए लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत के वंशज व रितिका का नाम नामांकित हुआ। वंशज चौहान ने स्पेन में आयोजित यूथ वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक, जॉर्डन में आयोजित यूथ एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक व दुबई में आयोजित जूनियर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक व रितिका दहिया ने कजाकिस्तान में आयोजित अंडर 22 एशियन वूमेन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक व नोएडा में आयोजित सीनियर वूमेन नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर यह उपलब्धि हासिल की व अपने स्कूल व एकेडमी का नाम रोशन किया। दोनो ही खिलाड़ी अपनी कर्मठता और समय के पाबंद होने के कारण इस उपलब्धि को प्राप्त करने में सक्षम हुए हैं।

## सनौली मंडल के अधिकतर सरपंच भाजपा के साथ: जगबीर आर्य

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**भाजपा किसान मोर्चा** के जिला प्रभारी जगबीर आर्य ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि सनौली मंडल के अधिकतर सरपंच भाजपा के साथ हैं। कुछ सरपंच कांग्रेस समर्थक हैं। जिन्होंने भाजपा के उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के खिलाफ चुनाव खराब करने की कोशिश की है। उन्होंने जिन सरपंचों को अपनी बैठक में मौजूद बताया था वह उपस्थिति भी नहीं थे। कुछ को व्यक्तिगत कार्य बोलकर बुलाया था जो की भाजपा समर्थक हैं। ऐसा करना नैतिकता के लिए सही नहीं है। वहीं जिस ब्लॉक समिति अध्यक्ष के पति को भाजपा का बताया गया है वह समालखा के कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छौक्कर का चहेता है। ब्लाक समिति की चेयरमैन उसकी पत्नी है। जिला प्रभारी जगबीर आर्य ने कांग्रेस पर झूठ की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सदैव झूठ का सहारा लेती आई है लेकिन अब देश के मतदाता जागरुक हो चुका है। वह जमाना गया जब कांग्रेस नेता जैसे कहते थे जनता मान लेती थी पर अब गूगल का जमाना है और गूगल सभी के पास है। इसलिए अब कभी भी कांग्रेस की दाल गलने वाली नहीं है। जनता पीएम मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों को समझते हुए 25 मई को भाजपा को वोट करेगी तथा मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाएगी। वहीं करनाल से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को भी रिकार्ड मतों से विजेता बनायेगी।

## भाजपा को छोड़ 15 साल बाद कांग्रेस में की घर वापसी

**समालखा( कुलदीप सिंह )**

**समालखा विधानसभा** क्षेत्र में भाजपा को एक ओर झटका लगा है ओर ये झटका 2009 में भाजपा की टिकट पर समालखा से चुनाव लड चुकी बीजेपी नेत्री एडवोकेट अंजू छौक्कर ने दिया है। उन्होंने बुधवार को समालखा में एक प्रैस कांफ्रेंस में खुलासा किया है कि उसने तीन दिन पहले ही रोहतक में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान व पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की है ओर अब वह कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा के लिए प्रचार करेंगी।



एडवोकेट अंजू छौक्कर ने भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व सीएम मनोहर लाल के साथ साथ मौजूदा सांसद संजय भाटिया पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इनकी तानाशाही के कारण ही पूर्व विधायका रोहिता रेवड़ी सहित अनेक कार्यकर्ता पार्टी को छोड़ रहे हैं। विगत 15 साल बाद कांग्रेस में अपनी घर वापसी पर बेहद उत्साहित एडवोकेट अंजू छौक्कर ने कहां कि 2008 में हुए गूर्जर आन्दोलन के दौरान हुए मुकदमे दर्ज होने से खफा होकर कांग्रेस को छोड़ना अपनी भूल बताया। कांग्रेस पार्टी से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत करने वाली महिला नेत्री अंजू छौक्कर कांग्रेस में जिला महिला कांग्रेस की प्रधान,युवा कांग्रेस में प्रदेश महासचिव तथा प्रदेश कांग्रेस की सचिव रह चुकी है। कांग्रेस छोड़कर आई अंजू छौक्कर को भाजपा ने 2009 में समालखा विधानसभा क्षेत्र से टिकट दी लेकिन चुनाव नहीं जीत पाई तभी से वह भाजपा में हासिये पर चली गई।15 वर्ष के अंतराल के बाद भाजपा को अलविदा कहने वाली अंजू छौक्कर ने भाजपा पर महिलाओं को सम्मान नहीं देने का आरोप लगाया ओर कांग्रेस में घर वापिसी पर उन्होंने कहा कि भगवान राम का बनवाया भी 14 साल का रहा, लेकिन उनका बनवास तो राम से भी ज्यादा हो गया है।

## हैफेड डीएम ने राष्ट्रहित में मतदान की शपथ दिलाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**




**करनाल। प्रशासनिक कार्यालयों** में अक्सर अधिकारी फाइलों और वर्क लोड को कम करने में ही उलझे रहते हैं और इस तरह से उनका नौकरी का कार्यकाल पूरा हो जाता है, लेकिन शहर में एक ऐसे अधिकारी भी हैं जो मानवीय सेवा के साथ-साथ सामाजिक व राष्ट्रीय मुद्दों के लिए न केवल संजीदगी बरतते हैं, बल्कि सच्चे कर्मयोगी की तरह उस पर अमलीजामा पहनाकर एक्शन भी लेते हैं। हम बात कर रहे हैं करनाल हैफेड कार्यालय के जिला प्रबंधक उधम सिंह की। करनाल के प्रशासनिक अधिकारियों में सबसे पहले हैफेड कार्यालय में डीएम उधम सिंह ने हैफेड स्टाफ को बुलाकर राष्ट्रहित में मतदान की पुरजोर अपील की। सबसे पहले उन्होंने वह वीडियो दिखाया, जिसमें बताया गया कि किस तरह से एक वोट के पीछे सरकार बनने से रह गई और किस सन में कौन-कौन बड़े स्तर के नेता एक वोट के पीछे सत्ता से वंचित रह गए। यही नहीं देश के महापर्व यानी मतदान के लिए हैफेड डीएम ने हैफेड स्टाफ के सभी साथियों को मतदान की शपथ दिलाते हुए याद कराया कि वे मतदान के दिन यानी 25 मई को मतदान तो करेंगे, साथ ही आसपास के लोगों को भी वोटिंग की महत्ता बताते हुए उन लोगों को भी प्रेरित करेंगे, जो किसी ना किसी कारणवश वोट करने नहीं जाते। मतदान के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों से कहा कि राष्ट्रहित में जरूर मतदान करें, क्योंकि ये महापर्व पांच साल में एक बार आता है जब हम देश की सरकार चुनते हैं, उसमें वोट के रूप में हम सब की भागीदारी का महापर्व है मतदान का दिन। मतदान के दिन यानी 25 मई के लिए उन्होंने मेरा वोट, मेरा अधिकार, मेरी शक्ति नामक स्लोगन दिया, जिसे हैफेड स्टाफ सदस्यों ने खासा सराहा। हैफेड डीएम उधम सिंह ने शपथ के बाद सभी स्टाफ सदस्यों से कहा कि वे 25 मई के अगले दिन जब कार्यालय में आएं तो हाथ की अंगुली पर वोट देने वाले निशान को जरूर दिखाएं। उन्होंने दोहराया कि ये हम सब का देश के प्रति पुनीत व पहला फर्ज है जो हमें 25 मई को सुबह सबसे पहले करना है, उसके बाद जो भी काम आप करना चाहें उसके लिए स्वतंत्र हैं, गर्मी सर्दी के मौसम तो चलते रहते हैं, लेकिन महापर्व यानी मतदान का दिन पांच साल में एक बार आता है। इसलिए इस मौके को अपनाएं, गवाएं नहीं। स्टाफ सदस्यों ने एक स्वर में हामी भरी और एक स्वर में कहा, डीएम सर, हम सभी मतदान जरूर करेंगे और कराएंगे भी।

## संपूर्ण स्कूल का विकास शिक्षकों के स्वास्थ्य पर आधारित:डॉ नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**




**कुरुक्षेत्र :ग्रीनफील्ड** पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र में 'फिजिकल ओर मेंटल वैलनेस' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र, ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल सलपानी ,ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल, पर्ल और एसबीडी कॉलेज से लगभग 120 शिक्षकों ने भाग लिया। डॉ० नेहा दुआ सोबती और डॉ० दीप्ति रोहिल्ला रहे। वर्कशॉप में विभिन्न विषयों को शामिल किया गया, जिनमें स्वस्थ विकास से लेकर भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य, पारस्परिक संबंध, लैंगिक समानता, मूल्य और नागरिकता, पोषण, स्वास्थ्य, स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना शामिल थे। डॉ नेहा दीवाने अपने वक्तव्य में मेंटल हेल्थ और उससे जुड़े हुए पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि समाज में औरतों को अपने स्वास्थ्य पर सबसे पहले ध्यान देना चाहिए।

## संपादकीय

# गौतम बुद्ध के विचार

**विचारक** और अनुभवसिद्ध गौतम बुद्ध मानवता के इतिहास में कई दृष्टियों से आज भी महत्वपूर्ण बने हुए हैं। धर्म की स्थापना, ध्यान और मन के प्रशिक्षण तथा संघ की स्थापना जैसे कार्यों द्वारा वे एक महामानव के रूप में ढाई हजार वर्षों से वे मार्गदर्शन कर रहे हैं। उनके विचार प्रखर थे और सोचने का नजरिया साहसपूर्ण, जो उनके लगभग पांच दशकों के सक्रिय और कठोर भिक्षु-जीवन के दौरान विकसित हुआ था। उनकी सोच इस बात से शुरू होती है कि जीवन में हर कोई असंतुष्ट और बेचैन है। उन्हें जन्म और मृत्यु का बंधन एक बेड़ी जैसा लगा था। इसलिए इस बात में आश्चर्य नहीं होना चाहिए यदि दुःख से मुक्ति या निर्वाण (पूर्ण स्वातंत्र्य) उनके चिंतन और प्रयोग का परम लक्ष्य बन गया । ईस्वी पूर्व पांचवीं सदी में जब बुद्ध का आगमन हुआ था तब भारत में ब्राह्मणवाद और कर्मकांड का बोलबाला था। पर उसी दौर में आर्थिक बदलाव शुरू हो चुके थे। कृषि की सम्पन्नता से नगर विकसित हो रहे थे और सुदूर व्यापार भी हो रहा था। इस तरह के बाह्य सम्पर्क से भारत से बाहर की संस्कृतियों की जानकारी मिलनी शुरू हुई। यह भी पता चला कि जातिहीन मानव समाज भी होते हैं और दूसरी भाषाओं का उपयोग करते हैं। सामाजिक गतिशीलता के इस दौर में एक ऐसे धर्म की जरूरत महसूस हुई जो ब्राह्मण पुरोहितों, स्थानीय रीति-रिवाजों और प्राचीन मान्यताओं पर न टिका हो। उसी दौर में ब्राह्मणवाद का खंडन जैन मत भी कर रहा था। दूसरी ओर उपनिषद भी अस्तित्व में आ रहे थे जो ब्रह्मांड के रहस्यों को भेदने, ब्रह्म से सायुज्य और पुनर्जन्म से सदा के लिए मुक्ति के विचार प्रस्तुत कर रहे थे। शाश्वत, अपरिवर्तनशील जगत का सार-तत्व ब्रह्म के रूप में प्रतिपादित किया गया। कहा गया कि प्रत्येक जीवित प्राणी में स्थायी आत्मन का वास होता है। वह आत्मन ही ब्रह्म है- अहं ब्रह्मास्मि, तत त्वम असि । यह सोच तत्ववाद की पराकाष्ठा थी। बुद्ध को लगा कि जीवन में इस तरह का अनुभव करना व्यक्ति के स्वतंत्र अस्तित्व की संभावना को नकारता है। अकसर है या अस्ति (बीइंग) और जो हो रहा है या भवति (बिकमिंग) को दो छोर समझा जाता है। पहला स्थिर है तो दूसरा परिवर्तनशील । सत्यं, शिवं और सुंदरं को ब्रह्मन का स्वरूप कहा गया। बुद्ध की समझ में हमारा अनुभव-जगत सतत परिवर्तनशील था। हमारी संतुष्टि भी परिवर्तनशील होती है और मृत्यु की भी छाया भी अनवरत बनी रहती है। परिवर्तन में पीड़ा, कुंठा या असंतोष भी बना रहता है। बुद्ध ने अस्तित्व या जीवन के तीन लक्षण बताएः अस्थायित्व, असंतुष्टि, तथा अनात्त । वस्तुएं अस्थायी होती हैं और बदलती रहती हैं यह बात उपनिषद के विचार के ठीक उल्टी थी । बुद्ध की सोच कुछ इस तरह थी - यदि आत्म है तो इसका अर्थ होगा कि अस्तित्व अपरिवर्तनशील होगा और जीवन की प्रक्रियाओं में हमारी कोई भूमिका न होगी और हम उसका अनुभव भी न कर सकेंगे क्योंकि हमें अनुभव तो क्रिया का अर्थात क्रम और उसके परिणाम का ही होता है। इसलिए वेदांत के विपरीत बुद्ध ने अन आत्मन या अनात्त का विचार रखा। बुद्ध ने सत, चित और आनंद वाली ब्रह्म की अवधारणा के विपरीत अनित्य, अविद्या और दुःख की सच्चाई को पहचाना। उन्होंने वेद, कर्मकांड और जाति-संस्था इन सबका खंडन किया। फिर ह्यआर्यह्न यानी सज्जन के संघ की बात की। ब्राह्मणवाद का तीव्र खंडन किया परंतु सांख्य दर्शन से जगत के प्रलय के कल्प-क्रम का विचार, योग से ध्यान के सिद्धांत, और न्याय-वैशेषिक से बहुलता का विचार और तर्क-पद्धति को ग्रहण किया।

# वोटर लिस्ट में बढ़ती महिलाएं संसद में कब बढ़ेगी?

–प्रियंका सौरभ

> "रिपोर्ट के मुताबिक, 2047 तक (2049 में संभावित चुनाव) महिला मतदाताओं की संख्या बढ़कर 55 फीसदी (50.6 करोड़) और पुरुषों की संख्या घटकर 45 फीसदी (41.4 करोड़) हो जाएगी। भारत के राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पिछले दशक की सबसे महत्वपूर्ण बातों में से एक है। महिला मतदाता अब चुनावों में पहले से कहीं अधिक बड़ी भूमिका निभा रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अब साक्षरता बढ़ने के कारण महिलाएं राजनीतिक फैसला लेने वाले एक अहम समूह के रूप में उभर रही हैं। महिला आरक्षण विधेयक, रसोई गैस सब्सिडी, सस्ते ऋण और नकद राशि के वितरण जैसे कदमों से महिला मतदाताओं को लुभाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से बीजेपी के वोटों में वृद्धि में मदद मिली है"

**राजनीतिक** दल कल्याणकारी योजनाओं और रियायतों के वादों के साथ महिलाओं के वोट हासिल करने की होड़ में हैं, लेकिन सच्चा सशक्तिकरण अभी भी मायावी है। जब तक राजनीतिक पार्टियां अधिक से अधिक महिलाओं को टिकट नहीं देती, तब तक उनकी भागीदारी बढ़ाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती। देश की मतदाता सूची में महिला वोटरों की तादाद लगातार बढ़ रही है। लेकिन राजनीतिक दलों की ओर से टिकट नहीं मिलने के कारण वे इस अनुपात में संसद में नहीं पहुंच पातीं। मतदाताओं में आधी आबादी महिलाओं की है। पिछले 15 सालों में हिंदी बेल्ट राज्यों में उनकी संख्या में वृद्धि चुनाव परिणामों पर गहरा असर डाल रही है। इन सबके बीच एक सवाल यह भी उठता है कि भारत की संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अब भी कम क्यों है? क्यों अब भी लगभग सभी पार्टियां महिलाओं को टिकट देने से कतराती हैं?

भारत में महिलाओं की स्थिति हमेशा एक समान नहीं रही है। इसमें समय-समय पर हमेशा बदलाव होता रहा है। यदि हम महिलाओं की स्थिति का आंकलन करें तो पता चलेगा कि वैदिक युग से लेकर वर्तमान समय तक महिलाओं की सामाजिक स्थिति में अनेक तरह के उतार-चढ़ाव आते रहे हैं और उसके अनुसार ही उनके अधिकारों में बदलाव भी होता रहा है। इन बदलावों का ही परिणाम है कि महिलाओं का योगदान भारतीय राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्थाओं में दिनों-दिन बढ़ रहा है जो कि समावेशी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक सफल प्रयास है। चुनाव महिला उम्मीदवारों से जुड़े कई राजनैतिक पूर्वाग्रहों को दूर करने में मददगार साबित हो सकता है। साथ ही महिलाओं का राजनीतिक सशक्तीकरण करने भी कारगर सिद्ध होगा। तमाम प्रमुख राजनीतिक दलों की कथनी और करनी में भारी फर्क है। जब तक राजनीतिक पार्टियां अधिक से अधिक महिलाओं को टिकट नहीं देती, तब तक उनकी भागीदारी बढ़ाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती। लेकिन टिकटों के बंटवारे के समय तमाम दल किसी न किसी बहाने महिलाओं को चुनाव लड़ने से दूर रखने का प्रयास करते रहे हैं। जब तक यह पुरुषवादी मानसिकता नहीं बदलती, महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बावजूद तस्वीर ज्यादा नहीं बदलेगी।



महिला मतदाता इतनी महत्वपूर्ण कभी नहीं थी जितनी अब है। महिला मतदाताओं को तेजी से एक ऐसे निर्वाचन क्षेत्र के रूप में पहचाना जा रहा है जो परिणामों को प्रभावित कर सकता है, महिला आरक्षण विधेयक के जल्दबाजी में पारित होने से बेहतर इसका कोई प्रतीक नहीं है। भाजपा द्वारा "नारी शक्ति" पर किए गए सभी बड़े दावों के बावजूद, नवंबर में पांच राज्यों के चुनावों में उसके केवल 10 से 15 प्रतिशत उम्मीदवार महिलाएं थीं। यही बात उन अन्य पार्टियों पर भी लागू होती है जिनकी अखिल भारतीय उपस्थिति है। भारत की महिला मतदाता, एक ताकत है जिसे गिना जाना चाहिए। राजनीतिक दल कल्याणकारी योजनाओं और रियायतों के वादों के साथ महिलाओं के वोट हासिल करने की होड़ में हैं, लेकिन सच्चा सशक्तिकरण अभी भी मायावी है। जब तक राजनीतिक पार्टियां अधिक से अधिक महिलाओं को टिकट नहीं देती, तब तक उनकी भागीदारी बढ़ाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती। देश की मतदाता सूची में महिला वोटरों की तादाद लगातार बढ़ रही है। लेकिन राजनीतिक दलों की ओर से टिकट नहीं मिलने के कारण वे इस अनुपात में संसद में नहीं पहुंच पातीं। मतदाताओं में आधी आबादी महिलाओं की है। पिछले 15 सालों में हिंदी बेल्ट राज्यों में उनकी संख्या में वृद्धि चुनाव परिणामों पर गहरा असर डाल रही है। इन सबके बीच एक सवाल यह भी उठता है कि भारत की संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अब भी कम क्यों है? क्यों अब भी लगभग सभी पार्टियां महिलाओं को टिकट देने से कतराती हैं? बीते लोकसभा चुनाव में 542 सांसदों में से 78 महिलाएं थीं। इनमें सबसे अधिक उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 11-11 महिलाएं चुनाव जीती थीं। संसद में महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने वाली भाजपा ने 417 संसदीय सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। इनमें 68 महिलाएं हैं। यानी पार्टी ने सिर्फ 16 फीसदी महिलाओं पर ही भरोसा जताया है। बीजेपी ने 2009 में 45, 2014 में 38 और 2019 में 55 महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था। कांग्रेस ने अब तक 247 उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसमें 35 उम्मीदवार यानी 14 फीसदी से कुछ ज्यादा महिलाएं हैं। वर्ष 2019 में कांग्रेस ने 54 महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया था। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में जिन 42 उम्मीदवारों की घोषणा है उनमें 12 महिलाएं हैं। लोकसभा चुनाव में कुल 96.8 करोड़ मतदाताओं में से 68 करोड़ लोग मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें 33 करोड़ यानी 49 फीसदी महिला मतदाता होंगी। 85.3 लाख महिलाएं पहली बार मतदान करेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, 2047 तक (2049 में संभावित चुनाव) महिला मतदाताओं की संख्या बढ़कर 55 फीसदी (50.6 करोड़) और पुरुषों की संख्या घटकर 45 फीसदी (41.4 करोड़) हो जाएगी। भारत के राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पिछले दशक की सबसे महत्वपूर्ण बातों में से एक है। महिला मतदाता अब चुनावों में पहले से कहीं अधिक बड़ी भूमिका निभा रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अब साक्षरता बढ़ने के कारण महिलाएं राजनीतिक फैसला लेने वाले एक अहम समूह के रूप में उभर रही हैं। महिला आरक्षण विधेयक, रसोई गैस सब्सिडी, सस्ते ऋण और नकद राशि के वितरण जैसे कदमों से महिला मतदाताओं को लुभाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से बीजेपी के वोटों में वृद्धि में मदद मिली है। महिला वोटरों की संख्या बढ़ी है क्योंकि उनकी आबादी और शिक्षा भी बढ़ी है। राजनीतिक दलों ने भी जागरूकता फैलाने में योगदान दिया है। यह उनके भी हित में था की वो महिलाओं को जागरुक करें और मतदान के लिए प्रोत्साहित करें ताकि उनका वोट प्रतिशत बढ़ सके। महिलाओं की तरफ फोकस इसलिए भी बढ़ गया क्योंकि पुरुष कई बार काम की तलाश में बाहर चले जाते हैं और ऐसे में वो मतदान के लिए अपने क्षेत्र में नहींआते हैं ह्व चुनाव आयोग ने भी इस दिशा में काम किया और महिलाओं के लिए बूथ तक पहुंचना और वोट डालना आसान बनाया। बूथों पर गर्भवती महिलाओं के लिए भी अलग इंतजाम किए जाते हैं। पर यह प्रगति इतनी धीमी है कि भारत अब भी कई बड़े देशों से इस मामले में पीछे है। महिला वोटर्स की संख्या में तो इजाफा हुआ है पर कैंडीडेटडे और सांसदों के तौर पर उनकी संख्या अभी भी बहुत कम है। तमाम राजनीतिक दल महिलाओं को कई स्पेशल स्कीम से लुभाने की कोशिश करते हैं। जैसे फ्री बस राइड, डायरेक्ट मनी ट्रांसफर आदि पर ज्यादातर पार्टियांउन्हें टिकट देने के मामले में कंजूसी करती हैं। छतीसगढ़ और त्रिपुरा को छोड़ दें तो ज्यादातर राज्यों में महिला सांसदों की संख्या बहुत कम है। स्वामी विवेकानन्द का मानना है – कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति का सर्वोत्तम थर्मामीटर है, वहाँ की महिलाओं की स्थिति। हमें महिलाओं को ऐसी स्थिति में पहुंचाने की कोशिश करनी चाहिए, जहाँ वे अपनी समस्याओं को अपने ढंग से खुद सुलझा सकें।

हमारी भूमिका महिलाओं की ज़िंदगी में उनका उद्धार करने वाले की न होकर उनका साथी बनने और सहयोगी की होनी चाहिए। क्योंकि भारत की महिला इतनी सक्षम है कि वे अपनी समस्याओं को खुद सुलझा सकें। कमी अगर कहीं है तो बस इस बात की, हम एक समाज के तौर पर उनकी काबलियत पर भरोसा करना सीखें। ऐसा करके ही हम भारत को उन्नति के रास्ते पर ले जा पाएंगे।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# पीओके की नहीं पीके की भविष्यवाणी

**राकेश**

**आजकल** भारत में दो ही चीजें ज्यादा चर्चित हैं । एक पीओके और दूसरे पी के। दोनों का रिश्ता भारत से और भारतीय जनता पार्टी से। भारत की जनता से इन दोनों का कोई लेना-देना नहीं है । पीओके यानी पाक अधिकृत कश्मीर और पीके अर्थात प्रशांत किशोर। इन दोनों के बिना २०२४ के आम चुनाव में भाजपा की दाल गलती नजर नहीं आती। भारत का विपक्ष तो दाल गलाना और खाना दोनों भूल चुका है। जो दाल पकता है उसी में काला खोजा जाता है। आज हमें भी पीओके और पीके में दाल में काला नजर आने लगा है ।

पीओके यानि पाक अधिकृत कश्मीर एक पुराना जख्म है। इतना पुराना की आज की पीढी को इसके बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं ,लेकिन भाजपा की सरकार देशवासियों को ' चन्दा मामा दूर के ' की तर्ज पर पीओके के किस्से सुनाती है ,ख्वाब दिखाती है। इस बार चूंकि पांचवा चरण बीतने के बावजूद कोई पुलवामा नहीं हुआ इसलिए सारा जोर पीओके के ऊपर है। सरकार ने जितनी आसानी से जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटा दी ,उतनी ही आसानी से वो पीओके को भारत में दोबारा शामिल करने की बात कर रही है। पीओके को वापस लेना सचमुच बड़ी बात है। और ये बड़ी बात केवल बड़े -बड़े लोग या बेवड़े लोग कर सकते हैं। कम से कम सामान्य आदमी तो ऐसी बातें न सोच सकता है और न कर सकता।

पीओके का किस्सा बहुत लंबा है ,उतना ही लंबा जितना की आज के नेताओं की जबान । चौड़ी छाती और लम्बी जबान वाले लोग बिरले ही होते हैं। पीओके के बारे में ज्यादा जानना हो तो इतिहास में जाना पडेगा। फिर गांधी ,नेहरू को कोसना पडेगा। लेकिन अभी ये सब करने की फुरसत किसे है ? सब चार सौ पार करने में लगे है। पीओके मिले या न मिले लेकिन चार सौ पार करना देश की सेहत के लिए बहुत जरूरी है। भारत की जनता इस लक्ष्य को हासिल करने में मदद करे या न करे लेकिन पीके यानि प्रशांत किशोर जरूर भविष्य वाणियां कारणें में आगे हैं। पीके यानि प्रशांत किशोर एक भटकती आत्मा है। आपातकाल के बाद जन्में प्रशांत किशोर पेशे से राजनीति के रणनीतिकार ह। भविष्यवक्ता है लेकिन अपने ही भविष्य के बारे में नहीं जानते। 1977 में बिहार की धरती पार जन्मने प्रशांत किशोर की रणनीत्ति के फलस्वरूप माननीय नरेंद्र दामोदरदास मोदी देश के प्रधानमंत्री बन पाए ऐसी धारण है। पीके को 2014 के लोक सभा चुनाव,2015 में बिहार विधान सभा चुनाव 2017 उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव और 2019 के आंध्र प्रदेश विधान सभा चुनाव के बाद 2021 में पश्चिम बंगाल चुनाव में तृण मोल कांग्रे की बड़ी जीत ने प्रशांत कुमार की दूकान तो जमाई लेकिन किसी राजनीतिक दल ने उन्हें जब राजनीति में हिस्सेदार नहीं बनाया तो बेचारे ने अपनी भटकती आत्मा को ढांढस बढ़ाने के लिए ' जन सुराज ' नाम का एक राजनितिक दल बना लिया।

## विचार

# चरम पर चाटुकारिता

**निर्मल रानी**

**चाटुकारिता** या खुशामद परस्ती का हमारे भारतीय समाज के एक वर्ग से गहरा नाता है। इस 'कला ' में पारंगत लोग किसी का महिमामंडन व उसकी चापलूसी कर उसे खुश करना चाहते हैं और इसके बदले कुछ हासिल कर अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं। और अपनी तारीफ सुनने वाला व्यक्ति अपनी इस 'झूठी तारीफ' के बदले में प्रायः उसे उपकृत कर देता है। राजा महाराजाओं, नवाबों व बादशाहों के वक़्त से चला आ रहा यह सिलसिला आज भी जारी है। इसे दूसरे शब्दों में किसी को खुश करने का 'शार्ट कट' भी कह सकते हैं। अंग्रेजों ने भी हम हिन्दुस्तानियों की इस 'दुखती रग ' को बखूबी पहचान लिया था। और वे भी देश के लाखों प्रभावशाली लोगों को अपने पक्ष में करने के लिये उन्हें राय बहादुर,खान बहादुर जैसी अनेक उपाधियाँ दिया करते थे। इसके बदले में उनकी रियासतों के क्षेत्रफल में विस्तार हो जाता था। पदवी बढ़ जाती थी, माल -ो -दौलत में इजाफा हुआ करता था। आज स्वतंत्र व लोकतान्त्रिक भारत में भी वही स्थिति है। आधे अधूरे वे लोग जिन्हें अपनी योग्यता व अपने कौशल पर विश्वास नहीं वे अपने आकाओं को खुश करने में लगे रहते हैं। याद कीजिये आपातकाल यानी 1975 का वह दौर जब तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष देव कांत बरुआ ने प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी की प्रशंसा में कहा था कि - इंदिरा इज इंडिया एंड इंडिया इज इंदिरा यानी इंदिरा भारत हैं और भारत इंदिरा है। कांग्रेस के शासन में भी अनेक नेताओं की 'दुकानदारी ' खुशामद परस्ती व चाटुकारिता के दम पर ही चला करती थी। आज भी देखने को मिलता है कि कहीं कहीं सोनिया गाँधी व ममता बनर्जी जैसे नेताओं के 'भक्त ' उन्हें देवियों के रूप में पेश करते रहे हैं। परन्तु वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौर में तो ऐसी अनगिनत मिसालें हैं जिसमें लोगों ने मोदी को न केवल देवताओं व भगवान का अवतार बताया बल्कि अब तो 'भगवान को मोदी' का भक्त तक बता दिया गया। पिछले दिनों भाजपा के बड़बोले प्रवक्ता संबित पात्रा ने जोकि उड़ीसा के पुरी लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी भी हैं,ने तो भगवान जगन्नाथ को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भक्त बता डाला'। कुछ टी वी चैनल्स को साक्षात्कार देते हुए पात्रा ने यह कह दिया कि, "भगवान जगन्नाथ, पीएम मोदी के भक्त हैं"। चुनावी बेला में उनके मुंह से यह निकलते ही अनेक प्रमुख विपक्षी नेताओं ने पात्रा की 'इस चरम चाटुकारिता ' को लपक लिया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस बयान को ओडिया की 'अस्मिता' को चोट पहुंचाना बताया। पटनायक ने एक्स में लिखा, कि "महाप्रभु श्री जगन्नाथ ब्रह्मांड के भगवान हैं। महाप्रभु को किसी अन्य इंसान का 'भक्त' कहना भगवान का अपमान है। यह पूरी तरह से निंदनीय है।" इससे भावनाएं आहत हुई हैं और दुनिया भर में करोड़ों जगन्नाथ भक्तों और उड़िया लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है।" जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस टिप्पणी को लेकर एक्स में लिखा कि "जब प्रधानमंत्री खुद को सम्राट समझें और भगवान उन्हें दरबारी लगने लगे तो साफ है कि पाप की लंका का पतन करीब है। करोड़ों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार मुट्ठी भर भाजपाइयों को किसने दिया? यही अहंकार उनके विनाश का कारण बन रहा है ह्वदिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये भाजपा नेताओं के "अहंकार" को दिखाता है। केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट किया, "मैं बीजेपी के इस बयान की कड़ी निंदा करता हूं। उन्होंने सोचना शुरू कर दिया है कि वे भगवान से ऊपर हैं। यह अहंकार की पराकाष्ठा है। भगवान को मोदी भक्त कहना भगवान का अपमान है।" उधर मौके की नजाकत को भांपते हुये और आगामी 25 मई को पुरी के अपने चुनाव के नफे नुकसान के मद्देनजर संबित पात्रा ने भी मुआफी मांगने के लिये कोई शब्द भी बाकी नहीं छोड़े। पात्रा ने भगवान जगन?नाथ पर अपनी इस शर्मनाक व अतिविवादित टिप्पणी पर मुआफी मांगते हुये कहा कि वह अपनी 'जुबान फिसलने' के लिए माफी मांगते हैं और वह भगवान से क्षमा प्रायश्चित करने के लिए अगले 3 दिनों तक उपवास रखेंगे। उन्होंने एक्स पर इसी आशय का एक वीडियो शेयर कर भगवान जगन्नाथ को लेकर की गयी अपनी गलत टिप्पणी के लिए माफी मांगते हुये लिखा कि "आज मैं भगवान जगन्नाथ के संबंध में की गई अपनी गलती से बहुत परेशान हूं। मैं भगवान जगन्नाथ के चरणों में सिर झुकाकर माफी मांगता हूं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**

**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**

9999889104, 9250706656

ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मजबूत आंतरिक सुरक्षा मोदी की बड़ी सफलता

**प्रो. महेश चंद गुप्ता-**

**एक ज**माने में देश के हर हिस्से में असुरक्षा और दहशत का माहौल था। देश में आतंकी हमले होना आम बात थी। आतंकियों का जब जी चाहता, सीमा पार करके आते और देश के विभिन्न शहरों में मासूम लोगों को मौत के घाट उतार देते। शहर-दर-शहर बम विस्फोट रोजमर्रा की बात हो गए थे। पाकिस्तान जहां सीमाओं पर गोलीबारी बरकरार रखता, वहीं हमारे देश के भीतर भी आतंकवाद को खाद-पानी दिए रखता। वैसे तो देश का कोई कोना नहीं था, जहां आतंकियों ने कहर न बरपाया हो लेकिन मुम्बई तो आतंकियों का पसंदीदा लक्ष्य रहा। बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद 12 मार्च 1993 को बम विस्फोटों से समूची मुम्बई को दहला दिया गया। 26 नवम्बर 2008 को मुम्बई पर कसाब और उसके साथियों ने जो हमला किया, उससे पूरी दुनिया सन्न रह गई। 11 जुलाई 2006 में लोकल ट्रेनों में हुए विस्फोट से हुई 209 लोगों की मौत को कौन भुला सकता है। 14 मार्च 2003 को मुम्बई के मुलुंड में एक ट्रेन में बम फटने से 10 लोगों की मौत, 25 अगस्त 2003 को झवेरी बाजार और गेटवे ऑफ इंडिया के पास कारों में रखे दो बमों के फटने से 50 लोगों का मारा जाना हमें आज तक कुरेदता है। मोदी सरकार से पहले देश की राजधानी दिल्ली भी हमेशा आतंकियों के निशाने पर रही। 13 दिसम्बर 2001 को संसद पर हुआ हमला देश की संप्रभुता पर हमला था। नई दिल्ली में 29 अक्टूबर 2005 को दिवाली से एक दिन पहले आतंकियों ने तीन विस्फोट किए, जिसमें 70 से अधिक लोग मारे गए और कम से कम 250 अन्य लोग घायल हो गए। मैं पिछले 55 सालों से दिल्ली में रह रहा हूं। मैंने दिल्ली की शांति देखी है तो दुर्भाग्य से अशांत दिनों का साक्षी भी बनना पड़ा है। पिछले करीब चार दशकों में दिल्ली ने न जाने कितने आतंकी हमले झेले हैं। आए दिन बम विस्फोटों से दिल्ली का दहल जाना आज भी हिला देता है। केवल दिल्ली और मुम्बई ही क्यों, जयपुर, अजमेर, मालेगांव, श्रीनगर, अहमदाबाद, बेंगलुरू, रामपुर, हैदराबाद, कोयंबटूर, वाराणसी समेत देश के तमाम राज्यों के बड़े शहरों में आतंकियों के नापाक मंसूबे कामयाब होते रहे।

# अपनी त्वचा को तेज गर्मी से कैसे बचाएं?

**विजय गर्ग**

**जैसा कि** हम सभी अच्छे से जानते हैं कि बदलते मौसम का असर हमारी त्वचा और बालों पर हमेशा पड़ता है कामकाजी पुरुषों और विशेषकर महिलाओं को मौसम की मार अधिक स्वीकार करनी पड़ती है आज हम भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं यह स्वाभाविक है कि सर्दी और गर्मी का असर हमारी त्वचा पर पड़ता है इसलिए यह बहुत जरूरी है कि हम अपनी त्वचा को अत्यधिक गर्मी से बचाकर रखें अपने शरीर को सूरज की सीधी किरणों से बचाना और भी जरूरी है जितना संभवहमें अपने शरीर को तेज धूप से बचाना चाहिए जब भी आपको दोपहर के समय ऑफिस या अन्य कार्यस्थल से बाहर जाना हो तो उचित कपड़े पहनना बहुत जरूरी है। इस बीच हमें खान-पान का भी ख्याल रखना चाहिए हो सके तो घर का खाना खाएं और बाहर का खाना खाने से बचें आपके पास पानी तो होना ही चाहिए बालों की देखभाल के साथ-साथ यह ज्यादा जरूरी है कि हम अपनी त्वचा को तेज गर्मी से कैसे बचाएं क्योंकि आजकल बहुत गर्मी पड़ रही है और तापमान 42 डिग्री से ऊपर चल रहा है ।सूरज उगते ही तेज धूप को सहना बहुत मुश्किल हो गया है और हमारी त्वचा भी जलने लगी है। ऐसे में जरूरी है कि हम किसी भी तरह से अपनी त्वचा की रक्षा करें गर्मियों में घर से निकलने से पहले अच्छा खाना खाएं और पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और हो सके तो पानी की बोतल अपने पास रखें। आपका आहार विटामिन सी से भरपूर होना चाहिए यह आहार आपको गंभीर मौसम के प्रकोप से बचाने में मदद करेगा इसके अलावा पर्याप्त मात्रा में पानी भी आपकी त्वचा के लिए अच्छा होता हैयह शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है यह आपके शरीर से हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है नारियल और तरबूज जैसी चीजें लें गर्मी से बचने के लिए आप नारियल का जूस, तरबूज आदि का सेवन कर सकते हैं इसके अलावा हरी पत्तेदार सब्जियां भी अधिक मात्रा में लेनी चाहिए जो आपके शरीर को ठंडा रखने में मददगार साबित हो सकती हैं। इसके अलावा हफ्ते में एक बार अपने शरीर की मालिश जरूर करें इससे शरीर में रक्त संचार उचित मात्रा में होगा जो फायदेमंद है।

## न्यूज फ्लैश

### किसानों के खेत में बने कमरों के टूटे ताले, हजारों का सामान चोरी

**गन्नौर। क्षेत्र के खेतों में** इन दिनों चोरी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। चोरो ने सिटावली रोड स्थित खेत में बने कई कमरों का ताला तोड़ कर काफी सामान चोरी कर ले गए। किसानों ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना में दी। शिकायत में कैलाना गांव निवासी रणबीर, सतपाल, अशोक, बिंद्रा, हेमचन्द्र व धर्मपाल ने बताया कि सिटावली रोड पर उनके खेत है। उन्होंने खेत में कमरे बना रखा है जिनमे कृषि यंत्र व अन्य समान रखा हुआ था। 21 मई की रात चोर सभी कमरों का ताला तोड़ कर सबमर्सिबल मोटर, तार व लोहे का सामान गायब था। पुलिस ने किसान की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर लिया। वहीं सैंयाखेड़ा गांव में भी चोर खेत के कमरे को तोड़ कर हजारों रुपये का समान चोरी कर ले गए। सैंयाखेड़ा के सुखबीर ने बताया कि चोर उसके कमरे जे सबमर्सिबल की मोटर, पानी का पंखा, इंजन की पुल्ली, 3 पतीले, एक पंखा व अन्य समान चोरी कर ले गए। गन्नौर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खेड़ी तगा गांव के पूर्व सरपंच का निधन

**गन्नौर। गांव खेड़ी तगा** के पूर्व सरपंच 52 वर्षीय धर्मबीर त्यागी का मंगलवार को निधन हो गया। धर्मबीर त्यागी पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। मंगलवार को अस्पताल ले जाते समय उनका निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में अनेक सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और धर्मबीर त्यागी के बड़े भाई बालिस्टर त्यागी व उनके परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी।

### घर से बाहर बुला कर व्यक्ति के साथ मारपीट, घर का दरवाजा भी तोड़ा

**गन्नौर: खेड़ी तगा गांव** में हमलावरों ने एक व्यक्ति के मारपीट कर दी और उसके घर का दरवाजा भी तोड़ दिया। हमले में व्यक्ति बेहोश हो कर गिर गया। जिसके बाद हमलावर उसका बटुआ लेकर फरार हो गए। घायल ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में खेड़ी तगा गांव के संजय ने बताया कि वह रात को अपने घर मे सो रहा था। इस दौरान करीब 7 से 8 व्यक्ति उसके घर आए और दरवाजा पीटने लगे। जब उसने दरवाजा खोला तो हमलावरों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और उसका दरवाजा भी तोड़ दिया। हमलावरों में नवीन व मोनु को वह पहचान गया था। मारपीट की वजह से वह बेहोश हो गया। इसके बाद हमलावर उसका बटुआ ले कर फरार हो गए। अगली सुबह उसकी मां घर आई तो उन्होंने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने संजय की शिकायत पर आरोपित नवीन व मोनू सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लाठी-डंडों व गड़ासी से हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: मोहाना थाना पुलिस ने** लाठी-डंडों व गंडासी से हमला कर कर घायल करने की वारदात में शामिल पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सतपाल, मंजीत, संजीत, जितेंद्र व जयपाल निवासी जुआं के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। वहीं दूसरे पक्ष ने भी पुलिस को शिकायत दी है। गांव जुआं निवासी सुमेर ने गत 20 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह खेत से अपने घर आकर गली में मोटरसाइकिल खड़ी कर रहा था। करीब 12 बजे हमलावर उसके पास बिट्टे व गंडासी से मुझे चोटे मारकर घायल कर दिया। बीच-बचाव के लिए शोर मचाया। हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी मिल गई। वहीं दूसरे पक्ष की तरफ से पुलिस को शिकायत देकर सुमेर व उसके परिवार के सदस्यों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक अशोक की टीम ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस उपायुक्त ने किया मतदान केंद्रों को दौरा

**सोनीपत: पुलिस उपायुक्त क्राइम** एवं पश्चिम सोनीपत नरेंदर कादयान व सोनीपत अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी व थाना सदर सोनीपत के प्रभारी सेठी मलिक ने अपनी पुलिस टीम के साथ गांव बडवासनी, माहरा व भटगांव का दौरा किया।

# कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए सत्ता में आना चाहती है : नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मुख्यमंत्री नायब** सैनी ने डबरी और रतनगढ में चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने एक नई कर-वट लिया है। आज हर वर्ग को योजनाओं का लाभ मिला है। दस वर्षों में महिलाएं सशक्त और किसान मजबूत हुआ है। एक तरफ इस सरकार में युवाओं का विश्वास बढ़ा है, वहीं गरीबों को काफी सहूलियते मिली है। मोदी सरकार ने गरीबों के निशुल्क इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 4 जून के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने संकल्प लिया है, 70 वर्षों के बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड दिया जाएगा। महिलाओं के सेल्फ हेल्प ग्रुप को मजबूत किया जाएगा। आने वाले दिनों में तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगा, अभी



सिर्फ एक करोड़ ही लखपति दीदी है। पीएम मोदी जो कहते हैं वही करते हैं, यही मोदी की गारंटी है। मोदी सरकार ने गरीबों को उत्थान के लिए काफी काम किए हैं। कांग्रेस देश के विकास के लिए नहीं भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए सत्ता में आना चाहती है। आज देश में मोदी की लहर है। पीएम मोदी को तीसरी बार सत्ता के बागडोर संभालने से कोई रोक नहीं सकता। सीएम ने कहा कि हरियाणा में गुड गवर्नेंस है, यह मनोहर लाल की देन है। आज बीपीएल कार्ड या पेंशन की समस्या घर बैठे समाधान हो जाता है। प्रदेश में नौकरी बिना पर्ची-खर्ची के लिए मिल रही है। कांग्रेस के शासन काल में युवाओं को नौकरी के लिए पर्ची-खर्ची की व्यवस्था करनी पड़ती थी। हरियाणा ही नहीं करनाल में काफी काम को लेकर बदलाव आया है। यह सब हमारे सरकार की तीव्र सोंच का नतीजा है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने देश में नए भारत के निर्माण की नींव रखी, पर कांग्रेस ने आम आदमी की मूलभूत सुविधाओं के विकास पर ध्यान नहीं दिया। कांग्रेस के पास सक्षम नेतृत्व नहीं था, जो देश के विकास को तेज गति से बढाए। हमारी सरकार में सडकों का तेज गति से विकास हुआ है। आज सभी जगह एक्सप्रेस-वे, फोरलेन और चौदह लेन सडकों का जाल बिछ रहा है। आप अपने घर से बिना किसी बाधा के गांव तक जा सकते हैं। आज 100 फीसदी रेल लाईनों का इलेक्ट्रिफीकेशन हो गया है। नए एम्स और यूनिवर्सिटी बन रहे हैं।

उन्होंने लोगों से वोट देने की अपील करते हुए कहा कि 25 मई को सभी मतदाता अपने घरों से निकल कर बीजेपी के कमल बटन को दबायें। 2024 के चुनाव में करनाल में भारी मतदान होने चाहिए।

## समाज में जहर घोलने वालों को सहन नहीं करेगा सर्वसमाज: जगमोहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। भाजपा प्रदेश** कार्यकारिणी सदस्य एवं कुरुक्षेत्र जिला प्रभारी जगमोहन आनंद ने मराठा वीरेन्द्र वर्मा द्वारा पंजाबी समाज पर की गई अभद्र टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस तरह के ब्यान किसी भी तरह से शोभनीय नहीं है और कोई भी समाज इसे कतई सहन नहीं करेगा। उन्होंने सर्व समाज और खासकर रोड़ समाज से अनुरोध करते हुए कहा है कि ऐसे लोगों को सबक सिखाया जाए। ये लोग किसी भी समाज का भला नहीं कर सकते,बल्कि समाज में भाईचारे को खराब करने का काम करते हैं। किसी समाज के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करना ऐसे लोगों की मानसिकता दशार्ता है कि वीरेन्द्र मराठा जैसे लोगों के मन में किसी समाज के लिए कितना जहर है। ऐसे लोग सर्व समाज के दुश्मन होते हैं। जगमोहन आनंद ने कहा कि मनोहर लाल ने हमेशा सर्व समाज का सम्मान किया है और कभी विकास या अन्य किसी मामले में जात बिरादरी की बात नहीं की। मनोहर लाल ने हरियाणा एक हरियाणवीं एक का नारा दिया, ताकि भाईचारा कायम रहे। भारतीय जनता पार्टी सभी जाति-धर्म के लोगों को साथ लेकर चलते आई है, लेकिन कुछ लोग अपनी राजनीति चमकाने के लिए ऐसे बयानबाजी करके भाईचारा खराब कर रहे हैं। ऐसी संकीर्ण सोच रखने वालों को जनता 25 मई को जवाब देगी। उन्होंने सर्व समाज के साथ-साथ रोड़ समाज के लोगों से भी अपील की है कि ऐसे व्यक्तियों का बहिष्कार कर इन्हें सबक सिखाया जाए।

### तेज रफ्तार कार ने ऑटो को टक्कर मारी

**सोनीपत: सेक्टर-27 शहर** थाना क्षेत्र के सोनीपत-मुरथल सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने चालक को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वेस्ट राम नगर निवासी विकास ने बताया कि उसका छोटा भाई विजय ऑटो चलाता है। वह अपनी ऑटो को लेकर सोनीपत से मुरथल जा रहा था। रास्ते में तेज रफ्तार कार ने ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी।

## ड्राइंग बनाकर दिया करप्शन फ्री इंडिया का सन्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा शेखुपुरा खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में करप्शन फ्री इंडिया शीर्षक पर ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पचास से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एंव राष्ट्रीय निदेशक अजीत राही ने की। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। निर्णायक मंडल के निर्णय के पश्चात विजेता प्रतिभागियों के नाम इंटरनेशनल प्रेजिडेंट महिला प्रकोष्ठ डॉ. निशा गुप्ता द्वारा घोषित किये गए।




प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार ग्यारह सौ रुपए कशिश, द्वितीय पुरस्कार पांच सौ रुपए नव्या और तृतीय पुरस्कार दो सौ पचास रुपए ज्योति ने प्राप्त किया। प्रतिभागियों ने करप्शन फ्री इंडिया शीर्षक पर संदेशात्मक ड्राइंग बनाई। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा करप्शन फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत शिक्षण संस्थानों में ड्राइंग, स्लोगन, भाषण आदि प्रतियोगितओं का आयोजन करके लोगों को जागरूक किया जाता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर उनके द्वारा उनके परिवार के सदस्यों को शपथ दिलवाने के लिए प्रेरित किया जाता है। डॉ. निशा गुप्ता ने कहा कि तीनों पुरस्कार बेटियों ने प्राप्त किये हैं। इससे यह करप्शन फ्री इंडिया के सन्देश के साथ-साथ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश भी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय निदेशक महेश हसीजा, राष्ट्रीय निदेशक सतीश मल्होत्रा, स्टेट डायरेक्टर हरियाणा सतीश जांगड़ा, जिला निदेशक, करनाल राजेंद्र ग्रेवाल, गौरव श्रीवास्तव, प्रीति, अर्पण लखनपाल, स्कूल के प्रिंसिपल हरमीत कौर, राणा सिमरन सिंह और अर्पण लखनपाल आदि उपस्थित रहे।

### प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ धरने पर बैठे जूनियर डाक्टर

**हिसार: जि**ले के एक मात्र अग्रोहा मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ बुधवार को जूनियर डॉक्टर धरने पर चले गए। डॉक्टरों का कहना है कि वे कई दिनों से प्रबंधन के समक्ष मांगे व समस्याएं रख रहे हैं लेकिन प्रबंधन टस से मस नहीं हो रहा और धमकाया भी जा रहा है। इन जूनियर डाक्टरों ने यह भी आरोप लगाया है कि मेडिकल प्रशासन सुविधाओं के नाम पर उनसे अनाप-शनाप वसूली कर रहा है, जबकि उनको भोजन भी शुद्ध व स्वच्छ नहीं मिल रहा। अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में धरने पर बैठे डॉक्टरों ने बताया कि वे मेडिकल कैंपस रहते हैं। उनके रूम का किराया जहां पहले 3500 रुपए था, उसे बढ़ाकर अब 10 हजार रुपये कर दिया गया है। रूम में लगे एसी का बिल अब 3700 रुपए की बजाय उनसे 10 हजार रुपए वसूला जा रहा है। प्रबंधन ने उन्हें कहा है कि चाहे गर्मी हो सर्दी, उन्हें एसी का 10 हजार रुपए बिल देना ही पड़ेगा। डॉक्टरों ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में बनी मेस में उन्हें अनहाइजीनिक खाना दिया जाता है। मेस में काम करने वाले कर्मी साफ सफाई का बिल्कुल ध्यान नहीं रखते। बर्तनों-पतीलों आदि में कुत्ते, बिल्ली आदि बैठे रहते हैं। उन्हीं बर्तनों में बिना साफ किए खाना बना दिया जाता है। डॉक्टरों का कहना है कि जहां मेस में गंदगी की भरमार है।

## निफा ने कोर्ट कांप्लेक्स में चलाया मतदान जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नेशनल इंटीग्रेटेड** फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) द्वारा आज जिला बार संघ के सहयोग से कोर्ट काम्प्लेक्स में मतदान जागरूकता अभियान चलाया। हाथों में शत प्रतिशत मतदान को प्रोत्साहित करने वाले नारे लिखी तख्तियाँ हाथ में लिए निफा सदस्य जब कोर्ट काम्प्लेक्स में पहुँचे तो जिला बार संघ के प्रधान संजीव चौधरी व सचिव विकास संधू भी साथियों सहित उनके इस प्रयास में शामिल हो गये व एक के बाद एक




सैकड़ों वकीलों व कोर्ट में आये मुवक्किलों ने इस अभियान में शिरकत की।

जिला बार संघ के प्रधान संजीव चौधरी ने कहा कि निफा का मतदाता जागरूकता अभियान राष्ट्र के लोकतंत्र को मजबूत करने का प्रयास है। पूर्व प्रधान कँवरजीत सिंह भाटिया, निर्मल सिंह स्टाउंडी, वरिष्ठ अधिवक्ता सुखबीर त्यागी, नरेंद्र सुख?, कैलाश चौहान, सुरेश खन्ना, सुरेश चौधरी, राजेश मणि, माँगे राम सांगवान, हरीश आर्य, राम चंद्र टाया, नरेंद्र चीमा, लाजपत राय चुचडा, जितेंद्र राणा, रोशन लाल तूर्ण सहित युवा वकीलों रोबिन कैमला, रूबल चौधरी, कृष्ण चौधरी, सुदर्शन चौधरी, अनिल कुमार, सिद्धार्थ चौधरी सहित बड़ी संख्या में वकीलों व मुवक्किलों ने मतदाता जागरूकता अभियान के सेल्फी स्टैंड पर अपनी अपनी फोटो ली व निफा द्वारा उन सभी को मुझे मतदाता होने पर गर्व है के बैज लगाकर सम्मानित किया गया।

सेल्फी स्टैंड के साथ लिखे नारे, मैं हूँ लोकतंत्र प्रहरी और मैं वोट करूँगा, क्योंकि हर एक वोट है जरूरी, आपका मत ही आपकी आवाज है, जैसे नारों ने सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। तो पहली बार वोट करने जा रहे युवाओं ने, मेरा देश मेरा परिवार, मेरा पहला वोट मेरे देश के लिए के नारे के साथ वोट करने का संकल्प लिया। वरिष्ठ अधिवक्ता व निफा के राष्ट्रीय संयोजक एडवोकेट नरेश बराना ने कहा कि वोट को हम केवल अधिकार मानते हैं, लेकिन यह देश के प्रति कर्तव्य भी है।

## 10 सेंटरों से वितरित किया जाएगा पोलिंग स्टेशन के लिए सामान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उप चुनाव 2024 के लिए 10 सेंटरों से पोलिंग स्टेशन हेतु सामान वितरित किया जाएगा। इन सेंटरों से 24 मई को सामान देकर पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों की तरफ रवाना किया जाएगा। इन चुनावों के लिए सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है। इन चुनावों को सभी के सांझे प्रयासों से निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाया जाएगा। उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए पोलिंग स्टेशन हेतु सामान वितरण करने के लिए 9 और करनाल विधानसभा उप चुनाव के लिए 1 केन्द्र बनाया है। इन चुनावों में नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र के लिए एडीसी अखिल पिलानी एआरओ की जिम्मेवारी निभाएंगे। इस विधानसभा के लिए दयाल सिंह कॉलेज करनाल से सामान वितरित किया जाएगा और नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग ऑफिसर एसडी मॉडल स्कूल करनाल के लाईब्रेरी हॉल में ईवीएम मशीनों और संबंधित दस्तावेजों को जमा करवाएंगे।

उन्होंने कहा कि इंद्री विधानसभा के लिए एसडीएम इंद्री अशोक कुमार को एआरओ नियुक्त किया गया है और इस इंद्री विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग टीमों को एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल करनाल के लाईब्रेरी हॉल से पोलिंग पार्टियों के लिए सामान वितरित किया जाएगा।

यह पोलिंग पार्टी मतदान के बाद एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल करनाल के लाईब्रेरी हॉल में ही सामान जमा करवाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि करनाल लोकसभा व विधानसभा उप चुनावों के लिए एसडीएम अनुभव मेहता को एआरओ व उप चुनाव के लिए आरओ नियुक्त किया गया है। लोकसभा के लिए डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल फॉर ब्वायज के हॉल नम्बर 1 से सामान वितरित किया जाएगा और लोकसभा के लिए पोलिंग पार्टी मतदान के बाद इसी सेंटर पर सामान जमा करवाना सुनिश्चित करेंगी।

## आरओ व एआरओ को वीसी के माध्यम से दिए दिशा-निर्देश

**अटीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारत निर्वाचन** आयोग के विशेष चुनाव खर्च पर्यवेक्षक बीआर बालाकृष्णन ने विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा चुनाव के दौरान शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामान की जब्ती पर संतोष व्यक्त किया है और कहा कि 25 मई को हो रहे चुनाव में एजेंसियों को विशेष नाकों पर कड़ी निगरानी रखनी होगी। शराब फैक्ट्रियों पर भी पुलिस की निगरानी होनी चाहिए।

बालाकृष्णन ने चंडीगढ़ से वीसी के माध्यम से आरओ व एआरओ के साथ चुनावी प्रक्रिया के प्रबंधों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर सभी जिला निर्वाचन अधिकारी व आरओ ने



अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में किए गए प्रबंधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा राज्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा की गई कार्रवाईयों के बारे में जानकारी दी।

**स्ट्रॉंग रूम के पास किए जाएं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

राज्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के सफल आयोजन को लेकर मतदान की तैयारियों की समीक्षा की और जिला निर्वाचन अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदाताओं तक वोटर कार्ड अवश्य पंहुचवाएं। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्रों में स्थापित सभी मतदान केंद्रों में मतदान के दिन बिजली, पानी, शौचालय इत्यादि का विशेष तौर से प्रबंध सुनिश्चित करें ताकि मतदान के समय किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान मॉक पोल से लेकर मतदान समाप्त होने तक की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी अवश्य करवाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्ट्रॉंग रूम के पास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं और केवल आरओ की निगरानी में ही स्ट्रॉंग रूम को खोला जाए और इस मौके पर उम्मीदवार के प्रतिनिधियों की उपस्थिति भी रहे।

**मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि 25 मई को होने वाले लोकसभा आमचुनाव एवं विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान के लिए सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है तथा सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक प्रबंध पूरे कर दिए गए हैं। गर्मी के मौसम को देखते हुए स्वच्छ पेयजल, शैड, मैडिकल किट, ओआरएस इत्यादि की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत निरंतर गतिविधियां जारी हैं।

## विद्यार्थियों ने मतदाताओं में मतदान करने की अलख जगाने का किया प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। राजकीय और** निजी स्कूलों के लगभग 68 हजार विद्यार्थियों ने करनाल जिले के मतदाताओं में मतदान करने के लिए अलख जगाने का अनूठा प्रयास किया है। इस जिले में 250 से ज्यादा स्कूलों में 20 तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढकर भाग लिया। इन विद्यार्थियों ने अपने भाषण, स्लोगन, रंगोली, निबंध लेखन जैसे विषयों में 25 मई के दिन मतदाताओं से वोट डालने की अपील की है। जिला शिक्षा विभाग के साथ-साथ स्कूल प्रबंधकों के प्रयास 25 मई के दिन जरूर सार्थक होंगे और विद्यार्थियों



की मेहनत भी रंग लाएगी। सभी के प्रयासों से करनाल लोकसभा और करनाल विधानसभा उप चुनावों में अधिक से अधिक मतदान होगा। इन प्रयासों को अमलीजामा पहनाने के लिए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह और उनकी टीम की ही सोच थी। इस सोच को लोगों तक पहुंचाने के लिए जिला शिक्षा विभाग की ओर से बकायदा एक शैडयूल तैयार किया गया था और इस शैडयूल के अनुसार ही 250 से ज्यादा स्कूलों में पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, भाषण जागरूकता रैली, मेंहदी प्रतियोगिता, पौधारोपण सहित 20 तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 68 हजार बच्चों ने भाग लेने का काम किया है। उन्होंने कहा कि करनाल के एक-एक मतदाता को वोट का महत्व बताने और 25 मई के दिन बूथ पर जाकर वोट का प्रयोग करने के विषय को लेकर स्कूलों का एक-एक विद्यार्थी जागरूकता एम्बैसेडर की भूमिका में नजर आया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग की ओर से बड़े स्तर पर स्वीप गतिविधियों का आयोजन 13 मई से शुरू हुआ और यह अभियान 22 मई को सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान में विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, निबंध, मेंहदी व रंगोली, लघु नाटिका, सेमिनार, संकल्प पत्र, शपथ, जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को वोट डालने का अनोखा संदेश दिया है। इन स्कूलों में विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारी भी बढ़ चढकर भाग लिया। इन तमाम गतिविधियों का सिर्फ एक ही लक्ष्य है कि प्रत्येक मतदाता अपना वोट जरूर डाले। जब करनाल जिले में अधिक से अधिक मतदान होगा तभी युवाओं के प्रयास सार्थक होंगे। अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि स्वीप गतिविधियों में शहर के प्रत्येक व्यक्ति, धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी प्रशासन का सहयोग करना चाहिए।

## कमल खिला दो, हम हरियाणा को दुनिया में चमका देंगे : नितिन गडकरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: भाजपा के** वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कोसली में रोहतक लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार डॉ. अरविंद शर्मा और गुरुग्राम से उम्मीदवार राव इंद्रजीत सिंह के समर्थन में आयोजित विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने रैली में मौजूद लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आप कमल खिला दो, हम हरियाणा को दुनिया में चमका देंगे। हरियाणा विकास के नए आयाम छूएगा। गडकरी ने रेवाड़ी के कोसली की अनाज मंडी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दस साल में भाजपा की मोदी सरकार ने तेज गति से देश का विकास किया है। हरियाणा में भी सड़कों का जाल बिछाया है। उन्होंने कहा कि कोसली वही इलाका है, जिसने पिछले लोकसभा चुनाव में अरविंद शर्मा को भारी बहुमत देकर रोहतक लोकसभा सीट से जीत दिलवाई थी। यहां से मिली 75 हजार वोटों की लीड की वजह से अरविंद शर्मा ने दीपेंद्र को चुनाव हराया था। इस बार भी कोसली हलके से डॉ. अरविंद शर्मा को पहले से भी बड़े मार्जन से जीत दिलाकर भाजपा को मजबूत करें। गडकरी ने कहा कि यह अरविंद शर्मा के भविष्य का फैसला करने वाला चुनाव नहीं है, बल्कि यह चुनाव भारत और मेरे सामने बैठी जनता के भविष्य का फैसला करने वाला चुनाव है। देश के विकास के लिए सही मायने में दो चीजें अहम होती हैं। इसलिए आप भाजपा को जिताकर देश को मजबूत करें और देश के विकास को गति दें। रैली में पहुंचने पर रोहतक और गुरुग्राम लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार डॉ. अरविंद शर्मा और राव इंद्रजीत सिंह, बाबा बालक नाथ, लक्ष्मण यादव, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री गडकरी को गदा भेंट कर भव्य स्वागत किया।

# दिल्ली का पानी रोक रहा हरियाणा: आप

## आप ने भाजपा पर लगाया आरोप; कहा- स्वाति का इस्तेमाल कर रही बीजेपी, आतिशी ने दावा किया कि भाजपा दिल्ली में लोकसभा चुनाव से पहले नई साजिश रच रही

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है वैसे-वैसे राजनीतिक सरगर्मियां तेज होती जा रही हैं। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने दावा किया कि भाजपा दिल्ली में लोकसभा चुनाव से पहले नई साजिश रच रही है। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि भाजपा ने केजरीवाल को फंसाने के लिए स्वाति मालीवाल का इस्तेमाल किया। उन्होंने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि हरियाणा में यमुना के पानी को रोका जा रहा है। चुनाव से पहले दिल्ली वालों को परेशान और सरकार को बदनाम करने के लिए हरियाणा दिल्ली का पानी रोकने में लगा है। दिल्ली की मंत्री और आप नेता आतिशी ने कहा, '25 मई को (दिल्ली में) वोटिंग से पहले भाजपा ने आप को निशाना बनाने और दिल्ली की जनता को परेशान करने की नई साजिश रची है। इसी साजिश के तहत भाजापा अपनी हरियाणा सरकार के जरिए यमुना का पानी रोक रही है। जिससे दिल्ली के लोगों को परेशान करने और यहां जल संकट पैदा करने के लिए ऐसा किया जा रहा है।' आतिशी ने कहा कि भाजपा ने हरियाणा सरकार के माध्यम से दिल्ली के पानी को रोक लिया है। दिल्ली में आ रही यमुना की वाटर सप्लाई को रोक दी है। पिछले कुछ दिनों से पानी की कमी की शिकायतें आ रही हैं। ऐसी जगहों से भी समस्या आई, जहां पानी की प्रॉब्लम कभी नहीं रही। वजीराबाद में 675 फुट पानी होता है। जब कम होता है, तो 672 फुट तक चला जाता है। मगर 11 मई से 21 मई तक हरियाणा दिल्ली का पानी रोक रहा है। 11 मई को 671 फुट था। ये तीन दिन तक बना रहा। 21 मई को पानी घटकर 671 फुट के नीचे आ गया। उन्होंने आगे कहा कि 25 मई की वोटिंग से पहले भाजपा नया षडयंत्र रच रही है। पानी की त्राहि-त्राहि मचाने का षडयंत्र रच रही है। हम दिल्ली के लोगों को सतर्क करना चाहते हैं कि आने वाले कुछ दिनों में 25 मई तक लगाकार नई साजिश की जाएगी। वोटर्स को बरगलाया जाएगा। अब भाजपा जितनी भी साजिश कर लो, दिल्ली वालों को बेवकूफ नहीं बना सकते। आप मंत्री ने कहा कि इस साजिश से निपटने के लिए हमने तैयारियां शुरू कर दी हैं। दिल्ली जल बोर्ड को इसके लिए निर्देश दे दिया गये हैं। पानी के टैंकरों की संख्या बढ़ाने को कह दिया गया है और बोरवेल के चलने का समय भी बढ़ा दिया गया है।






### दिल्ली वालों को बेवकूफ नहीं बना सकती भाजपा: आतिशी

**आतिशी** ने आरोप लगाया कि 25 मई को वोटिंग से पहले भाजपा नया षड्यंत्र रच रही है। पानी की त्राहि त्राहि मचाने का षड्यंत्र रच रही है। दिल्ली के लोगों को सतर्क करना चाहते हैं कि आने वाले कुछ दिनों में 25 मई तक आए दिन नई साजिश की जाएगी। वोटर्स को बरगलाया जाएगा। हालांकि अब भाजपा जितनी भी साजिश कर लो, दिल्ली वालों को बेवकूफ नहीं बना सकती। दिल्ली की सातों सीटें भाजपा हार रही है और आईएनडीआई गठबंधन जीत रहा है।

**हरियाणा सरकार को लिखेंगे पत्र:** उन्होंने कहा, "हरियाणा सरकार को पत्र लिखेंगे। जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। इतना कम स्तर यमुना का कभी नहीं हुआ। ये चुनाव से 5-7 दिन से पहले हो रहा है। 670.9 फुट पर यमुना आ गई है। यहीं से पानी सारे वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में जाता है।"

**आरोप**

▶▶ पानी के टैंकरों की संख्या बढ़ाने को कह दिया गया है और बोरवेल के चलने का समय भी बढ़ा दिया गया

# अब नॉर्थ ब्लॉक को बम से उड़ाने की धमकी




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नई दिल्ली इलाके के नॉर्थ ब्लॉक स्थित पुलिस कंट्रोल रूम को बम की धमकी वाला एक मेल मिला है। इसके बाद आनन-फानन मौके पर दमकल की दो गाड़ियां भेजी गई। मौके पर सघन जांच-पड़ताल की गई। इससे पहले भी इस तरह की धमकी स्कूलों, अस्पतालों, तिहाड़ जेल, एयरपोर्ट और उत्तर-रेलवे की सीपीआरओ बिल्डिंग को मिल चुकी है। दहशतगर्द ने हाल ही में दीप चंद बंधु अस्पताल, जीटीबी अस्पताल, दादा देव अस्पताल, हेडगेवार अस्पताल और अन्य सहित कई अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल भेजा था। दिल्ली दमकल विभाग की ओर से तलाशी अभियान चलाया गया था लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। हर बार की तरह यह धमकी भी फर्जी निकली थी।

**करीब 100 स्कूलों को भी ऐसी ही दी जा चुकी धमकी:** 1 मई को दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल मिले थे, जिनमें स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। दिल्ली-एनसीआर के करीब 100 स्कूलों को ऐसी ही धमकी दी गई थी।

**शांति**

▶▶ इसके बाद आनन-फानन मौके पर दमकल की दो गाड़ियां भेजी गई हैं। मौके पर सघन जांच-पड़ताल की गई

# 8000 मेगावाट पहुंची बिजली की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भीषण गर्मी के चलते दिल्ली में बिजली की डिमांड में बढ़त देखने को मिली है। 23 मई की दोपहर करीब 3:42 बजे दिल्ली की अधिकतम बिजली मांग 8000 मेगावाट तक पहुंच गई। डिस्कॉम अधिकारी के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक मांग है। इसने एक दिन पहले बनाया गया रिकॉर्ड तोड़ दिया। दोपहर मांग 7717 मेगावाट के साथ सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गई और कुछ ही घंटों बाद 23:01 बजे यह रिकॉर्ड भी टूट गया था। दिल्ली इस समय भीषण गर्म हवाओं का सामना कर रही है। इस वजह से बिजली की मांग बढ़ गई है।

**बिजली कटौती को लेकर 'आप' ने भाजपा पर साधा निशाना**

आतिशी ने कहा, 'दिल्ली देश का इकलौता राज्य है, जो पूरे प्रदेश को 24 घंटे बिजली देता है। इसके लिए मैं समस्त दिल्लीवासियों की तरफ से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को धन्यवाद देती हूं। दिल्ली के पड़ोसी राज्यों में जहां भाजपा की सरकार है, वहां लंबे-लंबे पॉवर कट हुए हैं। यूपी के नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में जबरदस्त बिजली कटौती हो रही है। आज भाजपा शासित राज्यों में भीषण पावर कट हो रहे हैं, लेकिन दिल्ली में 24 घंटे बिजली मिल रही है।' उन्होंने कहा कि 'जुलाई-अगस्त में बिजली की खपत बढ़ जाती है, लेकिन इस बार अभी से ही काफी ज्यादा लोड बढ़ गया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि जुलाई-अगस्त में 8000 मेगावॉट तक डिमांड आ सकती है, लेकिन दिल्ली सरकार और बिजली कंपनियां इस डिमांड को पूरा करने के लिए तैयार हैं।'




**रिकॉर्डतोड़**

▶▶ इतिहास में पहली बार इतनी डिमांड; आतिशी बोलीं- सप्लाई में नहीं कोई दिक्कत

# स्नैचर को किया गया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रोहिणी जिले में स्नैचिंग, डकैती और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए, एंटी स्नैचिंग सेल, रोहिणी जिले ने ऑपरेशन "पैंथर-क्लॉ" के तहत एक हताश स्नैचर रितिक निवासी मंगोलपुरी दिल्ली, उम्र-24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी का एक मोबाइल फोन और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। इनकी गिरफ्तारी से छिनतई/एमवीटी के 02 मामलों का खुलासा हुआ है। आरोपी के पास से बरामद बाईक भी कंझावला से चोरी की गई थी। पुलिस इस पूरे मामले की तह तक जा कर जांच कर रही है।

# भाजपा शासन में व्यापारी वर्ग से चंदे के नाम पर की गई मोटी उगाही: अग्रवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जब-जब देश में कांग्रेस की सरकार बनी व्यापारी वर्ग ने जबरदस्त तरक्की की। पिछले 10 साल के बीजेपी के शासन में व्यापारियों से जीएसटी और एमएसएमई आदि की आड़ में टैक्स आदि की मार्फत मोटी रकम वसूली गई तथा सरकार की ओर से उन्हें कोई बेहतर सुविधा नहीं दी गई। एक तरह से व्यापारियों के सिर पर हमेशा टैक्स की तलवार लटका तनावपूर्ण जीवन जीने को मजबूर किया गया।

**भाजपा शासन में व्यापारी वर्ग पर लटकी रही टैक्स रूपी तलवार:** जयप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर वह व्यापारियों के हित में संसद में आवाज बुलंद करेंगे और जीएसटी के नियम एवं शर्तों को सरल बनाने तथा एमएसएमई में संशोधन के लिए सरकार पर दबाव बनाएंगे। अग्रवाल ने कहा कि व्यापारी देश की रीढ़ होता है और देश की तरक्की भी व्यापार से ही होती है जब व्यापारी वर्ग खुश होगा तरक्की करेगा तो देश भी खुशहाल बनेगा और उसमें रहने वाले लोग तरक्की करेंगे।



**व्यापारियों संग अग्रवाल की बैठक:** अशोक विहार औद्योगिक क्षेत्र में जीटी करनाल रोड पर स्थित रजवाड़ा पैलेस में आयोजित व्यापारियों की मीटिंग में अग्रवाल ने यह बात कही। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री एवं दिल्ली कैमिकल मर्चेंटस एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के संयोजन में चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र के व्यापारियों की बुलाई गई।

अग्रवाल के समक्ष व्यापारियों ने रखी अपनी समस्या: बैठक में व्यापारियों ने अग्रवाल से अपनी समस्याओं को सांझा किया। साथ ही व्यापारी वर्ग ने जयप्रकाश अग्रवाल को एकमत से समर्थन देते हुए चुनाव में भारी बहुमत से जिताने का संकल्प किया। मीटिंग में आम आदमी पार्टी के वजीरपुर विधानसभा विधायक राजेश गुप्ता, मॉडल टाऊन विधानसभा के विधायक अखिलेश त्रिपाठी, दिल्ली के पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल, कांग्रेस के पूर्व विधायक राजेश जैन, पूर्व पार्षद नाथूराम नागर सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद थे।

वहीं अग्रवाल ने वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के केशवपुरम इलाके में पदयात्रा कर लोगों से संपर्क किया और चुनाव में वोट देने की अपील की इसी दौरान अग्रवाल को लोगों का जबरदस्त समर्थन मिला, जगह-जगह फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। लोगों ने जयप्रकाश अग्रवाल को भरोसा दिलाया कि इस बार उनकी विजयश्री कोई नहीं रोक सकता वह भारी बहुमत से जीतकर संसद में पहुंचेंगे। देर शाम को जयप्रकाश अग्रवाल ने आजादपुर स्थित एमसीडी कॉलोनी, तिकोना पार्क मॉडल टाउन पार्ट थर्ड, शहीद भगत सिंह मार्ग, अंधा मुगल व पीर जी चौक बाड़ा हिंदूराव में विभिन्न समुदाय वर्ग के लोगों के साथ बैठक की।

# हरियाणा के निवासी दिल्ली में कार्यरत शिक्षकों के मतदान अधिकारों पर संकट: संघ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आगामी 25 मई को छठे चरण में होने वाले लोकसभा चुनावों में दिल्ली और हरियाणा की सभी लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इन चुनावों के दौरान दिल्ली में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों की चुनाव ड्यूटी लगी हुई है, जिसमें सबसे अधिक संख्या में सरकारी स्कूल के शिक्षक शामिल हैं। अपने मतदान अधिकार का प्रयोग नहीं कर पाएंगे: गर्वमेंट स्कूल टीचर्स एसोसिएशन के महासचिव अजयवीर यादव ने बताया की कई शिक्षक दिल्ली के निकटतम राज्य हरियाणा के निवासी हैं और रोजाना वहाँ से दिल्ली आकर अपनी ड्यूटी निभाते हैं। ऐसे में वे हरियाणा के ही पंजीकृत मतदाता हैं। आगामी 25 मई को दिल्ली और हरियाणा दोनों ही राज्यों में मतदान होने के कारण यह शिक्षक अपनी चुनाव ड्यूटी के चलते हरियाणा में अपने मतदान अधिकार का प्रयोग नहीं कर पाएंगे। मामले में अजयवीर यादव ने इस मुद्दे पर चिंता जताते हुए बताया कि कई शिक्षकों ने उनसे संपर्क कर अपनी परेशानी बताई है। यादव ने कहा यह ना केवल शिक्षकों की जायज मांग है, बल्कि उनका मौलिक अधिकार भी है, इसलिए चुनाव आयोग को उनके मतदान के लिए उचित सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए।



**रोष प्रकट किया**

▶▶ उनका मौलिक अधिकार भी है, इसलिए चुनाव आयोग को उनके मतदान के लिए सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए

# 12 घंटे में सुलझी हत्या की गुत्थी, 150 सीसीटीवी खंगाले

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के रोहिणी जिले के उत्तरी रोहिणी इलाके में मामूली कहासुनी पर गला रेतकर हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की शिनाख्त 50 वर्षीय शंकर के रूप में हुई है। पुलिस ने 12 घंटे के अंदर मामले की गुत्थी को सुलझाकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान उत्तर-पश्चिम दिल्ली के माजरा डबास निवासी मनीष उर्फ मोनू के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक उसको डांटता था, इसका बदला लेने के लिए उसने वारदात को अंजाम दिया। उस पर पहले भी एक हत्या का मामला दर्ज है।

पुलिस ने आरोपी के पास से अपराध में इस्तेमाल किया एक चाकू, मोबाइल फोन और उस दौरान पहने गए कपड़े बरामद किए है। रोहिणी जिला के पुलिस उपायुक्त डॉ. गुरिकबाल सिंह सिद्धू ने बताया कि 21 मई को लगभग सुबह 1 बजकर 56 मिनट पर रोहिणी के सेक्टर 8 में स्थित श्री राम मार्केट से एक अज्ञात शव के बारे में सूचना मिली। टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची, जहां एक मृतक का शव मिला, जिसकी गर्दन पर चोट के निशान थे, उम्र लगभग 50 वर्ष थी। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रोहिणी के बाबा साहब अंबेडकर अस्पताल में ले जाया गया।

# बिभव कुमार को लेकर दिल्ली लौटी पुलिस

**जांच जारी**

▶▶ बिभव को पुलिस द्वारा तीन स्थानों पर ले जाया गया, सभी तीन स्थानों पर उसके फोन की लोकेशन ट्रैक की गई



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल केस में गिरफ्तार बिभव कुमार को दिल्ली पुलिस मुंबई से वापस दिल्ली ले आई है। मुख्यमंत्री आवास पर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट करने के मामले की जांच के लिए मंगलवार को पुलिस टीम बिभव कुमार को मुंबई ले गई थी। बताया जा रहा है कि मुंबई में बिभव को दिल्ली पुलिस द्वारा तीन स्थानों पर ले जाया गया, सभी तीन स्थानों पर उसके फोन की लोकेशन ट्रैक की गई। पुलिस ने कुछ लोगों के बयान दर्ज किये हैं। मालीवाल की शिकायत पर मामला दर्ज होने के बाद बिभव की पंजाब और मुंबई जाने की सूचना मिली थी। बिभव की गिरफ्तारी के बाद जांच में पता चला कि उन्होंने मोबाइल को मुंबई में फॉर्मेट किया है। इसी डाटा को दोबारा से प्राप्त करने के लिए पुलिस टीम उन्हें मुंबई ले गई है।

# सीएम के लिए मेट्रो ट्रेन में लिखे थे धमकी भरे संदेश, आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेकर जान से मारने की धमकी वाले संदेश लिखने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक ने दिल्ली मेट्रो के स्टेशनों और ट्रेन के अंदर धमकी भरे संदेश लिखे थे। पुलिस ने बताया कि 33 वर्षीय आरोपी अंकित गोयल को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस की मेट्रो यूनिट ने एफआईआर दर्ज की थी और मामले की जांच कर रही थी। दिल्ली पुलिस ने अंकित गोयल को तीस हजारी कोर्ट में पेश किया। अंकित गोयल बरेली का रहने वाला हैं और एक सरकारी बैंक में काम करता है। आरोपी ने मेट्रो ट्रेन और तीन स्टेशनों पर मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक संदेश लिखे। आरोपी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी संदेश के फोटो को अपलोड कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मेट्रो ट्रेन और स्टेशनों पर आरोपी ने मुख्यमंत्री के खिलाफ कुछ आपत्तिजनक संदेश लिखे। इन संदेशों की तस्वीरों को इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिये सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया गया। इन संदेशों में केजरीवाल को दिल्ली छोड़ने के लिए कहा गया है। ऐसा नहीं करने पर उन्हें तीन थप्पड़ की याद दिलाई गई है, जो चुनाव से पहले लगाए गए थे।आरोपी ने लिखा कि असली और वास्तविक थप्पड़ जल्द ही सामने आएगा। स्टेशनों पर लिखे संदेश में आरोपी ने इंस्टाग्राम अकाउंट का विवरण भी दिया है, साथ ही 19 मई की तारीख का भी जिक्र किया है।



**सफलता**

▶▶ संदेश में आरोपी ने इंस्टाग्राम अकाउंट का विवरण भी दिया है, साथ ही 19 मई की तारीख का भी जिक्र किया

# मॉडल टाउन में गीता सक्सेना के नेतृत्व में हुआ बैठक का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चांदनी चौक लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सांसद प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में जिला चांदनी चौक महिला मोर्चा अध्यक्षा गीता सक्सेना के नेतृत्व में महिला मोर्चा द्वारा बैठक का आयोजन किया गया।

**बैठकों में महिला प्रवासी नेता भी हुई शामिल:** कार्यक्रम का आयोजन मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में आयोजित किया गया। कमला नगर, संगम पार्क मंडल, शास्त्री नगर मंडल, मॉडल टाउन मंडल, और सरदार नगर में बैठके आयोजित की गई। जिसमें भाजपा की प्रवासी महिला नेत्री भी मौजूद रही। उत्तराखंड से भाजपा प्रवासी नेत्री रश्मि रस्तोगी, सुनीता मुरारी के साथ-साथ वंदना गुप्ता, रंजना सिंह, उषा शर्मा, मनी असड़ी बहल, सुनीता के अतिरिक्त मॉडल टाउन महिला मोर्चा अध्यक्षा श्वेता जैन, मंजू अग्रवाल, वीणा चतरथ सहित पार्टी की कई महिला कार्यकर्ता बैठक में शामिल रही और खंडेलवाल के समर्थन में लोगों से वोट डालने की अपील करते हुए इस बार चार सौ पार के नारे भी लगाए। कार्यक्रम का आयोजन चाँदनी चौक ज़िला की महिला मोर्चा अध्यक्षा गीता सक्सेना की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के दौरान गीता सक्सेना ने कहा की भाजपा हमेशा ही देशहित व लोकहित के कार्य करती रही है, इतना ही नही हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने कई ऐसे अहम फैसले लिए है जो कि कांग्रेस की सरकार ने कभी भी वह ठोस कदम उठाने की जहमत तक नही उठाई। वहीं श्वेता जैन ने कहा कि भाजपा सरकार के आने के बाद देश में आतंकवाद जैसी गतिविधी पर नकेल कसा है। इसके साथ ही आए दिन कशमीर में पत्थरबाजों द्वारा हमारे जवानों पर पत्थरबाजी करने की जहमत अब कोई नही करता है। उन्होंने यह भी कहा कि सालों से राम मंदिर के नाम पर जो कांग्रेस बस वोट बैंक का खेल खेलती आई थी वह भी पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने बनाकर देश का मान बढ़ाया है।

# सपंत्ति विवाद में दो भाइयों में हुई चाकूबाजी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के शाहदरा में सपंत्ति विवाद में दो भाइयों और उनके परिवार में मारपीट हो गई है, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। वहीं, अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ितों की पहचान जगतपुरी इलाके में शाही मस्जिद के पास राशिद मार्केट के रहने वाले सुहान, फैजान (19) निशा (42), इमरान (45) और शमशाद (28) के रूप में की है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली की दो भाइयों में झगड़ा हो गया है। जांच में पता चला कि झगड़ा सईद अहमद की दुकान को लेकर हुआ था। सईद के छह बेटे हैं। इनमें चार इस्तेकार, जुल्फिकार, इमरान और शमशाद हैं। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि वे सभी एक ही घर में रहते हैं। जुल्फिकार संपत्ति पर एक वेल्डिंग की दुकान चलाता है। इमरान अपने भाइयों की मंजूरी से दुकान बेचना चाहता था, लेकिन जुल्फिकार ने आपत्ति जताई।

**मारपीट**

▶▶ दिल्ली के शाहदरा में सपंत्ति विवाद में दो भाइयों और उनके परिवार में मारपीट हो गई है

# कांग्रेस वोट जिहाद और झूठ बोलकर लोगों से वोट लेना चाहती है : नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी का सपना है कि हर भारत के लोगों के सिर पर छत हो। दस वर्षों में 4 करोड़ लोगों को घर मुहैया कराया गया और आने वाले वर्षों में 3 करोड़ मकान का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी की ही गारंटी है कि 50 करोड़ लोगों को बैंक में खाता खोलकर जोड़ा गया। यह बात कलामपुरा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। जनसभा में बीजेपी कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री सैनी को गदा भेंटकर उत्साहवर्धन किया। कार्यकताओं के उत्साह से



उत्साहित मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस वोट जिहाद और झूठ बोलकर लोगों से वोट लेना चाहती है। अब तक वह गरीबों को सपना दिखाकर वोट लेती रही है। राहुल गांधी अपनी दादी इंदिरा गांधी और पिता राजीव गांधी की तरह गरीबों से झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी गरीबी हटाओ के नारे देकर वोट लेती रही और पिता राजीव गांधी गरीबों की योजनाओं का पूरा पैसा भेजने की बात करते थे, पर वह यह भी कहते थे कि एक रुपए में से 85 पैसा बंदरबांट हो जाता है। कांग्रेस ने उस 85 पैसे की खोज नहीं की। अब राहुल गांधी कहते है उन्हें सभी वोट दे वे देश से गरीबी चुटकी में मिटा देंगे पर यह कैसे संभव होगा, इस पर बात नहीं करते। झूठ बोलकर राहुल बाबा वोट नहीं मिलेगा। सीएम ने कहा कि गरीबी के प्रति असली लड़ाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लड़ी है। दस वर्षों में योजनाओं का सीधा लाभ गरीब, किसान और महिला वर्ग को मिला है। कांग्रेस ने लोगों को गैस के लिए तीन-तीन दिन लाईन में खड़ा किया पर पीएम मोदी ने त्वरित गति से गैस को घर तक मुहैया करवाया। मोदी सरकार ने दस वर्षों में 11.50 करोड़ घरों में महिलाओं के लिए शौचालय बनवाया। इसके अलावा 80 करोड़ लोगों को राशन भी उपलब्ध करा रहे हैं। पीएम मोदी का विजन है कोई गरीब भूखा नहीं रहे। कांग्रेस का विजन देश को हमेशा कमजोर रखने का है, पर पीएम मोदी देश को विकसित भारत बनाने के लिए मजबूत और सशक्त रखना चाहते हैं। बीजेपी ने दस वर्षों में देश को तेज गति से विकास दिया है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जगमोहन आनंद, संजय बठला, सरपंच रणजीत, हरपाल कलामपुरा, मेहर सिंह कलामपुरा व राजेन्द्र आर्य दादुपुर सहित अन्य मौजूद रहे।

# आजाद उम्मीदवार राजेन्द्र आर्य दादुपुर भाजपा में शामिल

**दामन थामा**

▶▶ भाजपा में शामिल होने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राजेन्द्र आर्य दादुपुर का स्वागत किया।



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारतीय जनता** पार्टी का जनाधार दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में किसान नेता व संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य और करनाल से आजाद चुनाव लड़ रहे राजेन्द्र आर्य दादुपुर भाजपा में शामिल हो गए और भाजपा को अपना समर्थन दिया। भाजपा में शामिल होने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राजेन्द्र आर्य दादुपुर का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा किसानों के बारे में सोचा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की भलाई के लिए अनेकों योजनाएं चलाइ, जिसका आज पूरे देश के किसानों को लाभ पहुंच रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, भाजपा के वरिष्ठ नेता जगमोहन आनंद व संजय बठला भी उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### फ्लिपकार्ट ग्रॉसरी ने दर्ज की 1.6 गुना की सालाना वृद्धि

**नोएडा।** भारत के स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपने किराना कारोबार में साल-दर-साल आधार पर 1.6 गुना वृद्धि दर्ज की। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि, देश भर के ग्राहकों को उचित कीमतों पर पूरी सुविधा के साथ रोजाना जरूरत की चीजों के व्यापक विकल्पों के साथ ऑनलाइन खरीदारी का सर्वश्रेष्ठ अनुभव उपलब्ध कराने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। फ्लिपकार्ट ग्रॉसरी यह पक्का करती है कि लोगों को ताजी चीजें किफायती कीमतों पर मिलें। अपने विस्तार को गति देते हुए फ्लिपकार्ट



बेंगलुरू, चेन्नई, कोलकाता, मुंबई और नई दिल्ली जैसे मेट्रो शहरों में अपनी पहुंच बढ़ाने के साथ-साथ पूरे भारत में टियर 2 शहरों में भी अपनी पहुंच का विस्तार कर रही है। पर्यावरण को बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत फ्लिपकार्ट फिलहाल किराने की 50 फीसदी से ज्यादा डिलिवरी ईवी की मदद से की जा रही है और इस दिशा में फ्लिपकार्ट साल-दर-साल आधार पर 140 फीसदी की वृद्धि कर रही है। हरि कुमार जी, वाइस प्रेसिडेंट, हेड ऑफ ग्रॉसरी, फ्लिपकार्ट ने कहा, ग्रॉसरी की कैटेगरी में फ्लिपकार्ट की वृद्धि, इनोवेशन को बढ़ावा देने और उभरती हुई कैटेगरी को ग्राहक केंद्रित बनाने के साथ-साथ ग्राहकों को हर दिन के किराने के सामान की जरूरतों को उचित कीमत पर उपलब्ध कराने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का पता चलता है। चूंकि हम अपना विस्तार कर रहे हैं और सेवाओं को बेहतर बना रहे हैं, ऐसे में हम पूरे भारत में लाखों ग्राहकों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रति समर्पित बने रहेंगे।

### एईएसएल के श्री परमेश्वर झा ने पानीपत में अभिनंदन सत्र का आयोजन किया

**पानीपत।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) द्वारा पानीपत शाखा के छात्रों और अभिभावकों के लिए पानीपत में एक प्रेरक सत्र आयोजित किया गया था। प्रेरक सत्र में 1000 से अधिक छात्रों और अभिभावकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के वक्ता आकाश




एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर,नार्थ, श्री परमेश्वर झा थे, जिन्होंने छात्रों को एक उत्साहवर्धक और प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने इस बात पर भी चर्चा की कि छात्र को अपनी तैयारी के प्रति कितना प्रतिबद्ध होना चाहिए और कैसे रचनात्मक परिवर्तन किसी को उज्जवल और अधिक सफल बना सकते हैं इस कार्यक्रम में एम्स, आईआईटी आदि जैसे सबसे प्रतिष्ठित कॉलेजों से मेडिकल और इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने वाले 50 से अधिक आकाशियन पूर्व छात्रों,विद्यार्थियों के अभिभावकों को सम्मानित किया गया। श्री झा ने छात्रों को एनईईटी और आईआईटी जेईई को क्रैक करने के तरीके के बारे में भी प्रेरित और मार्गदर्शन किया और कैसे उचित मार्गदर्शन, मार्गदर्शन, स्व-अध्ययन और माता-पिता, शिक्षकों और अंततः भगवान के आशीर्वाद से कोई अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

उन्होंने एक महत्वपूर्ण बिंदु पर भी प्रकाश डाला कि टॉपर्स और सफल छात्र दूरदराज के स्थानों और स्थानों से भी आ सकते हैं और बड़े शहरों में जाना जरूरी नहीं है।

इस कार्यक्रम ने छात्रों को सकारात्मक दिमाग से प्रेरित होने और मेडिकल/इंजीनियरिंग क्षेत्र में अपने महत्वाकांक्षी करियर के सपनों को पूरा करने में उनकी तीव्रता में सुधार करने में मदद की। माता-पिता और छात्रों ने अपनी संतुष्टि और खुशी व्यक्त की और उन्हें सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने और इंजीनियरिंग और मेडिकल क्षेत्रों में उनके सपनों को हासिल करने में मदद करने के लिए आकाश इंस्टीट्यूट की टीम और प्रणाली को धन्यवाद दिया।

# 25 मई को भाजपा को जिताकर मोदी को मजबूत प्रधानमंत्री बनाएं: मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल लोकसभा** सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को करनाल, नीलोखेड़ी और घरौंडा क्षेत्र में जनसंपर्क यात्रा निकाली और रोड शो किया। भीषण गर्मी और तबीयत खराब होने के बावजूद मनोहर लाल वोट मांगने लोगों के बीच पहुंचे। मनोहर ने इस दौरान जहां पूर्व की कांग्रेस सरकार पर हमला बोला, वहीं प्रदेश की भाजपा सरकार के काम गिनवाए और आने वाली 25 मई को भाजपा के समर्थन में भारी संख्या में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश और केंद्र में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने लोगों के



विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। हमने युवाओं को बिना खर्ची, बिना पर्ची के नौकरी दी। प्रदेश से भ्रष्टाचार खत्म करने का काम किया है। कांग्रेस सरकार के समय में कानून व्यवस्था का दिवाला पिटा पड़ा था। हर कोई उनके कारनामों से त्रस्त था, लेकिन भाजपा सरकार के आते ही कानून व्यवस्था में सुधार हुआ, लोगों का विकास हुआ। मनोहर ने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं और किसानों की जिंदगी बदल दी। प्रदेश में हर तरफ समान विकास हुआ है। केंद्र में मोदी सरकार ने भी देश का विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। किसानों, युवाओं, महिलाओं, जवानों और बुजुर्गों को पूरा मान सम्मान दिया है। आगे भी सभी के विकास के लिए योजना, लेकर आएंगे। प्रधानमंत्री लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इसलिए मैं सभी प्रदेशवासियों से आह्वान करता हूं कि 25 मई को नरेंद्र मोदी और ज्यादा ताकतवर प्रधानमंत्री बनाना है।

**सभी 11 सीटों पर कमल खिलाएं**

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश की सभी 11 सीटों (एक विधानसभा और 10 लोकसभा) पर कमल का फूल खिलाकर, अबकि बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने में हरियाणा अपना पूरा योगदान दें। चुनाव प्रचार अभियान के दौरान मैं जहां-जहां भी गया। वहां भारी भीड़ को देखते हुए मैं दावे के साथ कहता हूं कि इस बार प्रदेश की जनता ने भाजपा को भारी मतों से जीत दिलाने का मन बना लिया है।

**जनसभाओं में उमड़ी भारी भीड़**

भीषण गर्मी के बीच मनोहर की जनसभा में भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने जनसंपर्क यात्रा के दौरान मनोहर का जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया। लोगों ने फूल मालाओं और पगड़ी पहनाकर पूर्व सीएम का स्वागत किया और भाजपा के पक्ष में मतदान करने का संकल्प लिया। कई स्थानों पर पूर्व सीएम को लड्डुओं से भी तौला गया।

46 डिग्री तापमान के बीच भी मनोहर को सुनने के लिए जनसभा और रोड शो के दौरान लोग डटे रहे। इस दौरान मनोहर ने कहा कि मैं सबको मोदी की राम राम, सीएम नायब सैनी और मनोहर की राम राम देने आया हूं। यह कोई साधारण चुनाव नहीं है। यह चुनाव देश की दशा और दिशा तय करेगा।

**यहां-यहां किया जनसंपर्क**

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को सुबह ही जनसंपर्क यात्रा शुरू की। इस दौरान उन्होंने करनाल में अनिल गांधी, पुरानी सब्जी मंडी में अनूप भारद्वाज, कलामपुरा में सरपंच रणजीत सिंह, डबरी में सरदार बलविंदर सिंह, रतनगढ़ में सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण, मेहता फार्म हाउस में मेहर सिंह, पूरण चंद, करनाल में रजत शर्मा, कृष्ण कुमार सैनी, सुभाष सैनी एडवोकेट और डॉ राजबीर सिंह डागर द्वारा आयोजित जनसभाओं में शिरकत की और भाजपा को वोट देने की अपील की।

# बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों की तरफ ध्यान देना चाहिए: सुरजीत

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। स्पोर्टस क्लब** के मैदान में अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में करीब 10 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला एस आर ग्रीन फिल्ड केयूके व क्रिकेट अकेडमी पानीपत के बीच खेला गया। एस.आर ग्रीन फिल्ड केयूके टीम ने पहले खेलते हुए 310 रन बनाए। बाद में उप विजेता टीम 152 रन पर आल आऊट 26 ओवर में हो गई। समाजसेवी सुरजीत धनखड़ ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। धनखड़ ने विजेता प्रतिभागी टीमों को पुरस्कार वितरित कर उनका हौसल्ला बढ़ाया।



सुरजीत धनखड़ ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलो की तरफ भी ध्यान देना चाहिए। खेलो से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है।

इस मौके पर राजेश कौशिक, संदीप कोच, पुष्पेन्द्र शुटिंग कोच के अलावा अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल का भव्य रोड शो आज

**पानीपत, कमाल हुसैन**

**हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री** और करनाल लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल आज पानीपत शहर के बीच मुख्य बाजार में भव्य रोड शो निकालेंगे यह रोड शो गुरुद्वारा श्री पहली पातशाही से शुरू होकर चौड़ा बाजार होते हुए देवी मंदिर में संपन्न होगा और इस रोड शो में शहर की विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाएं भी भाग लेंगी रोड शो के दौरान पुष्प वर्षा कर कार्यक्रम में चार चाँद लगाए जाएँगे यह जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों कीई बैठक को संबोधित करते हुए दी उन्होंने कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र के लोगों के लिए सौभाग्य की बात है कि दूरदर्शी सोच वाले संत स्वभाव



के मनोहर लाल प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में है जिन्होंने साढ़े 9 साल के शासन के दौरान लगभग 1लाख 40 हजार नवयुवकों को बिना खर्ची पर्ची के प्रतिभा अनुसार छोटी बड़ी सभी प्रकार की सरकारी नौकरी दी है मनोहर सरकार ने सभी सरकारी कार्यालयों में सुशासन स्थापित कर जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ ऑनलाइन माध्यम से दिलवाया है` आज सभी युवाओं को जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आर्थिक प्रमाण पत्र और सभी प्रकार के अन्य प्रमाण पत्र अब पास के किसी भी अटल सेवा केंद्र पर जाकर बनवाए जा सकते हैं उन्होंने सभी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से अनुरोध किया कि 25 मई ज्यादा दूर नहीं है इसलिए घर-घर जाकर प्रचार अभियान में तेजी लाते हुए बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख के साथ समन्वय बनाकर बूथ प्रबंधन को सुनिश्चित करें और अपने बूथ के परिवारों को रोड शो में शामिल होने के लिए आमंत्रित भी करें भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि मनोहर लाल का रोड शो जीटी रोड स्थित गुरुद्वारा श्री पहली पातशाही से दोपहर 2 बजे आरम्भ होगा और चौड़ा बाजार, इंसार चौक बाजार, सलारगंज गेट होते हुए प्राचीन सिद्ध श्री देवी मंदिर प्रांगण में संपन्न होगा` इस दौरान पानीपत की विभिन्न संस्थाएं पुष्प वर्षा कर लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल का स्वागत करेंगी।

# कसानों ने एसडीएम नगर को ज्ञापन सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः सूरजमुखी की** फसल का पंजीकरण कराने के लिए किसान नेता जय भगवान मालिक के नेतृत्व में किसानों ने एस डी एम डॉक्टर निर्मल नगर को ज्ञापन सौंपा । एसडीएम को दिए ज्ञापन में किसान नेता जय भगवान मालिक ने बताया कि किसानों की सूरजमुखी की फसल पककर तैयार हो गई है। किसान लगातार मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल का पंजीकरण करवाने जा रहे हैं। लेकिन किसानों की फसल का पंजीकरण ही नहीं हो रहा । उन्होंने कहा कि जब तक पंजीकरण नहीं होगा तब तक उनकी सूरजमुखी की फसल की बिक्री नहीं होगी। जिस कारण किसानों को अपनी फसल बेचने की



चिंता सता रही है । उन्होंने कहा कि वह पंजीकरण कराने के लिए कृषि विभाग के कार्यालय के भी चक्कर काट रहे हैं लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा । ज्ञापन में किसानों ने बताया कि अगर उनकी फसल का गन्नौर की अनाज मंडी में बिक्री के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं होता तो वह अपनी फसल को करनाल व कुरुक्षेत्र में भी बेचे जाने के लिए तैयार हैं लेकिन उनकी सूरजमुखी की फसल की बिक्री होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि खरीद एजेंसियां मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर सत्यापित ना होने के चलते खरीदने से इनकार कर देंगे इसलिए वह पहले ही अपनी समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं। उन्होंने अपने ज्ञापन में कहा कि सत्यापन करने का कार्य पटवारी का है, अगर विभागीय लापरवाही होती है तो इसके लिए किसानों को परेशान ना किया जाए।

**एसडीएम ने ज्ञापन के बाद दिए कृषि अधिकारी को समाधान के आदेश**

किसानों द्वारा सौपे गए ज्ञापन के बाद एसडीएम निर्मल नागर ने किसनो की समस्याओं के समाधान को लेकर खंड कृषि अधिकारी को फसल पंजीकरण से संबंधित समस्या के समाधान के आदेश दिए। एसडीएम ने कहां की वे किसानों की फसल का पंजीकरण जल्दी करवाए, अगर कोई दिक्कत आती है तो उसके समाधान के लिए अवगत करवाएं।

# बाल भवन इंटरनेशनल ने एकल नृत्य प्रतियोगिता में मारी बाजी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। प्रमोशन आफ** ट्रेड कल्चर एग्जीबिशन काउंसलिंग आफ इंडिया के द्वारा आर्किड स्कूल गुरुग्राम में आयोजित इंटर स्कूल एकल नृत्य प्रतियोगिता में बाल भवन स्कूल गन्नौर के प्रतिभागी ट्राफी अपने नाम करने में सफल रहे। छात्रों ने अलग अलग नृत्य प्रस्तुति दी और विभिन्न पुरस्कार जीते। इनमें दूसरी कक्षा की मानवी और दसवी कक्षा की छात्रा गहना ने प्रथम स्थान, सातवीं कक्षा की सव्या, दसवीं कक्षा की सिम्पी ने दूसरा स्थान, छठी कक्षा की छात्रा शान्या और अदिति, सातवीं की तविशा और दसवीं की जिया ने तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का गौरव बढ़ाया। बच्चों की इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य जय भारत गुप्ता और समंविका नेहा संधू ने बधाई दी।



# धमाके के बाद मलबे में दबकर जान गंवाने वाले तीन श्रमिकों की हुई पहचान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः कुंडली थाना क्षेत्र** के प्याऊ मनियारी-नरेला रोड स्थित दहिया कॉलोनी की श्री गणेश कत्था फैक्टरी में जोरदार धमाके के साथ बॉयलर फटने के बाद मलबे में दबकर दिल्ली में जान गंवाने वाले तीन अन्य श्रमिकों के शवों की पहचान हो गई है। पहचान के बाद पुलिस ने तीनों शवों का दिल्ली के लोकनायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतकों में दो बिहार तो एक उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी का रहने वाला था। मौके पर जान गंवाने वाले तीन अन्य के शव पहले ही परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। पुलिस अभी तक फैक्टरी मालिकों के बारे में सुराग नहीं लगा सकी है। जिससे श्रमिकों के परिजनों में पुलिस के खिलाफ रोष बढ़ने लगा है। बता दें कि प्याऊ मनियारी में नरेला रोड पर स्थित श्री गणेश इंटरप्राइजेज में कत्था बनाया जाता था। फैक्टरी में 15 मई रात को छह श्रमिक कार्यरत थे। रात करीब साढ़े 11 बजे तेज धमाके के साथ फैक्टरी में बॉयलर फट गया था। जिससे चार मंजिल के भवन में चलाई जा रही फैक्टरी का लेंटर गिर गया था। फैक्टरी में मलबे से मूलरूप से बिहार के जिला पश्चिमी चंपारण के बेतिया स्थित गांव अहीरोलिया के गुलाब कुर्मी (45) व बेतिया के गांव भीकमपुर निवासी ब्रजेश (27) का शव बरामद कर लिया गया था। वहीं बिहार के जिला मोतिहारी के गांव मठ लोहिया निवासी सुखदेव (45) का शव डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एनडीआरएफ) की टीम ने 20 घंटे बाद बरामद किया था। पुलिस ने मामले में सुखदेव पंडित के बेटे चंदन के बयान पर फैक्टरी मालिक सुरेश बंसल, सुशील बंसल और अक्षत गुप्ता, ठेकेदार संदीप और मैनेजर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। हादसे में घायल तीन अन्य श्रमिकों की दिल्ली के एलएनजेपी अस्पताल में मौत हो गई थी। शुरूआत में उनके पैतृक गांव के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी थी। पुलिस की जांच के बाद शवों की पहचान हो सकी। शव उत्तर प्रदेश के जिला लखीमपुर खीरी के गांव धरधनिया निवासी रमेश कुमार (47), बिहार के जिला पश्चिमी चंपारण के गांव बनौरा निवासी दिनेश पासवान (45) व प्रदीप (30) के थे। पुलिस ने मंगलवार को तीनों शवों का दिल्ली के एलएनजेपी अस्पताल में पोस्टमार्टम करा दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**सप्ताह बाद भी पुलिस नहीं लगा पाई फैक्टरी मालिकों का सुराग-**

सप्ताह भर पहले हुई घटना में पुलिस की जांच आगे नहीं बढ़ पा रही है। अभी तक पुलिस के पास आरोपितों के महज नाम ही हैं। उनके बारे में पुलिस पता लगाने का दावा ही कर रही है। वहीं फैक्टरी में कार्यरत सभी छह श्रमिकों की मौत हो चुकी है। ऐसे में श्रमिकों से भी मदद मिलने की उम्मीद खत्म हो चुकी है।

**एसडीएम ने जांच को रिकॉर्ड मंगवाया-**

उपायुक्त ने मामले की जांच एसडीएम सोनीपत को सौंपी है। उन्होंने जांच के लिए रिकॉर्ड तलब करना शुरू कर दिया है। इसके बाद मामले में गहनता से जांच कर ठोस कार्रवाई की जाएगी। मामले को लेकर गंभीरता से जांच की जा रही है। संबंधित थाना व प्रशासनिक अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की जा रही है। रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को सौंपा जायेगा। जांच के बाद विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# अपने सुख-दुख के साथी को सांसद बनाये: देवेन्द्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा( कुलदीप सिंह )**

**करनाल लोकसभा** क्षेत्र से जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी देवेन्द्र कादियान बुधवार को समालखा में धीमान समाज की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से उन्हें 36 बिरादरी का जन समर्थन मिल रहा है उनकी जीत पक्की है। उन्होंने समाज को भरोसा दिलाया कि अगर वह सांसद बने तो समालखा में बहुत ही सुन्दर धीमान धर्मशाला का निर्माण करवायेंगे। वहीं धीमान समाज सभा की ओर से प्रधान जय प्रकाश धीमान व सुभाष धीमान ने



समाज की तरफ से जेजेपी प्रत्याशी कादियान को जीत का आशीर्वाद देते हुए पगड़ी पहनाई। देवेन्द्र कादियान ने कहा कि पिछले 10 साल में भाजपा की टिकट पर बने सांसद अश्वनी चौपड़ा व संजय भाटिया लोगों की उम्मीद पर खरे नहीं उतरे। भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को लेकर लोगों में पहले ही गुस्सा है।

## ब्राज़ील में डेंगू के रिकॉर्ड 50 लाख से ज्यादा मामले

एजेंसी

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील में इस वर्ष अब तक डेंगू के रिकॉर्ड 50 लाख से अधिक मामले सामने आ चुके हैं और इस बीमारी से लगभग 3,000 लोगों की मौत हो चुकी है। यह जाकारी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। सबसे हालिया आंकड़ों के अनुसार, देश में डेंगू के 51,45,295 संभावित मामले दर्ज किए गए हैं और 2,899 मौतों की पुष्टि हुई है। इस वर्ष, ब्राजील अपने इतिहास में सबसे बड़े डेंगू के प्रकोप का सामना कर रहा है और इसका प्रकोप कुछ पड़ोसी देशों में भी फैल रहा है। मंत्रालय के अनुसार, इस वर्ष डेंगू के मामलों में वृद्धि के मुख्य कारकों में जलवायु परिवर्तन और डेंगू वायरस के कई सीरोटाइप का प्रसार शामिल है।



## डीआर कांगो में अंतर-सांप्रदायिक झड़पों में दर्जनों लोगों की मौतः संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र की मानवीय एजेंसी ने कहा कि डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में जमीन को लेकर अंतर-सांप्रदायिक झड़पों में इस महीने में अब तक दर्जनों लोग मारे जा चुके हैं।



मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने मंगलवार को कहा कि सहायताकर्मी पूर्वोत्तर प्रांत शोपो में घातक झड़पों में घायल और विस्थापित लोगों की मदद कर रहे हैं। ओसीएचए के अनुसार, फरवरी 2023 से अबतक त्शोपो की राजधानी किसानगनी में झड़पों में 740 नागरिक मारे गए हैं और 75,000 लोग विस्थापित हुए हैं।कार्यालय ने कहा कि ओसीएचए के नेतृत्व वाली मूल्यांकन टीम ने पाया कि विस्थापित लोगों के लिए भोजन, आश्रय और स्वास्थ्य देखभाल की सबसे अधिक आवश्यकता है। मानवीय एजेंसी ने सभी लोगों से हिंसा समाप्त करने, नागरिकों की रक्षा करने और देश में संघर्ष का स्थायी समाधान खोजने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

## दक्षिण ब्राजील में कठिन मौसम से मरने वालों की संख्या बढ़कर 161 हुई

**साओ पाउलो।** दक्षिण ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में पिछले कुछ घंटों में चार और शव प्राप्त होने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 161 हो गई है। यह जानकारी नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने मंगलवार को दी। 29 अप्रैल से रिकॉर्ड बारिश ने राज्य को तबाह कर दिया है, जिससे 464 शहरों में घातक बाढ़ और जमीन धंसने की घटनाएं हुई हैं और राजधानी पोर्टो एलेग्रे सहित शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में 22 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। पोर्टो एलेग्रे का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया गया है, इसलिए संघीय सरकार ने वाणिज्यिक उड़ानों के लिए उपयोग किए जाने वाले कैनोस वायु सेना के हवाई अड्डे को अधिकृत किया है। एजेंसी ने कहा कि आने वाले दिनों में मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि 85 लोग लापता हैं और 806 घायल हुए हैं। सुरक्षा बलों और बचावकर्मियों ने अर्जेंटीना और उरुग्वे की सीमा से लगे एक कृषि महाशक्ति और ब्राज़ील के सबसे दक्षिणी राज्य में लगभग 82,666 जीवित बचे लोगों को बचाया है।

## चीन में कोयला खदान में कार्बन डाई ऑक्साइड रिसाव से पांच लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के पूर्वोत्तर प्रांत हेइलोंगजियांग में एक कोयला खदान में तरल कार्बन डाई ऑक्साइट के रिसाव के कारण पांच लोगों की मौत हो गई। चाइना सेंट्रल टीवी ने मंगलवार को सूत्रों के हवाले से बताया कि यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार रात करीब 08:38 बजे हेगांग शहर के जिंगआन कोयला खदान में हुई, जिसमें नौ लोग फंस गए। बचावकर्मियों ने इनमें से चार लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह दुर्घटना तरल कार्बन डाइऑक्साइड के रिसाव के कारण हुई थी। घटना की विस्तृत जांच जारी है।



# निज्जर की हत्या के आरोपी तीन भारतीय कनाडाई अदालत में पेश

एजेंसी

**ओटावा।** खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोपी तीन भारतीय नागरिकों को पहली बार कनाडा की एक अदालत में पेश किया गया। न्यायाधीश ने उन्हें समुदाय के लोगों से संपर्क नहीं रखने का आदेश दिया। समाचार पत्र 'वैंकूवर सन' की एक खबर के अनुसार करण बराड़ (22), कमलप्रीत सिंह (22) और करणप्रीत सिंह (28) सरे में ब्रिटिश कोलंबिया प्रांतीय न्यायालय में प्रत्यक्ष रूप से पेश हुए। वहीं अमनदीप सिंह (22) वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालती कार्यवाही में पेश हुआ। खबर के अनुसार ब्रिटिश कोलंबिया के न्यायाधीश ने इन चारों को अदालत में इस पेशी के दौरान समुदाय के लोगों से संपर्क नहीं रखने का आदेश दिया। अदालत में पेशी के दौरान आरोपियों ने जेल की पोशाक पहनी हुई थी। चौथा आरोपी अमनदीप हथियार से जुड़े एक अन्य मामले में ओंटारियो में हिरासत में है। करण बराड़ के वकील रिचर्ड फॉलर ने 'वैंकूवर सन' से कहा, ''इस मामले से समुदाय को इतना सरोकार क्यों है यह पृष्ठभूमि को देखते हुए पूरी तरह से समझ में आता है। इसे देखकर मुझे लगता है कि जिन लोगों को अपराध के लिए आरोपित किया गया है उनकी निष्पक्ष सुनवाई हो..।''



सैकड़ों स्थानीय सिख खालिस्तान के झंडे और पोस्टर लेकर अदालत में पहुंचे। खालिस्तानी अलगाववादी निज्जर (45) की 18 जून 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गुरु नानक सिख गुरुद्वारे के बाहर हत्या कर दी गई थी।

# डीआर कांगो में तख्तापलट की नाकाम कोशिश के बाद होगा संसदीय नेतृत्व का चुनाव

एजेंसी

**किंशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में एक असफल लेकिन घातक तख्तापलट की कोशिश के दो दिन बाद, देश की संसद के निचले सदन - नेशनल असेंबली में नेतृत्व के लिए स्थगित चुनाव बुधवार को होगा।

दिसंबर 2023 में हुए आम चुनावों में, डीआरसी के राष्ट्रपति फेलिक्स त्सेसेकेदी को दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुना गया, क्योंकि त्सेसेकेदी के यूनियन ऑफ डेमोक्रेसी एंड सोशल प्रोग्रेस और उसके सहयोगी गठबंधन सेक्रेड यूनियन ऑफ द नेशन ने 500 सीटों वाली नेशनल असेंबली में अधिकांश सीटें जीतीं थी। हालांकि, राष्ट्रपति, पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे उपराष्ट्रपति सहित पदों से बने नेतृत्व ब्यूरो की कमी के कारण नेशनल असेंबली पंगु बनी हुई है।

उपप्रधान मंत्री वाइटल कामरे, जिनके आवास पर रविवार तड़के तख्तापलट के प्रयास में पुटचिस्टों के एक समूह ने छापा मारा था, रक्षा बलों द्वारा असफल कर दिया गया, राष्ट्रपति के लिए अकेले उम्मीदवार थे। श्री त्सेसेकेदी द्वारा संसदीय गठबंधन के 406 उप-निर्वाचितों के साथ चुनावी मुद्दों पर चर्चा के बाद 18 मई को होने वाला चुनाव स्थगित कर दिया गया था और श्री त्सेसेकेदी ने धमकी दी कि अगर कदाचार जारी रहा तो नेशनल असेंबली को भंग कर दिया जाएगा।



जनवरी में दूसरे कार्यकाल के लिए श्री त्सेसेकेदी के शपथ लेने के चार महीने बाद, मध्य अफ्रीकी राष्ट्र अभी भी एक नई सरकार बनाने में विफल रहा है। श्री त्सेसेकेदी ने अप्रैल की शुरुआत में जूडिथ सुमिनवा तुलुका को नए प्रधानमंत्री के रूप में नामित किया, जिन्हें पुटचिस्टों द्वारा भी निशाना बनाया गया था, लेकिन हमले को निरस्त कर दिया गया क्योंकि वे उनके निवास की पहचान नहीं कर सके। डीआरसी संविधान के अनुसार, नेशनल असेंबली द्वारा सुश्री तुलुका के राष्ट्रीय कार्यक्रम को पूर्ण बहुमत से मंजूरी प्रदान किए जाने के बाद नयी सरकार कार्यभार संभाल सकती है।

# आईएस से जुड़े अपने चार नागरिकों की श्रीलंका ने शुरू की जांच, भारत में किया गया था गिरफ्तार

एजेंसी

**कोलंबो।** श्रीलंका ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट से संबंध रखने वाले अपने चार नागरिकों के बारे में सूचना हासिल करने के लिए एक जांच शुरू की है। मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। इन लोगों को भारत में गिरफ्तार किया गया था, जब वे आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के एक कथित मिशन पर थे।

गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) ने एक गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को चार श्रीलंकाई नागरिकों को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से हिरासत में लिया था। वे कोलंबो से चेन्नई पहुंचे थे। इन लोगों ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) के इशारे पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भारत की यात्रा की थी। वे आईएस के सदस्य हैं और उन्हें पाकिस्तान में रह रहे श्रीलंका के एक व्यक्ति ने कट्टरपंथी बनाया था।



'डेली मिरर' अखबार की खबर के अनुसार, श्रीलंका की खुफिया एजेंसी ने अपने भारतीय समकक्ष से और सूचना उपलब्ध कराने को कहा है ताकि संदिग्धों की पृष्ठभूमि सत्यापित और आईएस के साथ उनके संबंधों की जांच की जा सके। अखबार ने सूत्रों के हवाले से कहा कि श्रीलंका के अधिकारी सूचना मिलने पर आगे की कार्रवाई के लिए तुरंत जांच करेंगे। जन सुरक्षा मंत्री तिरान एलेस और पुलिस महानिरीक्षक देशबंधु तेनाकून ने कहा कि वे इन खबरों को गंभीरता से ले रहे हैं और घटनाक्रम की करीबी निगरानी कर रहे हैं।

गुजरात के पुलिस महानिदेशक विकास सहाय के अनुसार, आरोपी मोहम्मद नुसरत (35), मोहम्मद फारूक (35), मोहम्मद नाफरान (27) और मोहम्मद रासदीन (43) ने जांचकर्ताओं को बताया कि वे पूर्व में प्रतिबंधित संगठन नेशनल तौवीथ जमात से संबद्ध थे और पाकिस्तानी आका अबू बकर अल बगदादी के संपर्क में आने के बाद आईएस में शामिल हुए।

## तेहरान में लोगों ने दिवंगत राष्ट्रपति को अंतिम विदाई दी



एजेंसी

**तेहरान।** ईरान की राजधानी तेहरान में लोग मंगलवार को बड़ी संख्या में दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, दिवंगत विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन और अन्य लोगों के लिए आयोजित विदाई समारोह में शामिल हुए, जब उनके शवों को उत्तर-पश्चिमी शहर तबरेज़ से राजधानी स्थानांतरित किया गया। यह समारोह इमाम खुमैनी के मोसल्ला में हुआ। इससे पहले दिन में, उत्तर-पश्चिमी शहर तबरेज़ और मध्य प्रांत कोम में इसी तरह के समारोह आयोजित किए गए, जहां लोगों ने दिवंगतों को अपनी विदाई दी। राष्ट्रपति रईसी और उनके दल के लिए अंतिम संस्कार और स्मरणोत्सव समारोह बुधवार को तेहरान में आयोजित किया जाएगा। दिवंगत राष्ट्रपति के पार्थिव शरीर को इमाम रजा के पवित्र स्थल में दफनाया जाएगा। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने रईसी, अमीर-अब्दुल्लाहियान, पूर्वी अजरबैजान के गवर्नर मालेक रहमती, वरिष्ठ शिया धर्मगुरु मोहम्मद-अली अल-हसीम और अन्य की मौत की पुष्टि की।

# अमेरिकी बाल रोग विशेषज्ञों का दावा, एचआईवी पीड़ित महिलाएं करा सकती हैं स्तनपान

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के बाल रोग विशेषज्ञों के समूह ने आमूल-चूल नीतिगत बदलाव करते हुए कहा कि एचआईवी से संक्रमित महिलाएं अपने बच्चों को स्तनपान करा सकती हैं। बशर्ते उनके द्वारा ली जा रही दवा से एड्स का कारण बनने वाला विषाणु निष्प्रभावी हो गया है। अमेरिकी बाल रोग विशेषज्ञ अकादमी ने नयी रिपोर्ट में 1980 के दशक में एचआईवी महामारी के दौरान की गई अनुशंसा को बदल दिया है।

कोलोरोडो विश्वविद्यालय में बाल एचआईवी विशेषज्ञ और शोधपत्र की प्रमुख लेखिका डॉ.लीजा अबुओगी ने कहा कि यह स्वीकार किया गया है कि नियमित रूप से ली जाने वाली दवा स्तनपान के जरिये एचआईवी संक्रमण के प्रसार के खतरे को एक प्रतिशत से भी कम कर देती है। अबुओगी ने कहा, ''अब दवाएं इतनी अच्छी हैं, जच्चा एवं बच्चे के लिए इतनी लाभदायक हैं कि हम उस अवस्था में हैं जहां साझा निर्णय लेना महत्वपूर्ण है।



उन्होंने कहा कि एंटीरिट्रोवायरल थेरेपी के तौर पर जानी जाने वाली दवा स्तनपान के जरिये एचआईवी के प्रसारित होने के खतरे को पूरी तरह से खत्म नहीं करती और स्तनपान कराने से रोकना केवल वायरस का प्रसार होने से रोकने के अन्य तरीकों में से एक है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही अभिभावक को बच्चे को शुरुआती छह महीने तक केवल स्तनपान ही कराना चाहिए क्योंकि अनुसंधान इंगित करते हैं कि स्तनपान और बाहरी दूध अदल-बदल कर पिलाने से बच्चे की पाचन क्रिया प्रभावित होती है और एचआईवी संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

अबुओगी ने कहा कि अमेरिका में हर साल करीब पांच हजार एचआईवी संक्रमित महिलाएं बच्चे को जन्म देती हैं। इनमें से करीब सभी वायरस को निष्प्रभावी बनाने के लिए दवाएं लेती हैं। हालांकि, दवा रोकने की स्थिति में वायरस फिर से प्रभावी हो सकता है। एलिजाबेथ ग्लेसर पैड्रियाटिक एड्स फाउंडेशन में सलाहकार लिन मेफेनसन ने कहा कि एचआईवी की दवा से पहले करीब 30 प्रतिशत संक्रमण मां से उसके बच्चे को स्तनपान के जरिये होता था। उन्होंने बताया कि 1990 के दशक के शुरुआत में करीब दो हजार बच्चे मां से स्तनपान के जरिये संक्रमित होते थे और आज यह संख्या घटकर 30 प्रतिशत से कम रह गई है।

# सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार की महत्ता पर भारत, अन्य देशों के साथ बातचीत कर रहे हैं : अमेरिका

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि देश के राष्ट्रपति जो बाइडेन का प्रशासन सभी की धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा करने एवं उसके लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है और वह सभी धार्मिक समुदायों के सदस्यों के साथ समान व्यवहार की महत्ता को लेकर भारत समेत कई देशों के साथ बातचीत कर रहा है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने सोमवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हम सभी धार्मिक समुदायों के सदस्यों के साथ समान व्यवहार की महत्ता पर भारत समेत कई देशों के साथ बातचीत कर रहे हैं।'' 'न्यूयॉर्क टाइम्स' में हाल में प्रकाशित 'स्ट्रेंजर्स इन देयर ओन लैंड- बीइंग मुस्लिम इन मोदीज इंडिया' (अपने ही देश में अजनबी- मोदी के भारत में मुस्लिम होना) शीर्षक वाले एक लेख में आरोप लगाया गया है कि भारत में दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम समुदाय भय और अनिश्चितता के माहौल में अपने परिवारों और बच्चों का पालन-पोषण कर रहा है। मिलर इसी से जुड़े सवाल का जवाब दे रहे थे। मिलर से पूछा



गया, ''क्या आपने इस मामले पर भारतीय अधिकारियों से बातचीत की है।'' इसके जवाब में मिलर ने कहा, ''मैं निजी राजनयिक बातचीत के बारे में बात नहीं करूंगा लेकिन हम पूरी दुनिया में किसी भी धर्म या आस्था को मानने की स्वतंत्रता के अधिकार के सम्मान की रक्षा करने एवं उसे बढ़ावा देने के लिए गहनता से प्रतिबद्ध हैं।'' सप्ताहांत में प्रकाशित लेख में आरोप लगाया गया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पद संभालने के बाद से ''धर्मनिरपेक्ष ढांचे और मजबूत लोकतंत्र को कमजोर कर दिया है।''भारत पहले भी इस प्रकार के आरोपों को खारिज करता रहा है। उसका कहना है कि ये आरोप देश के बारे में ''गलत सूचना एवं त्रुटिपूर्ण समझ'' पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उन्होंने अल्पसंख्यकों के खिलाफ कभी एक शब्द भी नहीं कहा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केवल आज ही नहीं, बल्कि कभी भी अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं रही। प्रधानमंत्री ने हालांकि स्पष्ट किया कि वह किसी को भी ''खास नागरिक'' (स्पेशल सिटीजन) के तौर पर स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। मोदी ने रविवार रात 'पीटीआई वीडियो' के साथ साक्षात्कार में ये बातें कहीं। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री के चुनावी भाषण समाज को बांटने वाले और ध्रुवीकरण करने वाले हैं। इन आरोपों के बीच मोदी की यह टिप्पणी अल्पसंख्यकों को लेकर उनका अब तक का सबसे स्पष्ट बयान है।

# अमेरिका ने बांग्लादेश के पूर्व सेना प्रमुख जनरल अजीज अहमद पर लगाए प्रतिबंध

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बांग्लादेश सेना के पूर्व प्रमुख अजीज अहमद पर भ्रष्टाचार में कथित संलिप्तता के कारण प्रतिबंध लगाते हुए कहा कि उनके कदमों ने बांग्लादेशी लोकतांत्रिक एवं सार्वजनिक संस्थाओं और प्रक्रियाओं में लोगों के भरोसे को कमजोर किया। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, ''अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश सेना के पूर्व प्रमुख अजीज अहमद पर बड़े भ्रष्टाचार में संलिप्तता के कारण प्रतिबंध लगाने की आज सार्वजनिक रूप से घोषणा की।'' मिलर ने कहा, ''उनके (अहमद के) कदमों ने बांग्लादेश के लोकतांत्रिक एवं सार्वजनिक संस्थानों और प्रक्रियाओं में जनता के विश्वास को कम करने में योगदान दिया है।'' उन्होंने कहा कि अजीज अहमद ने बांग्लादेश में आपराधिक गतिविधियों के लिए जवाबदेही से बचने में अपने भाई की मदद करने के लिए सार्वजनिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप करके बड़ा भ्रष्टाचार किया। मिलर ने कहा कि अजीज ने अपने भाई के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने के लिए भी काम किया कि सैन्य अनुबंध अनुचित तरीके से दिए जाएं और वे अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए सरकारी नियुक्तियों के बदले में रिश्वत ले सकें।

उन्होंने कहा, ''यह प्रतिबंध बांग्लादेश में लोकतांत्रिक संस्थानों एवं कानून के शासन को मजबूत करने की अमेरिकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। अमेरिका सरकारी सेवाओं को अधिक पारदर्शी एवं किफायती बनाने, व्यापार एवं नियामक संबंधी माहौल में सुधार करने और



धनशोधन एवं अन्य वित्तीय अपराधों की जांच करने एवं उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए क्षमता निर्माण में सहायता करके बांग्लादेश में भ्रष्टाचार विरोधी प्रयासों का समर्थन करता है।''

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने रूस समर्थित प्रस्ताव को खारिज किया

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र।** अंतरिक्ष में हथियार भेजने की होड़ पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने वाला रूस का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र (संरा) सुरक्षा परिषद ने खारिज कर दिया। सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पर बहस के दौरान अमेरिका ने कहा कि रूस ने पिछले सप्ताह एक उपग्रह प्रक्षेपित किया था जो अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती का हिस्सा हो सकता है। सुरक्षा परिषद के सदस्य देश भविष्य में संभावित इस वैश्विक चलन की निंदा कर रहे हैं लेकिन इसके खिलाफ कदम उठाने में विफल साबित हुए हैं। पिछले महीने रूस के प्रतिद्वंदी देश अमेरिका और जापान ने सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव रखा था जो खारिज हो गया था। अमेरिका और जापान द्वारा रखे प्रस्ताव में अलग-अलग प्रकार के हथियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भारी तबाही का कारण बन सकते हैं। वहीं



रूस के प्रस्ताव में सभी प्रकार के हथियारों पर चर्चा की गयी। अमेरिका और उसके सहयोगियों का कहना है कि 15 सदस्यीय परिषद में जिस प्रस्ताव पर चर्चा हुई उसका मकसद सिर्फ और सिर्फ रूस की अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती की वास्तविक मंशा से विश्व का ध्यान भटकाना है।

अमेरिकी उपराजदूत रॉबर्ट वुड ने परिषद को बताया, आज हमारे सामने रखा गया प्रस्ताव और कुछ नहीं बल्कि रूस की ध्यान भटकाने की पराकाष्ठा है। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने इस तथ्य को खारिज किया कि उनका देश दुनिया को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव पर मतदान हमारे पश्चिमी सहयोगियों के लिए सच सामने लाने वाला एक महत्वपूर्ण क्षण है। चीन और अन्य देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया था।

नेबेंजिया ने कहा, अगर वे इस प्रस्ताव का समर्थन नहीं करते हैं तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि उनका मुख्य मकसद खुद को बाहरी अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती के संबंध में आजाद रखने का है। हर राष्ट्र कहता है कि वे हथियारों को अंतरिक्ष से दूर रखना चाहते हैं और परिषद के सदस्य देशों ने भी इसे दोहराया है। लेकिन जब बात मतदान की आती है तो परिषद रूस और अमेरिका के प्रस्तावों पर दो भागों में बंट गया और स्विट्जरलैंड मतदान प्रक्रिया से नदारद रहा। यह प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र के नियमों के तहत गिर गया क्योंकि उसे जरूरी नौ मत नहीं प्राप्त हुए।

## सिंगापुर विमान में गंभीर झटकों के कारण एक व्यक्ति की मौत

**सिंगापुर।** सिंगापुर एयरलाइंस के लंदन (हीथ्रो) से सिंगापुर जा रहे एक विमान में गंभीर झटकों के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गयी एवं कई अन्य घायल हो गए। सिंगापुर एयरलाइंस ने एक बयान में कहा कि विमान एसक्यू321 ने गत 20 मई को लंदन से उड़ान भरी थी को रास्ते में गंभीर झटकों का सामना करना पड़ा और उसे बैंकॉक की ओर मोड़ दिया गया जहां विमान स्थानीय समयानुसार 15:45 बजे सुरक्षित रूप से उतर गया।

## फिलीपींस में सेसना विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त, दो लोग घायल

**मनीला।** फिलीपींस में मनीला के उत्तर में ला यूनियन प्रांत के जलक्षेत्र में मंगलवार को सेसना 172 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार दो लोग घायल हो गये। देश के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएपी) ने यह जानकारी दी। प्राधिकरण ने बताया कि प्रशिक्षण विमान सैन फर्नांडो हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उड़ान प्रशिक्षक और छात्र पायलट को मामूली चोटें आईं और उन्हें बचा लिया गया।

# डिजिटल विभाजन पाटने के लिए मिलकर काम कर रहे भारत-अमेरिका

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' की एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि भारत और अमेरिका पश्चिम एवं ग्लोबल साउथ के बीच डिजिटल विभाजन को पाटने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं और दोनों देश कृत्रिम मेधा (एआई) के ''जिम्मेदाराना एवं सुरक्षित'' उपयोग के खाके को आकार देने में मदद कर रहे हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में 'व्हाइट हाउस' की अधिकारी रहीं लीसा कर्टिस ने 'मोटवानी जड़ेजा भारत-अमेरिका वार्ता श्रृंखला' के तहत रणनीतिक तालमेलः भारत-अमेरिका प्रौद्योगिकी सहयोग'' विषय पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि दोनों देश साइबर सुरक्षा और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा में एआई के उपयोग को बढ़ावा देने के मामले में सहयोग कर रहे हैं।

कर्टिस ने कहा, ''हम पश्चिम एंव ग्लोबल साउथ के बीच डिजिटल विभाजन को पाटने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।'' उन्होंने 'हडसन इंस्टीट्यूट' थिंक-टैंक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा, ''मुझे लगता है कि पिछले साल विशेष रूप से डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर जी20 में भारत के नेतृत्व ने दिखाया कि वह इस प्रयास में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा, हम एक साथ मिलकर एआई के जिम्मेदाराना और सुरक्षित उपयोग के खाके को आकार देने में मदद कर रहे हैं। कर्टिस ने कहा, ''ऐसा इसलिए है क्योंकि हमारे दोनों देशों के साझा प्रौद्योगिकी मूल्य हैं जो नवाचार की संस्कृति पर जोर देते हैं। ये ऐसे भी नियम हैं जो मानव जीवन एवं मानव गरिमा और प्रगति को हमारे एआई अनुसंधान और विकास के केंद्र में रखते हैं।

उन्होंने साथ ही कहा कि यह कल्पना करना कठिन है कि रूस एवं भारत के करीबी रक्षा संबंध भविष्य में अमेरिका एवं भारत के रक्षा संबंधों को प्रभावित नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि भारत को भरोसा है कि वह रूस एवं अमेरिका के साथ अपने संबंधों को अलग-अलग रख सकता है और ऐसा 'फायरवॉल' लगा सकता है जो अमेरिकी प्रौद्योगिकी की सुरक्षा कर सकेगा।

कर्टिस ने कहा, ''लेकिन मुझे लगता है कि भारत अब भी रूसी मंचों पर बहुत अधिक निर्भर है तो ऐसे में अमेरिका अपने सुरक्षित नेटवर्क को भारतीय मंचों से जोड़ने और संवेदनशील रक्षा जानकारी साझा करने को लेकर सतर्क और अनिच्छुक रहेगा। 'अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच' के विक्रम सिंह ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच आधिकारिक स्तर पर बहुत गहरे संबंध हैं और 90 के दशक के अंत में भारतीय परमाणु परीक्षण के बाद संबंधों के सबसे निचले स्तर पर पहुंचने के बाद अब रिश्ते में सुधार हो रहा है। अमेरिका में भारत की उप राजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन ने कहा कि भारत और अमेरिका के रणनीतिक उद्देश्यों और साझा मूल्यों के मद्देनजर दोनों देश स्वाभाविक भागीदार हैं।

# शुरू से ही अपनी मनमानी कर रहे कैथल चुनाव आयोग के अधिकारी: अनुराग ढांडा

**प्रेसवार्ता**

**कुछ बैलेट बॉक्स पर सील लगी है, कुछ पर सील नहीं लगी है, ऐसा कैसे हो सकता है?: अनुराग ढांडा**




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने बुधवार को चंडीगढ़ में प्रेसवार्ता कर बैलेट पेपर चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हमारी तैयारी बीजेपी के खिलाफ चुनाव लड़ने की थी, लेकिन ऐसा लग रहा है कि एक तरफ आम आदमी पार्टी व आम आदमी खड़ा है और दूसरी तरफ बीजेपी व चुनाव आयोग खड़ा है। इस चुनाव में कैथल चुनाव आयोग के अधिकारी शुरू से ही अपनी मनमानी कर रहे हैं। लगता है यहां के निर्वाचन अधिकारी को सरकार के बड़े मंत्रियों की सह प्राप्त है। इसलिए उन पर कार्रवाई भी नहीं होती। चुनावी कार्यक्रम की अनुमति मांगने पर जो गालियां लिखी गई थी, उससे पूरी दुनिया में भारत की चुनावी प्रक्रिया को ठेस पहुंची है। जिससे पूरे देश की छवि खराब हुई है। लेकिन उसके बावजूद भी चुनाव आयोग के अधिकारियों ने कोई सबक नहीं लिया। उन्होंने कहा कि 85 साल से ऊपर और विकलांगों व्यक्तियों के वोट डलवाने के लिए जो बैलेट प्रक्रिया शुरू की गई है। उस बैलेट प्रक्रिया में जबरदस्त तरीके से धांधली चल रही थी। जिसमें बैलेट बॉक्स पर सील नहीं लगाई गई थी। जब आम आदमी पार्टी के नेता मास्टर सतबीर गोयत ने जो खुद भी 25 साल तक इलेक्शन ड्यूटी कर चुके हैं। उन्होंने जब उसको इंगित किया कि इस प्रक्रिया में किस तरह की कमियां हैं। तो चुनाव आयोग ने उन कमियों को दुरुस्त करने की बजाए मास्टर सतबीर गोयत पर ही एफआईआर दर्ज कर दी। इसका मतलब चुनाव आयोग के अधिकारी ऐसा माहौल बना रहे हैं कि यदि वोटिंग वाले दिन कहीं पर गड़बड़ हो भी रही हो तो लोगों को ये मैसेज देना चाहते हैं कि चुप रहिए नहीं तो एफआईआर कर देंगे। उन्होंने कहा कि कैथल चुनाव आयोग कार्यालय की तरफ से जो एफआईआर करवाई गई है वो झूठ का पुलिंदा है। क्या कैथल चुनाव आयोग के अधिकारी मतदान के दिन कोई बड़ी गड़बड़ करने की साजिश रच रहे हैं। क्या उससे पहले सुनियोजित तरीके से डर पैदा करने की कोशिश की जा रही है।

# ट्रैफिक पुलिस के खिलाफ ई रिक्शा चालकों ने किया प्रदर्शन

**विरोध प्रदर्शन**

**रिक्शा चालकों की कुछ अन्य मांगों पर भी विचार कर कोई समाधान निकालने का आश्वासन दिया गया।**



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

एम जी रोड मेट्रो स्टेशन के ई रिक्शा चालकों ने ट्रैफिक पुलिस की मनमानी एवम् ज्यादतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस के खिलाफ नारे बाजी भी की। उनका कहना है कि ट्रैफिक पुलिस डेली उनका हजारों रुपए का चालान काट रही है। ई रिक्शा चालकों ने इसकी जब सूचना प्रवासी एकता मंच के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह को दी तो उन्होंने आकर ई रिक्शा चालकों को आश्वस्त किया कि उनके साथ किसी भी तरह की पुलिस ज्यादती बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने तुरंत इस संबंध में ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों से बात की और ई रिक्शा चालकों के साथ हो रही पुलिस मनमानी से अवगत कराया। उसके बाद पुलिस अधिकारियों की टीम तुरंत एम जी रोड मेट्रो स्टेशन आकर सत्येंद्र सिंह एवम् ई रिक्शा चालकों से बात की और आश्वासन दिया कि बिना किसी वजह का ई रिक्शा का चालान नहीं काटा जाएगा। रिक्शा चालकों की कुछ अन्य मांगों पर भी विचार कर कोई समाधान निकालने का आश्वासन दिया गया।

# नवीन जिंदल की तरह झूठे वादे नहीं करूंगा, जो कहा, करके दिखाऊंगा: डॉ. सुशील गुप्ता

**गारंटी**

**अग्निवीर योजना को बंद कर युवाओं को राहत देने का काम करेंगे: डॉ. सुशील गुप्ता**



**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी डॉ सुशील गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर जनता को 10 गारंटी दी। उन्होंने कहा कि पूरे कुरुक्षेत्र में इंडिया गठबंधन को भरपूर समर्थन मिल रहा है। मैं गांव गांव घूम रहा हूं जहां जनसभाओं में पूरा का पूरा गांव आ रहा है। लोग बीजेपी से नफरत करने लगे हैं। क्योंकि बीजेपी ने जनता को सबसे ज्यादा दुख दिए हैं। बीजेपी ने महिलाओं की बेकद्री, किसानों पर जुल्म और युवाओं को सबसे ज्यादा बेरोजगारी दी है। आम जनता इन सबके खिलाफ वोट कर रही है। बीजेपी ने हार के डर से दो दो मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार किया और कांग्रेस के बैंक खाते सीज कर दिए।

उन्होंने कहा कि आज इंडिया गठबंधन ने गारंटी दी है। जिसमें बुढ़ापा पेंशन 6 हजार रुपए महीना, जो गरीबी रेखा से नीचे है उस घर की सबसे बड़ी महिला को 8500 रुपए महीना, बेरोजगार को स्किल ट्रेनिंग व 8500 हजार रुपए महीना, किसान को एमएसपी की गारंटी, 500 रुपए में गैस सिलेंडर, 300 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे, पूरे देश में अच्छे स्कूल और अस्पताल बनाएंगे, अग्निवीर योजना को बंद करेंगे, चीन से जमीन कब्जा मुक्त करेंगे, जीएसटी को पीएमएलए से बाहर करेंगे और 2 करोड़ नौकरी देंगे।

उन्होंने कहा मैं जनता के लिए बेहद महत्वपूर्ण घोषणा करता हूं कि ये डॉ. सुशील गुप्ता की भी गारंटी है जो पत्थर की लकीर है। मैं कभी नायब की तरह गायब और नवीन जिंदल की तरह गुम नहीं रहूंगा। 24 घंटे कुरुक्षेत्र की जनता के बीच रहूंगा और हर सुख दुख में शामिल रहूंगा। कुरुक्षेत्र के हर व्यक्ति के फोन में मेरा पर्सनल नंबर सेव होगा जो मुझे किसी भी इमरजेंसी में सीधा फोन कर सकता है। यह देश के इतिहास में शायद पहली बार होगा। हम कुरुक्षेत्र में एक कम्युनिटी बनायेंगे जो लोगों की मदद करे और कुरुक्षेत्र में बदलाव लाएंगे। यह कम्युनिटी एक टीम के रूप में काम करेगी जिसको मैं खुद सुपर विजन करूंगा। कुरुक्षेत्र को वर्ल्ड क्लास पर्यटन स्थल बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र के ऐसे सभी इलाकों को चिह्नित करेंगे, जहां सरकार को तुरंत प्रभाव से ध्यान देने की जरूरत है। चाहे वो टूटे हुए रोड हो, सफाई व्यवस्था हो चाहे रोजगार की दिक्कत हो। मेरा लक्ष्य कुरुक्षेत्र को वर्ल्ड क्लास बनाना है। सांसद बनते ही बिना देरी किए इस पर काम करूंगा। सबसे पहले मैं शुरुआत करूंगा कि युवाओं का नशा छूटे। आज पूरा कुरुक्षेत्र नशे में धंसता जा रहा है। नशे के कारोबारियों और नकली शराब बेचने वाले पर कार्रवाई होगी। कुरुक्षेत्र को नशा मुक्त किया जाएगा। युवाओं के लिए रोजगार का इंतजाम करेंगे। किसानों के लिए हम एक मंच तैयार करेंगे। इंडिया गठबंधन और अरविंद केजरीवाल ने किसानों को एमएसपी की गारंटी की बात की है। किसानों को और ताकत दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सोसायटी बनाकर किसानों को परंपरागत खेती के अलावा आधुनिक खेती के प्रति जागरूक किया जाएगा। कृषि पर आधारित उद्योग लगाने के लिए राज्य सरकार और केंद्र सरकार को

# हत्या करने के दोषी को उम्र कैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

एडीजे नेहा नोरिया की अदालत ने बुधवार को कुल्हाड़ी मार कर व्यक्ति की हत्या करने के जुर्म में दोषी को उम्र कैद की सजा सुनाई है।

इसके अलावा अदालत ने दोषी को 30 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार 29 नवंबर 2019 को जुलाना थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव शामलो कलां निवासी मनीष झगड़े में लगी चोटों के कारण अस्पताल में भर्ती है और उसकी मौत हो चुकी है। जिस सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर गांव शामलो कलां निवासी पवन के बयान लिए।

# साहित्यकार जयभगवान सैनी लघुकविता रत्न सम्मान से अलंकृत

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार :**

विभिन्न विधाओं में रचनाएं करके प्रसिद्धि हासिल करने वाले वरिष्ठ साहित्यकार जयभगवान सैनी को लघुकविता रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। सिरसा में आयोजित अखिल भारतीय लघुकविता सम्मेलन में यह सम्मान दिया गया। इस अवसर पर हरियाणा प्रादेशिक हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा संचालित हरियाणा प्रादेशिक लघुकविता मंच से जुड़े विभिन्न पदाधिकारी व सदस्यगण काफी संख्या में मौजूद रहे।



हिसार के बड़वाली ढाणी निवासी जयभगवान सैनी इससे पहले भी कई उपाधियों व पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं। उन्होंने गद्य व पद्य में कई पुस्तकों की रचना की है। औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग से प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त जयभगवान सैनी निरंतर साहित्य साधना में लगे हैं। उनकी 18 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। अमरनाथ यात्रा धाम एवं गंगा मैया, डगर-डगर नगर-नगर, रास्ते में रास्ते, वे सुनहरे पल और चलें धामों की ओर पांच यात्रा संस्मरण प्रकाशित हुए हैं। चार कविता संग्रह उम्मीदें, फलों का फल, सब्जीनामा व धरोहर की पाती और आठ लघुकविता संग्रह लुप्त-विलुप्त (हरियाणवी), मन की गंगोत्री, स्मृतिशेषः जयलाल दास, अतीत के झरोखे, प्रो. रूप देवगुण : अतीत की झलकियां, एक व अमराई मैं (हरियाणवी अनुवादित), मैंने पूछा, दिवस में दिवस और उमड़ती हरियाणवी यादें (आत्मकथा) पुस्तकें भी बाजार में आ चुकी हैं।

जयभगवान सैनी के साहित्यिक योगदान को देखते हुए कई राज्यों के राज्यपाल पत्र के माध्यम से इन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कर चुके हैं। कई सामाजिक व साहित्यिक संस्थाएं ने भी इन्हें सम्मानित करके हौसला बढ़ाया है।

देखा जाए, तो जभगवान सैनी की हिन्दी व हरियाणवी भाषा में समान रूप से पकड़ है और गद्य व पद्य शैली में उन्होंने अपनी लेखनी का लोहा मनवाया है। जयभगवान सैनी कहते हैं कि उन्होंने बड़ा संघर्षमय जीवन व्यतीत किया है। उसकी संघर्ष को विभिन्न माध्यमों से वे पुस्तकों में उकेर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक वे जीवित हैं तब तक साहित्य साधना करते रहेंगे।

# भाजपा सरकार ने जनता के हित में अनेक योजनाएं शुरू करके धरातल पर उतारा

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

हिसार से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने कहा है कि मतदान के दिन हमें यह बात अवश्य ध्यान रखना चाहिए कि हमें किसको चुनना है और किसको बाहर करना है। मतदान के दिन ऐसा दिन है, जब हम अपने मनपसंद उम्मीदवार को चुनकर लोकसभा में भेज सकते हैं। ऐसे में जनता को साफ छवि के नेता का चुनाव करना चाहिए, ताकि कोई गुंडागर्दी करने वाला व्यक्ति जनता के वोटों का नाजायज फायदा न उठा जाए। भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान बरवाला व उकलाना विधानसभा क्षेत्र के गांव खरकड़ा में जनसभा करके वोटों की अपील कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे सामने चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार के इतिहास से हर कोई वाकिफ है। उक्त उम्मीदवार की ग्रीन ब्रिगेड के चर्चे पूरे हरियाणा में रहे, गुंडागर्दी फैली और फिर केन्द्र सरकार को उस पर प्रतिबंध लगाना पड़ा। यही नहीं, गुंडागर्दी का आलम यह रहा कि हिसार के पटेल नगर में एक युवक को अपनी जान देकर इस गुंडागर्दी की कीमत चुकानी पड़ी। उन्होंने कहा कि विरोधी उम्मीदवार की आदत में सुधार कई वर्षों बाद भी नहीं हुआ। अपने विधायक काल में उक्त नेता पर न केवल गुंडागर्दी बल्कि डकैती के केस तक दर्ज हुए। उन्होंने कहा कि ऐसा व्यक्ति, जिसका इतिहास अपराध से भरा पड़ा हो, उसे क्षेत्र की जनता अपना सांसद कैसे चुन सकती है। रणजीत सिंह ने कहा कि चौटाला ने कहा कि भाजपा कार्यकाल में लोगों को योजना के तहत रहने के लिए मकान, इलाज के लिए आयुष्मान योजना सहित अनेक लाभकारी योजनाओं को शुरू किया गया, जिससे आमजन को काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार के समय में कानून व्यवस्था का दिवाला पिटा पड़ा था।

# पंजाबी कल्याण बोर्ड के गठन के साथ रिफ्यूजी कानून भी जरूरी: हरीश चन्द्र जाद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**



अखिल भारतीय पंजाबी जागृति मंच के राष्ट्रीय महासचिव हरीश चन्द्र आजाद ने कहा की हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष बत्तरा पूर्व ग्रहमंत्री हरियाणा ने कल कांग्रेस पार्टी व दिपेन्द्र हुडा के आगे पंजाबी कल्याण बोर्ड बनाने की माँग रखी जिसको दिपेन्द्र हुडा ने मानते हुए कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार बनते ही इस माँग को प्राथमिकता से पूरा किया जायेगा जिसका पंजाबी समाज स्वागत करता है लेकिन हरीश चन्द्र आजाद ने कहा कि यह माँग प्रदेश का मुद्दा है इसको प्रदेश चुनावों में उठाया जायेगा इसका लाभ लोकसभा चुनावों में किसी राजनितिक दल को नहीं मिलने वाला।

राष्ट्रीय महासचिव हरीश चन्द्र आजाद ने कहा कि पंजाबी समाज की विधानसभा चुनावों में तीन माँग होंगी पहली मुख्य माँग रिफ्यूजी कानून बनना चाहिये कि कोई भी व्यक्ति पंजाबी समाज को रिफ्यूजी कहेगा तो उस पर अपराधिक मामला चलना चाहिये, दूसरी माँग है कि पंजाबी समाज को संख्या के हिसाब से टिकटें चाहियें और तीसरी माँग है कि पंजाबी कल्याण बोर्ड का गठन होना चाहिये जिससे उन पंजाबियों को इंसाफ मिल सके जिनके पूर्वज 1947 के बंटवारे में अपना सब कुछ छोडकर यहाँ आ गये थे लेकिन न तो उन्हें जमीन मिली और न ही उचित रोजगार जिनके बच्चे आज भी इस दर्द को महसूस कर रहे हैं।

इसलिये जो राजनितिक पार्टी हमारी इन तीन माँगों को आने वाले विधानसभा चुनावों में अपने चुनावी घोषणा पत्र में रखेगी पंजाबी समाज उस पार्टी का खुलकर साथ देगा।

हरीश आजाद ने कहा कि हम फिर भी अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष बत्तरा जी द्वारा कांग्रेस के आगे रखी गई इस माँग का स्वागत करते और और कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दिपेन्द्र हुडा द्वारा इस माँग को प्रथमिकता देने की बात कहने का भी स्वागत करते हैं लेकिन इसका लाभ किसी भी पार्टी को विधानसभा चुनावों में मिलेगा क्योंकि लोकसभा चुनावों के प्रचार का प्रदेश में आज अंतिम दिन है और वोटर व पंजाबी समाज अपनी दिशा व दशा अपने-अपने हिसाब से तय कर चुका है।

# चुनाव आचार सहिता के दौरान जींद पुलिस की अवैध शराब तस्करों की धरपकड़ जारी

**जिला** पुलिस ने चुनाव आचार सहिता के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाए है। प्रत्येक गांव व शहर में नाजायज व अवैध शराब बेचने वालों पर पैनी नजर रखे हुए है जिस दौरान जिला पुलिस ने दो स्थानों पर छापामारी कर 3 आरोपियों को अवैध शराब सहित काबू किया है। जिनके कब्जे से 32 बोतल शराब बरामद की गई है।पकड़े गए आरोपीओ की पहचान अंकित वासी सिंघाना, नरेंद्र वासी जाजवान, कृष्ण वासी जाजवान के रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना सदर सफिदों की टीम अपराधों की रोकथाम के लिए गांव सिंघाना के पास मौजूद थी कि एएसआई सुरेश को गुप्त सूचना मिली कि अंकित वासी सिंघाना एक प्लास्टिक कट्टे में शराब बेचने के फिराक में है। जिस सूचना पर मौके पर जाकर देखा तो सिंघाना से छापर की तरफ से जाने वाली सड़क (टी पॉइंट) पर एक शख्स अपने कंधे पर प्लास्टिक के कट्टे के साथ दिखाई दिया जो पुलिस पार्टी को देखकर तेज कदमों से वापस गांव सिंघाना की तरफ जाने लगा तो पुलिस ने तत्परता से आरोपी को काबू कर लिया व उसके कट्टे को चेक किया तो उसमे 13 बोतल शराब ठेका देसी बरामद हुई जो आरोपी शराब बारे कोई लाइसेंस पेश नहीं कर सका।

# कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा को मिल रहा जनसमर्थन: खोवाल

**जनसमर्थन**

**- जनसभाओं में उमड़ने वाली भीड़ से स्पष्ट है कि कुमारी सैलजा जीत का रचेंगी इतिहास : खोवाल**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार :**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री और सिरसा लोकसभा सीट की प्रत्याशी कुमारी सैलजा की जनसभाओं में उमड़ी भीड़ से उत्साहित होकर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि बहन सैलजा को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कुमारी सैलजा इस लोकसभा चुनाव में प्रचंड मतों से जीतकर इतिहास रचेंगी। उन्होंने कहा कि कुमारी सैलजा की जहां भी जनसभा होती है, उस क्षेत्र के आसपास के गांवों के हजारों लोग बहन सैलजा के विचारों को सुनने के लिए उमड़ पड़ते हैं।

एडवोकेट खोवाल ने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने हमेशा सिद्धांतों की राजनीति करते हुए जनहित के कार्य किए हैं। कुमारी सैलजा की सोच व कार्यशैली देखकर जनता उनके साथ जुड़ी हुई। उन्होंने कहा कि तीन दशकों के राजनीतिक जीवन में सर्व समाज को साथ लेकर चलते हुए बहन सैलजा ने देश की राजनीति में सादगी, ईमानदारी व समर्पण की मिसाल कायम की है। इसलिए सिरसा लोकसभा क्षेत्र के निवासी उन्हें विजयी बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री कुमारी सैलजा गांव-गांव का दौरा कर रही हैं। हर क्षेत्र में उनका भव्य स्वागत किया जाता है और लोग उनसे मिलने के लिए उमड़ पड़ते हैं। खोवाल ने कहा कि जनता अब कांग्रेस पार्टी की नीतियों में विश्वास जता रही है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में जनहित की सभी योजनाओं व नीतियों को स्पष्ट कर दिया है।

# भाजपा सरकार से हर नागरिक बेहद दुखी और भाजपा से मुक्ति चाहता है: गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

- कांग्रेस पार्टी द्वारा इंडिया गठबंधन के हिसार लोकसभा प्रत्याशी भाई जयप्रकाश के समर्थन में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग के नेतृत्व में अनाज मंडी, सिरसा रोड, सिविल हॉस्पिटल, क्लॉथ मार्केट, बस अड्डा, गुरुद्वारा रोड, नागोरी गेट, आर्य समाज मार्केट, अग्रसेन चौक, काठमंडी पुल, फवारा चौक, कैंप चौक, डाबड़ा चौक, जिंदल चौक, जिंदल हॉस्पिटल रोड, तोशाम रोड आदि जगहों पर शहर में वोट देने की अपील करते हुए रोड शो निकाला। इस अवसर पर प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार से हर वर्ग का




कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग रोड शो के दौरान जनता से वोटों की अपील करते हुए।

नागरिक बेहद दुखी है और भाजपा सरकार से मुक्ति चाहता है। आज हरियाणा में जंगल राज कायम हो चुका है, अपराधी दिनदहाड़े दुकानों पर फायरिंग करके फिरौती व मंथली मांग रहे हैं और हर रोज 4-5 मर्डर हो रहे हैं। प्रदेश में ऐसा कोई दिन खाली नहीं जाता जिस दिन व्यापारियों के साथ लूटपाट, फिरौती, हत्या व अपहरण की वारदातें नहीं हो। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती है मगर भाजपा राज में बहन बेटियां तक सुरक्षित नहीं है। आज स्कूलों में मास्टर नहीं है और अस्पतालों में डॉक्टर नहीं है। सरकार हजारों सरकारी स्कूल मर्ज करने के नाम पर बंद करने का काम भाजपा सरकार ने किया है। सरकारी स्कूलों में बच्चों के बैठने की लिए बेंच व लड़कियों के लिए बॉथरूम तक नहीं है।

जनता के आशीर्वाद से हिसार लोकसभा से इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी भाई जयप्रकाश लाखों मतों से अपनी जीत दर्ज करेंगे। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा, नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन हनुमान ऐरन, पूर्व चेयरमैन बाल, जेपी ज्याणी, व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री राजेंद्र बंसल, सचिव निरंजन गोयल, पूर्व नगर पार्षद रेखा ऐरन, वैश्य समाज के जिला प्रधान अमर गुप्ता, अग्रवाल नेता संजय गर्ग सातरोडिया, जगदीश तायल, बजरंग असरावां, सत्य प्रकाश आर्य, युवा नेता सोनू लकेश, भरत सोनी, कृष्ण चौधरी, मनीष शर्मा, समाजसेवी अतुल सिंगल, हेमंत सोनी, सुशील जैन आदि वरिष्ठ नेता भारी संख्या में मौजूद थे।

# ओशो ध्यान उपवन में 23 मई को धूमधाम से मनाया जाएगा बुद्ध पूर्णिमा उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

ओशो ध्यान उपवन में 23 मई को बुद्ध पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। सिरसा रोड स्थित ध्यान उपवन में यह उत्सव सायं 5.30 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक जारी रहेगा। इसके उपरांत भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। बुद्ध पूर्णिमा उत्सव के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि वैशाख पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इस दिन को भगवान बुद्ध के जन्म, बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति और बुद्ध के निर्वाण से जोडकर देखा जाता है। इसलिए वैसाख पूर्णिमा को 23 जून को उत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने



बताया कि बुद्ध पूर्णिमा उत्सव के दौरान साधकों को ध्यान की सरल विधियों से रूबरू करवाते हुए जीवन का असली अर्थ समझाया जाएगा।

इसके साथ-साथ साधकों को महात्मा बुद्ध के जीवन दर्शन को समझने का भी अवसर मिलेगा।

स्वामी संजय ने बताया कि सतगुरु ओशो ने भी महात्मा बुद्ध के जीवन दर्शन को समझाते हुए मानव जीवन का मार्ग प्रशस्त किया है। संत ओशो ने अपने व्याख्यान व प्रवचन में हमेशा बताया है कि महात्मा बुद्ध कहते हैं कि सोचो, विचारो, विश्लेषण करो। खोजो और पाओ अपने अनुभव से फिर भरोसा करो। उन्होंने कहा है कि अपने दीये खुद बनो। बुद्ध ने जीवनचर्या को कठिन बनाने की अपेक्षा सुगम बनाने पर बल दिया है। स्वामी संजय ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा उत्सव के दौरान संचित किए गए संत ओशो के प्रवचन भी साधकों को सुनने का अवसर मिलेगा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 23 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## राज परिवार के विवाद में गहलोत की एंट्री

टीम एक्शन इंडिया

**भरतपुर:** उन्होंने कहा कि कल चामुंडा माता मंदिर पंचायत में भरतपुर पीसीसी सदस्य ने कहा पूर्व राज परिवार के विवाद के पीछे एक बड़े कांग्रेस नेता का हाथ है। पूर्व सांसद दिव्या सिंह ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत का नाम लेकर कहा कि उन्होंने दो ढाई साल तक खूब घी छिड़का है। गहलोत ने ही आग लगाने का काम किया है। कुंवर अनिरुद्ध सिंह ने कहा ये मामला एसडीएम कोर्ट में है। हम लोगों को अदालत पर पूरा भरोसा है। हमें कोई पंचायत जोड़ने की जरूरत नहीं है। दिव्या सिंह ने कहा 35 साल में हमने काफी पंचायत देखी है। उन्होंने कहा परिवार के खिलाफ तीन पंचायत हुई थीं जो कुंवर अरुण सिंह, पूर्व मंत्री कृष्ण कौर दीपा सिंह और रघुराज सिंह के खिलाफ थी। कुम्हेर स्थित मां चामुंडा पर इस विवाद को लेकर पंचायत हुई थी, जिसमें 51 लोगों की कमेटी बनाई गई। चाहे लोग 51,100 और 51 हजार लोगों की कमेटी बना लीजिए। हम लोगों को पंचायत से कोई फर्क नहीं पड़ता है। इसका असर एसडीएम कोर्ट पर नहीं पड़ेगा। हमें कोर्ट पर पूरा भरोसा है, जो भी फैसला होगा वह मान्य होगा। दिव्या सिंह ने कहा कि हमारे किसी खास व्यक्ति ने जानकारी दी कि हमारे कॉल रिकार्ड किए जा रहे हैं। मोती महल के बाहर जो नगर निगम एरिया है, उसका सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट सेंशन हुआ था, जिसे रोक दिया गया। हमें किसी काम की परमिशन चाहिए थी, वो भी रोक दी गई।

## कर सकते हैं पांचों बद्री धामों के भी दर्शन

टीम एक्शन इंडिया

**गोपेश्वर:** यदि आप स्कूलों में पड़ने वाले ग्रीष्म कालीन अवकाश के दिनों में बदरीनाथ धाम की यात्रा का मन बना रहे हैं तो उसके साथ इसी क्षेत्र में पड़ने वाले अन्य पंच बद्री धामों के भी दर्शन कर अभिभूत हो सकते हैं। भू-बैकुंठ श्री बदरीनाथ धाम की यात्रा निर्बाध रूप से जारी है। पिछले पांच दिनों से धाम में लगातार श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से चारधाम यात्रा मार्ग, बदरीनाथ में स्थित होटल व्यवसायी और अन्य कारोबारियों के चेहरे खिल उठे हैं। तीर्थयात्रियों की चहल पहल से पूरे यात्रा मार्ग पर रौनक बनी हुई है।

**चमोली में ही स्थित है पांचों बद्री धाम:** देवभूमि उत्तराखंड के जनपद चमोली में ही पंच बद्री धाम स्थित है। तीर्थयात्री बदरीनाथ के साथ चमोली में ही नारायण के अन्य चार बद्री धामों के भी दर्शन कर सकते हैं। पंच बद्री धामों में हर धाम का विशेष महत्व है। बदीनाथ आ रहे हैं तो नारायण के पांचों धामों के दर्शन कर पुण्य अर्जित करें।

# कांग्रेस-सपा ने अराजकता फैलाया: सीएम योगी

## समाजवादी पार्टी की रैलियों में रोज दिख रही भगदड़, मारपीट और अराजकता: सीएम

हमला बोला

▸▸ कांग्रेस व सपा ने ढूंढ-ढूंढकर दागी, के साथ गठबंधन कर अव्यवस्था-अराजकता का ठेका ले लिया है



टीम एक्शन इंडिया

**जौनपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस व सपा ने ढूंढ-ढूंढकर दागी, भ्रष्ट व परिवारी दलों के साथ गठबंधन कर देश में अव्यवस्था और अराजकता का ठेका ले लिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के पांच चरण संपन्न हो चुके हैं। पूरे देश में एक ही स्वर है-'फिर एक बार मोदी सरकार','अबकी पार-400 पार'। यह सुनते ही समाजवादी पार्टी की स्थिति बहुत बुरी हो जाती है। यह क्षेत्रीय पार्टी 60-62 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है। मध्य प्रदेश के खजुराहो में इनके प्रत्याशी ने नामांकन ही गलत भर दिया। कोई लड़ने के लिए नहीं मिला। जब सपा व कांग्रेस के लोग सत्ता के कोसों दूर हैं, तब भी अपने नेता का सम्मान नहीं कर पा रहे हैं। समाजवादी पार्टी में अभी रोज भगदड़, मारपीट, अराजकता व नूराकुश्ती दिख रही है। जब यह सत्ता में रहे होंगे तो कैसे उत्तर प्रदेश की जनता का खून चूसकर शोषण किया होगा, यह किसी से छिपा नहीं है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर में जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने बुधवार को पहली रैली में जौनपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह को चुनाव चिह्न कमल के फूल पर 25 मई को वोट देने की अपील की।

**रामभक्त भारत को ताकतवर तो रामद्रोही देश का विरोध कर रहे:** सीएम योगी ने कहा कि एक तरफ रामभक्त हैं, जो राम के लिए सर्वस्व न्योछावर करते हुए भारत को ताकतवर बनाना चाहते हैं, दूसरी तरफ रामद्रोही राम के साथ ही भारत का विरोध कर रहे हैं। यह कहते हैं कि पाकिस्तान को धमकी मत दीजिए, उसके पास एटम बम है।

### स्वतंत्र भारत में कोई नहीं देगा जजिया 'कर': योगी

सीएम ने कहा कि इंडी गठबंधन का घोषणा पत्र कहता है कि कांग्रेस सरकार आने पर पिछड़ी, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति का आरक्षण मुसलमानों को दे देंगे। यह लोग सत्ता में आने पर संपत्ति का सर्वे करवाएंगे और पूर्वजों से विरासत के रूप में आपको मिली संपत्ति पर टैक्स लगाकर आधी संपत्ति ले लेंगे, फिर पाकिस्तान-बांग्लादेशी से आए घुसपैठिये मुसलमानों को दे देंगे। इन्हें लूट मचाने और सेंधमारी की छूट नहीं देना है। यह विरासत टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। स्वतंत्र भारत में कोई भी जजिया कर नहीं देगा। शाहजहां ने अपनी जीवनी में लिखा है कि औरंगजेब जैसा कमबख्त पुत्र किसी का न हो। औरंगजेब का जजिया कर हिंदुओं पर लागू होता था। सपा-कांग्रेस के गठबंधन में घुसी औरंगजेब की आत्मा को बेनकाब करना है।

**अबकी बार-400 पार में हमें जौनपुर सीट भी चाहिए:** सीएम ने कहा कि कृपाशंकर सिंह ने सामान्य परिवार में जन्म लिया, लेकिन परिश्रम व पुरुषार्थ की बदौलत मुंबई में अलग पहचान बनाई है। अपील की कि 400 पार में हमें जौनपुर सीट भी चाहिए। 10-10 घरों में जाइए और संपर्क कीजिए। 25 मई को हर मतदाता को मतदान केंद्र ले जाकर कमल खिलाइए।

पानी-पहचान, विकास के लिए तरसाने और माफिया को संरक्षण देने वाले सपा की जमानत जब्त कराइए। जनसभा स्थल पर उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, खेल व युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद यादव, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह, विधायक रमेश चंद मिश्र, विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र भारद्वाज, सत्यपाल सिंह सैनी, पूर्व विधायक सुषमा पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह आदि की मौजूदगी रही।

दाने-दाने के लिए मोहताज पाकिस्तान की धमकी भारत जैसे उस बड़े देश को देते हैं, जो सबसे बड़ी उभरती अर्थव्यवस्था है।

## मास्टर और पीएचडी प्रोग्राम में शुरू की प्रवेश प्रक्रिया

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष प्रोफेसर टी.जी. सीताराम ने गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (क्यूआईपी) के तहत फुल टाइम मास्टर (एम.ई./एम.टेक.) और पीएच.डी. प्रोग्राम लांच किया। 2024-25 सत्र में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। लॉन्च के दौरान इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रो. सीताराम ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश भर के डिग्री और डिप्लोमा स्तर के संस्थानों में संकाय सदस्यों की विशेषज्ञता और क्षमताओं को बढ़ाना है। कार्यक्रम का कार्यान्वयन और निगरानी एआईसीटीई द्वारा किया जाता है। एआईसीटीई के अनुसार, क्यूआईपी के तहत केवल स्पांसर्ड टीचर ही मास्टर और डॉक्टरेट प्रोग्राम में प्रवेश के लिए पात्र हैं।

मास्टर डिग्री में प्रवेश के लिए आवेदकों को एआईसीटीई अप्रूव्ड पॉलिटेक्निक (डिप्लोमा) संस्थानों में फुल टाइम रेग्युलर या स्थायी शिक्षक होना चाहिए जिनके पास पॉलिटेक्निक स्तर पर कम से कम एक वर्ष का शिक्षण अनुभव और उपयुक्त ब्रांच में स्नातक डिग्री हो।

क्षमता

▸▸ देश भर के डिग्री और डिप्लोमा स्तर के संस्थानों में संकाय सदस्यों की विशेषज्ञता और क्षमताओं को बढ़ाना है

वहीं, इंजीनियरिंग व प्रबंधन में पीएचडी में प्रवेश के लिए आवेदकों को एआईसीटीई अप्रूव्ड डिग्री या डिप्लोमा स्तर के संस्थानों में फुल टाइम रेग्युलर या स्थायी शिक्षक होना चाहिए जिनके पास स्नातक स्तर पर कम से कम तीन साल का शिक्षण अनुभव और उपयुक्त ब्रांच में मास्टर डिग्री हो। पात्र शिक्षकों को पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। शॉर्टलिस्ट आवेदकों को टेस्ट/इंटरव्यू के लिए क्यूआईपी संस्थान/विभाग द्वारा ई-मेल से सूचित किया जाएगा।

## चिराग को हार की मुबारकबाद देता हूं: तेजस्वी

टीम एक्शन इंडिया

**पटना:** नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने भारतीय जनता पार्टी, पीएम नरेंद्र मोदी और चिराग पासवान पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी जब भी पटना आते हैं तो रात के अंधेरे में आ रहे हैं। रात के अंधेरे में कई कुछ खास लोगों को बुलाया जा रहा है। कुछ-कुछ खास निर्देश पीएम मोदी द्वारा दिया जा रहा है। यह लोग डर चुके हैं। आजकल टेलीपॉम्पटर से भी





पीएम मोदी बोलते हैं तो साफ नजर आता है कि वह थक चुके हैं और ना उम्मीद हो चुके हैं।

**चिराग को हार की मुबारकबाद देता हूं**

वहीं चिराग पासवान के सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि चिराग को सबसे पहले हार की मुबारकबाद देता हूं। हमलोगों के पास जो सूचना आई है, उसमें वह काफी अच्छे मार्जिन से चुनाव हार रहे हैं। उनके पास कोई मैनेजमेंट नहीं है।

निशाने पर

▸▸ पीएम जब भी पटना आते हैं तो रात के अंधेरे में आ रहे हैं। रात के अंधेरे में कुछ खास लोगों को बुलाया जा रहा

## दोनों शहजादे भाजपा को मात देंगे : सपा प्रमुख अखिलेश यादव

टीम एक्शन इंडिया

**आजमगढ़:** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को भाजपा पर जमकर हमला बोला। वह महंगाई, बेरोजगारी, जी-20, पेपर लीक से लेकर बीजेपी के चार सौ पार के नाम पर घेरते हुए दावा किया चार जून को जनता इन्हें 140 सीटों के लिए तरसा देगी। पीएम मोदी द्वारा शहजादे कहे जाने पर तंज कसते हुए कहा कि दोनों शहजादे मिलकर इतनी शह देंगे और जनता मात देगी की इनता पता नहीं लगेगा। वह उक्त बातें आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के बिलरियागंज स्थित बघेला के मैदान में आयोजित जनसभा में सपा व इंडी गठबंधन के प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

**आजमगढ़ की जनता रिकार्ड मतों से जितायेगी:** समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि वर्ष 2024 का जो यह चुनाव होने जा रहा है, आजमगढ़ के लोग न केवल जीताने जा रहे हैं, बल्कि इस बार जो यहां की जनता ने मन बनाया है कि यहां से रिकार्ड मतों से समाजवादी पार्टी जीतकर जायेगी।



वोट की अपील

▸▸ बीजेपी के चार सौ पार के नाम पर घेरते हुए दावा किया चार जून को जनता इन्हें 140 सीटों के लिए तरसा देगी

**चार सौ पार नहीं चार सौ हार :** भाजपा का बिना नाम लिए अखिलेश यादव ने कहा कि इधर न जाने क्या हो जाता है दूसरे लोगों को आजमगढ़ का नाम लेते ही उन्हें परेशानी हो जाती और इतनी परेशानी हो रही है कि आजकल उनके भाषणों की भाषा बदल गई। जो हमें और आपको चार सौ पार का नारा देकर डरा रहे थे वो अंदर ही अन्दर सोच रहे हैं कि अब तो जनता ने नारा ही बदल दिया। इस बार चार सौ पार नहीं चार सौ हार होने जा रही है।

## भाजपा एक अनुशासित पार्टी जो देश और राष्ट्रहित में काम कर रही : केशव

टीम एक्शन इंडिया

**प्रयागराज:** भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में बसपा सरकार के पूर्व मंत्री बाबूलाल भंवरा एवं सपा के मेयर प्रत्याशी रहे अजय श्रीवास्तव बुधवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है जो देशहित व राष्ट्रहित में काम करती है। डिप्टी सीएम ने कहा कि हम सबको एक अनुशासित सिपाही भारतीय जनता पार्टी के रूप में लगकर आगामी 25 मई को होने वाली प्रयागराज की दोनों लोकसभा सीटों पर हमें अपनी पूरी ताकत दिखानी होगी और प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलाना होगा, जिससे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताकत को हम और बढ़ा सकें। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए सभी नेताओं को भाजपा परिवार में आने की बधाई दी और उन्हें पार्टी हित में जुट जाने को कहा एवं चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, महापौर गणेश केसरवानी, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने पार्टी में शामिल हुए सभी नेताओं को भारतीय जनता पार्टी का अंगवस्त्रम पहनाकर और उन्हें मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल होने की बधाई दी



बहुमत पर जोर

▸▸ हमें अपने प्रयागराज की दोनों लोकसभा सीटों पर ताकत दिखानी होगी : केशव प्रसाद मौर्य

## बदरीनाथ मन्दिर: 50 मीटर के दायरे में रील्स बनाना पड़ा महंगा

टीम एक्शन इंडिया

**गोपेश्वर:** प्रदेश सरकार की ओर से चारधाम यात्रा के दौरान धामों के 50 मीटर के दायरे में वीडियोग्राफी और रील्स बनाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## जनता के पैसे से मिल रहा फ्री का राशन : मायावती

टीम एक्शन इंडिया

**सुलतानपुर:** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बुधवार को कहा कि पूर्व में केंद्र में रही कांग्रेस सरकार की तरह ही वर्तमान में भाजपा सरकार भेदभाव कर रही है। जनता को मिलने वाले फ्री राशन को भाजपा के लोग अपनी जेब से नहीं दे रहे हैं बल्कि जनता जो सरकार को टैक्स देती है उसी पैसे से राशन दिया जा रहा है। ये कोई मेहरबानी नहीं है। गोसाईगंज के मोतीगंज में बुधवार को अपने पार्टी उम्मीदवार के लिए चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जातिवादी, हीनवादी, सम्प्रदायवादी और पूंजीवादी सोच के चलते ही पूरे देश में खासकर दलित, गरीबों आदिवासियों, मुस्लिम आदि का विकास में उत्थान नहीं हो सका। पूरे देश में दलितों आदिवासियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों का सरकारी नौकरियों में बरसों से अधूरा पड़ा आरक्षण का कोटा भी अभी तक पूरा नहीं भरा गया है। विशेष कर एससी-एसटी का सरकारी नौकरियों में पदोन्नति में आरक्षण भी अब काफी हद तक प्रभाव विहीन ही बना दिया गया है। कांग्रेस-बीजेपी और इनकी सहयोगी पार्टियों को केंद्र की सत्ता में आने से जरूर रोकना है। मायावती ने अपने सम्बोधन में अल्पसंख्यक वोटों पर डोरा डालने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि हमने अंबेडकरनगर से मुस्लिम समाज के प्रत्याशी को उतारा।

## निवाई में 6276 लीटर कच्ची घानी सरसों का तेल किया सीज

टीम एक्शन इंडिया

**टोंक:** टोंक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक यादव, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने निवाई पहुंचकर कच्ची घानी सरसों का तेल 6276 लीटर किया सीज। गौरतलब है कि निवाई से झिलाय रोड स्थित महेंद्र इंडस्ट्रीज से जयपुर मुहाना अनाज मंडी में जयपुर फूड कमिश्नर टीम ने 6683 लीटर कच्ची घानी का सरसों का तेल सीज किया था। इसकी सूचना कमिश्नर ने तुरंत ही दूरभाष से जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अशोक यादव, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतनारायण गुर्जर को दी गई। खाद्य सुरक्षा टीम ने निवाई स्थित रणथंबोर ब्रांड कच्ची घाणी के तेल के सैंपल लिए। इस कार्रवाई से तेल व्यवसायों में हड़कंप मच गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा आमजन स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाएगा। सैंपल हमने ले लिए हैं लैब में जाने के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## छठवें चरण के लिए 23 मई की शाम थम जाएगा प्रचार

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** लोकसभा के छठवें चरण के चुनाव को लेकर गुरुवार (23 मई) की शाम छह बजे से प्रचार प्रसार थम जाएगा। छठवें चरण में 14 लोकसभा सीटों व 292-गैंसड़ी विधानसभा की एक सीट पर उपचुनाव के लिए 25 मई (शनिवार) को मतदान होना है। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बुधवार को बताया कि छठे चरण के इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 162 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें 146 पुरुष और 16 महिला उम्मीदवार हैं। वहीं, बलरामपुर जनपद की 292-गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार की शाम छह बजे से सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र और विधानसभा उप निर्वाचन के लिए भी चुनाव प्रचार प्रसार सम्बंधी समस्त गतिविधियों एवं अभियानों पर प्रतिबंध रहेगा। चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों में सभी राजनैतिक दलों के बाहरी कार्यकताओं व पदाधिकारियों की मौजूदगी पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में छठवें चरण में 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 25 मई (शनिवार) को मतदान होना है।



ठोक रहे ताल

▸▸ छठे चरण के इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 162 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं

## बीजेपी की विंध्य धरा पर इतिहास रचने की तैयारी



टीम एक्शन इंडिया

**मीरजापुर:** भाजपा का लक्ष्य 400 पार भेदने के साथ इस बार विंध्य धरा पर इतिहास रचने की तैयारी है। मीरजापुर संसदीय सीट पर लगातार दो बार से एनडीए का कब्जा है। अब एक बार फिर एनडीए मीरजापुर में रिकॉर्ड बनाने की कोशिश में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जगविख्यात मां विंध्यवासिनी धाम यानी मीरजापुर जनपद के सिटी ब्लॉक के बरकछा कला ग्रामसभा में 26 मई की सुबह नौ बजे जनसभा को सम्बोधित करेंगे। मीरजापुर लोकसभा सीट पर अंतिम यानी सातवें चरण में मतदान होना है। मीरजापुर से कुल 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। नामांकन के बाद अब चुनाव-प्रचार का शोर गूंजने वाला है। सभी दल चुनावी रणनीति के साथ मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में जुटे हैं। वहीं भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 मई को मीरजापुर के सिटी ब्लॉक के बरकछा कला ग्रामसभा में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। साथ ही सपा-बसपा-कांग्रेस समेत राजनैतिक दलों की नाकामियां उजागर करेंगे। दयाशंकर दयालु व रैली प्रभारी क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिम क्षेत्र सत्येन्द्र सिसोदिया ने प्रधानमंत्री की प्रस्तावित जनसभा को लेकर बरौंधा कचार स्थित भाजपा कार्यालय पर बुधवार को समीक्षा बैठक कर तैयारियों को धार दी। कहा कि पदाधिकारी और कार्यकर्ता जनसभा को सफल बनाने में जोर-शोर से जुट जाएं।

भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने बताया कि 26 मई को सुबह नौ बजे सिटी ब्लॉक अंतर्गत ग्रामसभा बरकछा कला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशाल जनसभा होगी।

गेमचंजर

▸▸ 26 मई को मीरजापुर आएंगे मोदी, सपा-बसपा-कांग्रेस समेत दलों की नाकामियों को करेंगे उजागर

इतिहास

कांग्रेस यहां अब तक हुए 17 चुनाव में 5 बार जीत चुकी है, वहीं भाजपा 3 बार, सपा 2 और बसपा 1 बार जीत का परचम फहरा चुकी है

## लोस चुनाव : डुमरियागंज में तीसरी बार खिलेगा कमल या सरपट भागेगी साइकिल!

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** डुमरियागंज लोकसभा सीट सिद्धार्थनगर जिले में आती है। भगवान बुद्ध के क्रीड़ास्थल और कपिलवस्तु में ननिहाल होने के कारण सिद्धार्थनगर जिला काफी अहमियत रखता है। इस जिले का नाम भी गौतम बुद्ध के बचपन के नाम 'सिद्धार्थ' के नाम पर रखा गया है। इस क्षेत्र का 'काला नमक' चावल पूरी दुनिया में मशहूर है। उप्र की संसदीय सीट संख्या 60 डुमरियागंज में छठे चरण के तहत 25 मई को मतदान होगा।

**डुमरियागंज संसदीय सीट का इतिहास**

इस सीट के सियासी इतिहास की बात करें, तो साल 1952 के पहले चुनाव में कांग्रेस ने यहां पर जीत दर्ज की थी। केशव देव मालवीय इस सीट पर सांसद बने थे। साल 1957 में डुमरियागंज को बस्ती-गोंडा लोकसभा क्षेत्र से अलग किया गया। इस साल हुए आम चुनाव में कांग्रेस के रामशंकर लाल ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद साल 1962 में जनसंघ के नारायण स्वरूप शर्मा ने कांग्रेस का विजयरथ रोक दिया और क्षेत्र से सांसद बने। अगले चुनाव में कांग्रेस ने फिर वापसी की और केशव देव मालवीय एक बार फिर संसद पहुंचे। साल 1977 के चुनाव में जनता पार्टी से माधव प्रसाद त्रिपाठी ने इस सीट पर बाजी मारी थी। 1980 और 84 का चुनाव कांग्रेस और 1989 में जनता दल के प्रत्याशी यहां से जीते। 1991 के चुनाव में इस सीट पर भाजपा का खाता खुला। रामपाल सिंह यहां से भाजपा के पहले सासंद बने थे। साल 1996 में सपा और 1998 व 1999 के चुनावमें भाजपा ने विजय पताका फहराई। 2004 में बसपा और 2009 में कांग्रेस को जीत हासिल हुई। 2014 और 2019 का चुनाव भाजपा की टिकट पर जगदम्बिका पाल ने जीता है। वो इस सीट एक बार कांग्रेस और बार भाजपा से लगातार चुनाव जीत कर हैट्रिक बना चुके हैं।



समीकरण

▸▸ उप्र की संसदीय सीट संख्या 60 डुमरियागंज में छठे चरण के तहत 25 मई को मतदान होगा

**पिछले दो चुनावों का हाल**

साल 2019 आम चुनाव में भाजपा उम्मीदवार जगदम्बिका पाल ने बसपा के आफताब आलम को 1 लाख 5 हजार 321 वोटों से हराया था। भाजपा उम्मीदवार को 492,253 (49.96%) वोट मिले थे, जबकि बसपा उम्मीदवार 385,932 (39.27%) वोट मिले थे। कांग्रेस के उम्मीदवार चन्द्रेश उर्फ चन्द्रेश कुमार उपाध्याय 60,549 (6.15%) वोट हासिल कर तीसरे स्थान पर रहे थे। ।

बात 2014 के चुनाव की कि जाए तो इस चुनाव में भाजपा के टिकट पर जगदम्बिका पाल मैदान में थे। उन्होंने चुनाव में बसपा प्रत्याशी मुहम्मद मुकीम को 1 लाख 3 हजार 588 मतों के अंतर से हराया था। पीस पार्टी के उम्मीदवार डॉ. अय्यूब तीसरे और कांग्रेस उम्मीदवार वंसुधरा तीसरे और चौथे स्थान पर रहे।